ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 17 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-332 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

देश में पीएम पद का फिक्स चेहरा ... पेज 10 पर

अवकाश की सूचना

राष्ट्रीय नवीन मेल के सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, हॉकरों एवं शुभचिंतकों को विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय 17 सितम्बर (रविवार) को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 19 सितम्बर (मंगलवार) को प्रकाशित होगा।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना आज होगी लॉन्च

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पूरे देश में रविवार को 70 स्थानों पर पीएम विश्वकर्मा योजना लांच होगा। साथ ही रांची और पूर्वी सिंहभूम में भी यह योजना को लॉन्च किया जाएगा। इससे लेकर कारीगर और विश्वकर्मा समाज में उत्साह का माहौल बना हुआ है। केंद्र सरकार की इस योजना से राज मिस्त्री, लोहार, धोबी, कुम्हार, फूलों का काम करने वाले, ताला चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार, मछली का जाल बुनने वाले आदि को लाभ मिलेगा। इस योजना की शुरूआत कारीगरों और श्रमिकों को प्रोत्साहन देने के लिए ही किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक शिल्प कौशल में कुशल व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। इसका प्राथमिक उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और कल्याण सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इस योजना के लागू होने के बाद देशभर में स्वरोजगार में वृद्धि होगी।

क्या है प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

पीएम विश्वकर्मा योजना को पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना और पीएम वीआईकेएएस के नाम से भी जाना जाता है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत देश के शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत लाभ पाने के लिए न्यूनतम आयु 18 साल होनी चाहिए। इसके लिए परिवार के एक ही सदस्य इस योजना का लाभ आवेदन करने वालों को स्वघोषणा पत्र भी देना होगा। इस योजना का जिक्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किया था। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को रियायती ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री कारोबार विकास लोन के अलावा, ईआरयूपीआई या ई-वाइचर के द्वारा टूसकिट, प्रोत्साहन के तौर पर 15 हजार रुपये दिए जाएंगे।इस योजना के दो चरण हैं। पहले चरण में एक लाख रुपये तक का लोन मिलेगा। इस पर ब्याज की दर अधिकतम पांच प्रतिशत होगी। दूसरे चरण में योग्य श्रमिकों को दो लाख रुपये का रियायती कर्ज दिया जाएगा।

विश्वकर्मा पूजा आज, तैयारी पूरी

NEWS इन ब्रीफ

'पलामू में मिला पहला डेंगू मरीज, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज'

मेदिनीननगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के कंकारी गांव निवासी मदन विश्वकर्मा डेंगू मछड़ के काटने की वजह से डेंगू बीमारी के चपेट में आ गया है। इसके बाद परिजनों के द्वारा मदन विश्वकर्मा को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं पलामू में डेंगू के पहला मरीज मिलने के बाद से स्वास्थ विभाग अलर्ट हो गया है। डेंगू पीड़ित मरीजों को रखने के लिए स्पेशल वार्ड बनाया गया है। जहां जानकार चिकित्सकों की देख-रेख में डेंगू मरीजों का इलाज होगा।

संदिग्ध हालात में फंदे से लटकता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

चतरा। शहर के लाइन मोहल्ला मल्लाह टोला निवासी शंकर निषाद के पुत्र बब्लू निषाद का शव किशनपुर के टोंगरी डुमरिया आहार के समीप स्थित एक जर्जर घर से पाया गया। युवक का शव संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे से लटका था। शव को देखकर हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर मामले की जांच में जुट गई है। बताते चलें कि इस घटना में शव को सबसे पहले शौच के लिए गए ग्रामीणों ने सुबह करीब आठ बजे देखा और इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक के परिजनों ने बताया कि बब्लू की हत्या की गई है और हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे फांसी के फंदे से लटका दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच करे और दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करे।

पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, एक की मौत, चार की हालत गंभीर

दुमका। जिले के नेशनल हाइवे 133 स्थित सरैयाहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरदाहा गांव के निकट शनिवार को एक अनियंत्रित कार के पेड़ से टकरा जाने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सरैयाहाट थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बाहर रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान मोजिम अंसारी निवासी हंसडीहा के रूप में हुई है। वह मोटर पार्ट्स का काम करता था। घायलों में लालू अंसारी ग्राम भोरिया, इजाद अंसारी ग्राम पिंडरा, सिदीक अंसारी हंसडीहा एवं हजीरन बीबी, हंसडीहा हैं। कार लालू चला रहा था। कार सवार हंसडीहा से बांका के कटोरिया किसी रिश्तेदार की लड़की की शादी के लिए तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

गुमला में चौकीदार हत्याकांड में शामिल नक्सली 20 साल बाद गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। चौकीदार हत्याकांड और अन्य कई नक्सली वारदातों में शामिल प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का पूर्व सदस्य सोमरा उरांव अंततः चैनपुर पुलिस के गिरफ्त में आ ही गया। वह पिछले 15-20 वर्षों से फरार था और दिल्ली में अपना ठिकाना बनाये हुए था। चैनपुर पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली कि पूर्व नक्सली सोमरा उरांव कुछ दिन पूर्व

अपना गांव रातु जामटोली आया हुआ है। चैनपुर पुलिस की टीम ने शनिवार की सुबह तिगावल मोड़ के पास घुम रहे पूर्व नक्सली सोमरा उरांव को धर दबोचा। इस संबंध में चैनपुर के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

तोरपा में वज्रपात से महिला की मौत

खूंटी। तोरपा थाना क्षेत्र के सुंदारी उरलू टोली में शनिवार को वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई। सुकरमनी देवी (60) खेत में धन की निकौनी कर रही थी। उसी दौरान हल्की बारिश के बाद आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। पति किष्टो महतो ने बताया कि खेत में धान की फसल में घास उग आई है। उसी की निकाई करने सुकरमनी गई थी। गांव के समाजसेवी गंझू प्रधान ने बताया कि सुकरमनी देवी की तीन बेटियां और एक बेटा है।

संसद के विशेष सत्र को लेकर झामुमो ने जतायी कड़ी आपत्ति

सीक्रेट 'राजनीतिक एजेंडा' को आगे बढ़ा रही सरकार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने पिछले साल दो बार विशेष विधानसभा सत्र बुलाया था, लेकिन पार्टी ने 18 से 22 सितंबर तक भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा बुलाए गए विशेष संसद सत्र पर कड़ी आपत्ति जताई है। जेएमएम के अनुसार, केंद्र सरकार 'इंडिया' गठबंधन की एकता से डरती है और विशेष संसद सत्र के बहाने सीक्रेट राजनीतिक एजेंडा को आगे बढ़ाना चाहती है। जेएमएम उन पार्टियों में से एक है जो शुरू से ही इंडिया घठबंधन को एकजुट करने में सक्रिय रही है। जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति के सक्रिय सदस्य भी हैं। उन्होंने विपक्षी गठबंधन की अब तक हुई सभी बैठकों में हिस्सा लिया है। उनके राजनीतिक रुख से साफ है कि संसद के विशेष सत्र को लेकर इंडिया ब्लॉक का जो भी साझा एजेंडा होगा, जेएमएम उसी के अनुरूप काम करेगा। झारखंड में गठबंधन सरकार का नेतृत्व भले ही जेएमएम कर रहा हो, लेकिन संसद में संख्या बल के लिहाज से उसका प्रतिनिधित्व उतना

नहीं है। लोकसभा में पार्टी के केवल एक सांसद हैं- विजय हांसदा, जो झारखंड में राजमहल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। राज्यसभा में जेएमएम के दो सांसद हैं- शिबू सोरेन और महुआ मांझी। शिबू सोरेन इन दिनों अस्वस्थ हैं और पार्टी अध्यक्ष होने के बावजूद संसद की बैठकों में उनकी उपस्थिति अक्सर नगण्य रहती है। महुआ मांझी की पहचान प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार के रूप में रही है। पिछले साल पहली बार संसद पहुंचने के बाद से वह कई बार सदन की चचाओं में हिस्सा ले चुकी हैं। उनका कहना है कि विशेष सत्र बुलाने के पीछे का तर्क स्पष्ट नहीं है।

जेएमएम के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी दलों की एकता से घबराए हुए हैं, जो कि इंडिया ब्लॉक की बैठकों से स्पष्ट है। यही कारण है कि उन्होंने (मोदी) पांच दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। भट्टाचार्य ने कहा कि विशेष सत्र आयोजित करने से पहले विपक्षी दलों को एक औपचारिक पत्र जारी किया जाता है, लेकिन इस बार उन्हें इसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली। उन्होंने कहा, क्या इस देश की विधायिका फेसबुक, ट्विटर और व्हाट्सएप पर जारी सूचनाओं से संचालित होगी? सरकार को ऐसे किसी भी फैसले की उचित सूचना देनी चाहिए। सत्र के एजेंडे की जानकारी भी देश की जनता को स्पष्ट रूप से देनी चाहिए ताकि विपक्षी दल भी पूरी तैयारी के साथ सत्र में भाग ले सकें। अभी तक यही लग रहा है कि इस सत्र को बुलाने के पीछे केंद्र का कोई छिपा हुआ एजेंडा है।" भट्टाचार्य ने आगे कहा, "देश के किस हिस्से में ऐसी आपदा आ गई कि संसद का विशेष सत्र बुलाना पड़ा? मणिपुर पिछले चार महीने से जल रहा है लेकिन सरकार ने विशेष सत्र नहीं बुलाया। सरकार विपक्ष के सवालों का जवाब देने से भाग रही है।"

झारखंड आईएसआईएस मॉडयूल केस - रतलाम से गिरफ्तार आतंकी एनआईए कोर्ट में पेश, भेजा गया जेल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमपी वर्मा की अदालत में शनिवार को मध्य प्रदेश के रतलाम जिले से गिरफ्तार आईएसआईएस के झारखंड मॉड्यूल से जुड़े संदिग्ध आतंकी राहुल सेन उर्फ उमर को पेश किया गया। अदालत ने राहुल को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। अब राहुल सेन उर्फ उमर को एनआईए रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसके लिए एनआईए ने अदालत में आवेदन भी दिया

है ।उल्लेखनीय है कि झारखंड में आतंकी संगठन आईएसआईएस की मॉड्यूल को लेकर एनआईए ने 14 सितंबर को कई राज्यों के नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान एनआईए ने मध्यप्रदेश के रतलाम से एक संदिग्ध राहुल सेन उर्फ उमर को गिरफ्तार किया था। इसके पास से लैपटॉप, पेन ड्राइव, मोबाइल फोन सहित आईएसआईएस से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किये गये थे।

फैज से लगातार संपर्क में था : राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए की रांची टीम ने मध्य प्रदेश के रतलाम से राहुल उर्फ उमर को खजूरी देवड़ा गांव से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि इस्लामिक स्टेट ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कमल भूषण के हत्यारे का आर्म्स लाइसेंस रद्द पुलिस ने जब्त किए राइफल व रिवाल्वर

रांची। रांची के चर्चित बिल्डर कमल भूषण और उनके अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या मामले में जेल में बंद अपराधी डब्लू कुजूर के दोनों लाइसेंसी हथियार पुलिस के द्वारा जब्त कर लिया गया है। डब्लू कुजूर ने अपने भाई और भतीजे के साथ मिलकर पहले कमल भूषण और फिर उनके अकाउंटेंट संजय सिंह की दिनदहाड़े हत्या करवाई थी। कमल भूषण और उनके अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद डब्लू कुजूर के ऊपर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जमीन माफिया और अपराधी होते हुए भी डब्लू कुजूर ने दो-दो लाइसेंसी हथियार ले रखे थे। अपनी मजबूत पकड़ की वजह से डब्लू को एक रिवाल्वर और एक राइफल का लाइसेंस मिला हुआ था। कमल भूषण की हत्या की साजिश रचने से पूर्व ही अपने दोनों लाइसेंसी हथियार को डब्लू कुजूर ने रांची के डोरंडा स्थित बिहार गन हाउस में जमा करवा दिया था। डब्लू के गिरफ्तारी के बाद जब उससे पूछताछ हुई तब पुलिस को यह जानकारी मिली कि उसके दोनों हथियार बिहार गन हाउस में जमा है। रांची पुलिस में सबसे पहले उसके दोनों आर्म्स लाइसेंस कैंसिल करवा और फिर शनिवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार के द्वारा डब्लू कुजूर के दोनों हथियारों को विधिवत जब्त कर लिया गया। 20 मई 2022 को सुखदेव नगर थाना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मवेशी चराने गए व्यक्ति की वज्रपात की चपेट में आने से हुई मौत

मयूरहंड (चतरा)। मयूरहंड थाना क्षेत्र में शनिवार शाम सोकी गांव निवासी चंदर महतो की मौत वज्रपात की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक नित्यदिन की भांती मावेशी चराने गया हुआ था, तभी बिजली कड़की और वज्रपात हुई जिसकी चपेट में 60 वर्गीय किसान चंदर महतो आ गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने अंचल व थाना को दी। पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लिया। बताया गया कि रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

राजनीति — कल से शुरू हो रहा है संसद का विशेष सत्र

विपक्षी एकता पर रहेगी सरकार की पैनी नजर

नई दिल्ली। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने-अपने खेमे को मजबूत करना तो कई महीने पहले ही शुरू कर दिया था, लेकिन सोमवार से शुरू होने जा रहा संसद का विशेष सत्र दोनों ही गठबंधन के लिए रणनीतिक लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहने जा रहा है।

बताया जा रहा है कि संसद के इस विशेष सत्र के दौरान सरकार की नजरें खासतौर से विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल दलों पर रहेगी, जिसे सरकार और भाजपा कभी घमंडिया गठबंधन तो कभी अधर्मी और कभी आई। एनडीआई गठबंधन कह कर संबोधित करती है। दरअसल, संसद के इस विशेष सत्र के दौरान सरकार की नजरें खासतौर पर इस बात पर टिकी रहेगी कि लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर देशभर में भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने का दावा करने वाले इन दल के बीच संसद के दोनों सदनों में कितना सामंजस्य है और नेताओं के स्तर पर किए जा रहे दावों के बीच सांसदों के स्तर पर इनके बीच किस हद तक समन्वय स्थापित हो गया है।

दरअसल, भाजपा के तमाम दिग्गज नेता यह बयान देते रहते हैं कि विपक्षी गठबंधन अंतर्विरोधों से भरा हुआ है जिसमें कांग्रेस आम आदमी पार्टी से दिल्ली और पंजाब में लड़ रही है, लेफ्ट दलों से केरल में लड़ रही है, ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में लेफ्ट के बिल्कुल खिलाफ है और इसी तरह के हालात देश के कई अन्य राज्यों में भी है और गठबंधन में शामिल हर नेता प्रधानमंत्री बनने की इच्छा रखता है। सरकार ने संसद के विशेष सत्र को लेकर अपनी तरफ से एजेंडा साफ कर दिया है। संसद के आगामी विशेष सत्र के दौरान, आजादी के 75 सालों - संविधान सभा से लेकर आज तक की उपलब्धियां, यादों और अनुभव - पर चर्चा होगी। इसके साथ ही सरकार की तरफ से यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि 75 वर्षों की यात्रा पर चर्चा के साथ-साथ इस पांच दिवसीय सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक 2023, डाकघर विधेयक 2023, अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2023 और प्रेस और आवधिक पंजीकरण विधेयक 2023 को भी चर्चा के बाद पारित करवाया जाएगा। 18 से 22 सितंबर के दौरान पांच दिन तक चलने वाले संसद के इस विशेष सत्र के आखिरी तीन दिनों यानी 20, 21 और 22 सितंबर के बीच ही सरकार सदन में इन विधेयकों को चर्चा के लिए पेश कर पारित करवाने का प्रयास करेगी।

संसद सत्र के एजेंडे पर सभी राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए सरकार ने सत्र से एक दिन पहले रविवार,17 सितंबर को शाम 4:30 बजे संसद भवन परिसर में सर्वदलीय बैठक भी बुलाई है। सरकार की तरफ से केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने लोकसभा एवं राज्यसभा में सभी राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स को इस सर्वदलीय बैठक के लिए आमंत्रित किया है। हालांकि, सरकार के एजेंडे और विपक्षी दलों के रुख को देखते हुए सर्वदलीय बैठक में आम सहमति होने की संभावना बहुत ही कम है और ऐसे में दोनों सदनों की कार्यवाही के दौरान सरकार की नजरें इस बात पर ज्यादा टिकी रहेगी कि क्या ये दल एकजुट होकर एक ही मुद्दे पर सरकार को घेरेंगे या फिर सभी दल अपने-अपने मुद्दों तक ही सीमित रहते हैं।

सांसद आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की सुनी समस्यायें

पलामू सुखाड़ राहत को केंद्र सरकार ने दी 600 करोड़ रुपये : सांसद

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने हैदरनगर प्रखंड के बरडंडा, इमामनगर बरेवा, बभंडी, खरगाड़ा के पंचायत भवन में ग्रामीणों के बीच भाग लिया। पंचायत के लोगों ने

सिंचाई, राशन की कालाबाजारी, सुलभ शौचालय, ट्रेन के ठहराव, हैदरनगर में रेलवे गुमटी पर ओवर ब्रिज निर्माण, अस्पताल में आपातकालीन चिकित्सा सेवा बंद रहने, सड़कों की जर्जर स्थिति, जलजमाव की समस्या को विस्तार से रखने का कार्य शांतिपूर्ण किया है। सांसद ने इनकी समस्या को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया । इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कोयल नदी से पाइप के माध्यम से किसानों को खेत मे पानी दी जायेगी। इस दौरान वे वर्तमान झारखंड सरकार को भी आड़े हाथों लेते कहा कि क्षेत्र में लिफ्ट इरिगेशन से सिंचाई की व्यवस्था काफी अच्छी व्यवस्था थी। लेकिन कई योजनाओं को बंद कर झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने पलामू के किसानों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि पलामू को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर केंद्र सरकार ने 100 करोड़ अतिरिक्त कुल 600 करोड़ के राशि मुहैया कराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में राशन की कालाबाजारी चरम पर है। सितंबर माह के अंत तक राशन का पूर्ण वितरण कराने की जिम्मेवारी भी राज्य सरकार की है। उन्होंने रेलवे ओवर ब्रिज या अंडर पास के निर्माण कराने का आश्वासन दिया व कहा कि हैदरनगर में सामुदायिक सुलभ शौचालय का निर्माण सांसद मद से कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाग ले रहे भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, प्रफुल्ल सिंह, मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव, बबलू सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय जयसवाल, सरयू प्रसाद गुप्ता, मुखिया जितेंद्र सिंह, उमेश चंद शिव, विनोद पांडेय, अरुण कुमार मेहता, रामप्रवेश मेहता, विनय पासवान, प्रदीप सिंह,आनंदी पासवान, कमलेश विश्वकर्मा ने हैदरनगर क्षेत्र की उपरवार भूमि में सिंचाई, बाजार क्षेत्र को बिजली सबस्टेशन से अलग फीडर कराने, वर्षों से निष्क्रिय हदहडवा और लोहरपुरा स्थित पाइन का जीर्णोद्धार कराने के प्रति सांसद को ध्यानाकृष्ट कराया।

NEWS इन ब्रीफ

पिपरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 20 को

हरिहरगंज। पिपरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आगामी 20 सितंबर को पूर्वाहन 10 बजे से आयोजित होगा। इसकी जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने बताया कि पूर्व में पिपरा प्रखंड के दमवा मोड़ स्थित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन 18 सितंबर को निर्धारित था। किंतु तीज पर्व को लेकर तिथि में परिवर्तन किया गया है। इससे मेले में स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने में जहां महिलाओं की सहभागिता बनी रहेगी, वहीं सहियाओं की उपस्थिति सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिक से अधिक ग्रामीणों से स्वास्थ्य मेले में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है।

स्वतंत्रता सेनानी की जयंती 24को धूमधाम से मनायी जायेगी

नौडीहा बाजार। प्रखंड खैरादोहर पंचायत अंतर्गत लकडाही बाजार स्थान वीर कुंवर चबूतरा पर शनिवार को एक आम सभा बुलाई गई। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी मूलनिवासी ललई सिंह यादव की 112 जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से 24 सितंबर को दिन रविवार स्थान लकडाही बाजार पर जयंती मनाने की तारीख तय की गई। जिसमें बहुत से बुद्धिजीवी एवं ललई सिंह यादव की जीवनी बताने के लिए बाहर से प्रवक्ता भाग लेंगे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद मदन यादव, उपाध्यक्ष बलराम सिंह ,सचिव पंकज राम, कोषाध्यक्ष पप्पू यादव, सदस्य संतोष यादव, प्रदीप राम, संतोष साव, पिंटू शर्मा, राजन यादव शंकर ठाकुर भीम यादव खुशीद अंसारी को चयनित किया।

आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज में गुरुवार को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरीय पदाधिकारी के रूप में जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता व सदर अस्पताल पलामू मैनेजर सुनील श्रीवास्तव ने आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु बैठक में उपस्थित हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, पीडीएस डीलर, स्वास्थ्य सहिया व वीएलई को कई जानकारी देकर प्रशिक्षित किया । बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मिशन मोड में आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इसके तहत प्रखंड के वीएलई, पीडीएस डीलर के पास बैठेंगे और लाभुकों को लाकर उनका आधार और मोबाइल रजिस्टर करेंगे। इसी तरह सहिया मोबाइल ऐप के माध्यम से डोर टू डोर जाकर निबंध करेंगी। जिन लाभुकों का पहले से कार्ड है उनका केवाईसी भी कराया जाएगा। इसके माध्यम से संबंधित व्यक्ति की बीमारी की एंट्री की जाएगी और कहीं भी आवश्यकता पड़ने पर आधार के माध्यम से बीमारी की जानकारी का पता आसानी से चल जाएगा। बताया गया कि लाभुक चाहे तो खुद से भी एप के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। कार्ड पीवीसी कोटेड बनेगा और एक साथ उसका वितरण किया जाएगा। इसकी जिला स्तर पर उपायुक्त के द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। इस मौके पर बीडीओ जयप्रकाश नारायण, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार कुशवाहा, एमओ ब्रजेश कुमार, बीपीएम संजय कुमार सिंह सहित सभी मुखिया, पीडीएस डीलर, सहिया सहित कई लोग शामिल थे।

प्रतिष्ठित किसान वृंदा सिंह का आकस्मिक निधन

हुसैनाबाद। हैदरनगर प्रखंड के मोकहर नवाडीह निवासी प्रतिष्ठित किसान 75 वर्षीय वृंदा सिंह की अचानक तबियत खराब होने पर उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद ले जाया गया था। चिकित्सकों ने उन्हें तत्काल सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया। मेदिनीनगर से उन्हें रांची के रिम्स ले जाने के क्रम में रिम्स के गेट पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। शुक्रवार की देर शाम शव पहुंचने के बाद उनका दाह संस्कार शनिवार को सोन नदी स्थित देवरी घाट पर किया गया। उनके निधन की खबर से आस पास के गांव में शोक है।

पुलिस ने पांच युट्यूबरों को किया गिरफ्तार

विश्रामपुर। पुलिस ने शनिवार को सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में थाना परिसर से पांच युट्यूबरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि मालखाना के प्रभार लेन देन के दौरान आरोपी थाने के अंदर घुस कर हंगामा करने लगे थे। वहीं धारा 323,353,504, के तहत कुल छह लोगो पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है, जबकि एक की गिरफ्तारी हेतु पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार होने वालो में विनीत चौधरी,अजीत उरांव,राजदीप कुमार मेहता,रंजीत कुमार,रविंद्र चौधरी का नाम शामिल हैं। जबकि मनोज कुमार फिलहाल फरार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सभी अपने आप को इंडिया यू ट्यूब चैनल के पत्रकार बता कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे थे।

सेंट्रल जेल में तीन घंटे तक चला सर्च अभियान

मेदिनीनगर। सेंट्रल जेल में शनिवार को प्रशासनिक टीम ने छापेमारी की। एक एक वार्ड को खंगाला गया। करीब तीन घंटे तक चले सर्च अभियान में जेल के अंदर से किसी तरह की कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। छापेमारी का नेतृत्व विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार कर रहे थे। उनके साथ 6 मजिस्ट्रेट, 70-80 जवान के अलावा महिला सुरक्षाकर्मियों की टीम अलग से लगायी गयी थी। विश्रामपुर एसडीपीओ ने बताया कि शनिवार की दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक सेंट्रल जेल में तीन घंटे तक छापेमारी की गई। एक-एक बैरक की जांच की गई लेकिन कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिले। महिला वार्ड की जांच के लिए महिला पुलिसकर्मियों को अलग से लगाया गया था। उन्होंने बताया कि यह रूटीन जांच थी। गौरतलब है कि मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में 1100 के आसपास बंदी बंद हैं। इसमें कई बड़े अपराधी, उग्रवादी एवं नक्सली शामिल हैं। हालांकि, सेंट्रल जेल की स्ट्रेंथ 750 के आसपास है। गत दो सितंबर को भी सेंट्रल जेल में छापेमारी की गयी थी। उस समय भी किसी तरह की कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली थी।

पांडु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

विश्रामपुर। पांडु प्रखंड मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन पांडू जिप सदस्य मीना देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, उप प्रमुख सोनी देवी, सांसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि वीरेन्द्र कुमार सिंह, पांडू मुखिया प्रतिनिधि अविनाश कुमार सिंह उर्फ सिन्टू सिंह, उपमुखिया चंदन कुमार मेहता,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मो. इरफान अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में प्रखंड क्षेत्र के कई गांव से आए विभिन्न प्रकार के मरीजों को जांचोपरांत इलाज कर मरीजों के बीच मुफ्त दवा वितरण की गयी। साथ हीं परिवार नियोजन,आयुष्मान कार्ड तथा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेन्द्र, डॉक्टर एमएम प्रसाद,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामसुंदर सिंह,डॉ. सलमान अहमद,डॉ. ललन प्रसाद,विनोद तिवारी,पंकज कुमार,राजेंद्र सोनी, नरेश भारती,बजरंग सिंह,आमोद पांडे,अनिता कुमारी,रंजनी कुमारी,सुदर्शन राम,विकास कुमार सिंह,सुबीन सिंह,पूनम कुमारी,मंजू देवी सहित अन्य कई स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग मौजूद रहे।

टैंकर के धक्के से स्वास्थ्य सहिया की मौत

पांच घंटे तक जाम रहा पांकी - मेदिनीनगर मुख्य पथ

जाम में घंटों फंसे रहे स्कूल बस व सैकड़ों वाहन

बीडीओ के आश्वासन के बाद हटा जाम

नवीन मेल संवाददाता

सगालीम। पलामू जिले के पांकी प्रखंड के हूरलौंग पंचायत के महुगांई गांव निवासी स्वास्थ्य सहिया मीना देवी पति आनंद शर्मा की मौत टैंकर के धक्के से होने के बाद आक्रोशित स्वास्थ्य सहियाओं ने मुआवजे की मांग को लेकर पांकी थाना क्षेत्र के सगालीम स्थित चांदनी चौक के पास पांकी - मेदिनीनगर मुख्य पथ जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। जाम सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक रहा। सड़क जाम होने के कारण मेदिनीनगर के कई प्रतिष्ठित स्कूल के बच्चे फंस गए। हालांकि पांकी थाना प्रभारी कुंदन पासवान और मजिस्ट्रेट महावीर प्रसाद ने किसी तरह लोगों को समझा - बुझाकर स्कूल बस को पार करवाया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगा रहा। सड़क जाम कर रहे स्वास्थ्य सहियाओं ने मृत स्वास्थ्य सहिया के परिजनों को दस लाख नगद, एक सदस्य का नौकरी समेत अन्य मांग कर रहे हैं। इसके अलावे जामकताओं ने सीएस, और बीडीओ को जाम स्थल पर बुलाने पर घंटों अड़े रहे। स्वास्थ्य सहियाओं का कहना था कि सरकार स्वास्थ्य सहियाओं को सिर्फ परेशान करता है। स्वास्थ्य विभाग भी स्वास्थ्य सहियाओं को शोषण करने का काम करता है। सड़क दुर्घटना में कई स्वास्थ्य सहिया की मौत भी हो जाता है, मगर विभाग और सरकार के द्वारा स्वास्थ्य सहिया को उचित मुआवजा भी नहीं मिलता है। सहियाओं ने मृत स्वास्थ्य सहिया मीना देवी के परिजनों को दस लाख नगद राशि समेत अन्य मांगों को लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन करते दिखें। पांकी थाना प्रभारी कुंदन पासवान और मजिस्ट्रेट महावीर प्रसाद ने जामकताओं को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन जामकताओं ने जाम स्थल पर बीडीओ और सीएस को बुलाने पर अड़े रहे। करीब चार घंटे बाद बीडीओ सह सीओ राज कुंवर सिंह मौके पर पहुंच लोगों को समझा - बुझाकर सड़क से जाम हटाया। गौरतलब हो कि पांकी के महुगांई निवासी स्वास्थ्य सहिया मीना देवी अपने पति आनंद शर्मा के साथ बाइक से पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड को लेकर आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए गए थे। बैठक में भाग लेने के बाद सहिया मीना देवी अपने पति आनंद शर्मा के साथ बाइक से अपने घर महुगांई लौट रहे थे। तभी पांकी - मेदिनीनगर मुख्य पथ तेतराई के निकट तेज रफ्तार से आ रही टैंकर (जेएच 01 सीटी 1073) पिछले से धक्के मार दिया। इस घटना में स्वास्थ्य सहिया मीना देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें पांकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएचसीएच रेफर कर दिया। मेदिनीनगर एमएमसीएच में प्राथमिक उपचार के साथ रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स रांची ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गया। मृत स्वास्थ्य सहिया मीना देवी को सिर में गंभीर चोट लगा था। सगालीम चांदी चौक के पास सड़क जाम होने के पांकी - मेदिनीनगर मुख्य पथ समेत आसेहार - सगालीम मुख्य सड़क भी जाम रहा।

सरकारी प्रावधान के तहत मिलेगा मुआवजा : बीडीओ

पांकी बीडीओ सह सीओ राज कुंवर सिंह ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत मृत स्वास्थ्य सहिया मीना देवी को मुआवजा दिया जाएगा। सड़क जाम करने से मुआवजा नहीं मिलेगा। सरकारी प्रावधान तहत उचित मुआवजा दिया जाएगा। मुआवजे को लेकर डीसी समेत स्वास्थ्य विभाग को लिखा जाएगा।

धक्का मारकर भाग रहा टैंकर सगालीम में पकड़ाया

पांकी के तेतराई के निकट स्वास्थ्य सहिया मीना देवी को धक्का मारने के बाद टैंकर तेज रफ्तार से मौके से भागने लगा। सूचना मिलने के बाद सगालीम के स्थानीय लोगों ने सगालीम बस स्टैंड में किसी तरह उक्त टैंकर को पकड़ा। टैंकर को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने चालक , उप चालक सहित वाहन को पांकी पुलिस को हवाले कर दिया। पांकी थाना पुलिस उक्त टैंकर को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जमीन विवाद में मारपीट में पति- पत्नी घायल

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र के सिंदूरिया गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में सिंदुरिया गांव निवासी बिरेंद्र राम, धनराजू देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में बिरेंद्र पासवान ने हुसैनाबाद थाना में अपने ही गोतिया परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। दर्ज प्राथमिकी में अनिल पासवान, श्रवण पासवान, विशाल कुमार पासवान, कुंती देवी आदि का नाम शामिल है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि मेरी मां का निधन हो गया था। मैं लोटा पानी लिया हूं। मै अपने घर के बाहर बैठा था,इसी क्रम में उक्त चारों लोगों ने लाठी डंडे से लैस होकर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए जमीन का हिस्सा के बंटवारा करने की बात करने लगे। जब मै बोला की किस जमीन के हिस्सा चाहिए ,तो सभी लोग लाठी डंडे से प्रहार करने लगे। जिससे मेरा माथा फट गया, बीच बचाव करने पहुंची मेरी पत्नी को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

ट्रेलर की चपेट में आकर एक अधेड़ की दर्दनाक मौत

हरिहरगंज। शहर के हीरो शोरूम के समीप एनएच 98 पर शनिवार की देर शाम एक ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की पहचान सीमावर्ती बिहार के अंबा थाना क्षेत्र के विराज बिगहा गांव निवासी 45 वर्षीय सरोज पांडेय के रूप में हुयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार ढाब से अपने घर लौट रहा था। एक ही दिशा में जा रहे ट्रेलर एनएल 01जी 4537 के चालक ने अधेड़ को ठोकर मार दी। ट्रेलर की ठोकर से अधेड़ सड़क में गिर गया और टेलर के पिछले चक्के में दब गया। अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गयी। वही टेलर काचालक घटना के बाद गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद लोगों का भीड़ जमा हो गयी। सूचना के बाद प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार सदलबल पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। वहीं घटना बीच सड़क पर होने के कारण आधे घंटे तक परिचालन बंद रहा।

'चलो करें आवास पूरा' अभियान को लेकर बैठक

पाटन। पाटन प्रखण्ड सभागार में प्रमुख शोभा देवी, पश्चिमी जिला परिषदजय शंकर सिंह, उर्फ संग्राम सिंह एवं बीडीओ मनोज तिवारी ने प्रखण्ड के लम्बित पीएम आवासों को पूर्ण कराने को लेकर पीएम आवास कोडिनेटर शिवम जायसवाल, प्रखण्ड के सभी पँचायत सेवको, रोजगार सेवकों, मुखिया के साथ समीक्षात्मक बैठक किये। बैठक में बीडीओ ने बताया की लम्बित आवासों को 15 सितम्बर से 10 अकटुम्बर तक 'अब न रहे कोई आवास अधूरा- चलो करे आवास पूरा' अभियान कार्यक्रम चलाकर पीएम आवास को शत प्रतिशत पूर्ण कराने को निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में बताया गया कि कुल 14003 पीएम आवास लक्ष्य के विरुद्ध 699 पीएम आवास अभी भी लम्बित हैं तथा लाभुक के खाता में पहली किस्त भी भेजी जा चुकी है। हिसरा बरवाडीह में 52, जंघासी में 45, कसवाखाड़ में 84, पालहेकला में 52, सगुना में 48 सबसे ज्यादा लम्बित है। 10 अक्टुबर तक लाभुकों से समन्वय बनाकर आवास बनाने के लिये प्रेरित करें तथा हर हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करायें तथा आवास बनाने में आ रही समस्याओ में अपने विचार का परिचय देकर सहयोग करें। आवास पूर्ण कराने हेतु जन जागरूकता अभियान, प्रचार वाहन को प्रमुख बीडीओ एवं अन्य लोगो ने हरी झंडी दिखाकर गांव में रवाना किया।

डीलर की मनमानी से लाभुक परेशान

राशन नहीं देने का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता

मनातू। आपको बता दें कि सरकार के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू करने का मुख्य उद्देश्य गरीबों को अनाज उपलब्ध कराना था। ताकि गरीबों को कम दाम में अच्छा अनाज मिल सके। जिससे वे अपना परिवार चला सके। परंतु मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चक पंचायत के ग्राम उरूर में डीलर की मनमानी की वजह से अति गरीब एवं सुदूर वर्ती क्षेत्र में रहने वाले अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लोंगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने डीलर पर आरोप लगाते हुए कहा कि सैकड़ों ग्रामीण लगभग 4 किलोमीटर दूर टेंपो से सफर कर बीस रुपए भाड़ा लगाकर जन वितरण प्रणाली दुकान में पहुंचते हैं तो डीलर खाली हाथ भेज देता है। कभी राशन नहीं है, तो कभी कल आना बोलकर राशन नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया डीलर विनेश्वर राम हैं। मगर विनेश्वर राम कभी अपने हाथों से राशन नहीं देता है। उनकी पत्नी राशन देती है और राशन कार्डधारीयों के साथ दुर्व्यवहार भी करती हैं। ठीक से बात भी नहीं करते हैं। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि डीलर को चेंज कर दूसरे डीलर में सम्मिलित कर राशन दी जाए। डीलर विनेश्वर राम ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा लगाया गया आरोप सब गलतऔर बेबुनियाद है। हमको अगस्त माह का राशन मिला हैं अभी नहीं दिए हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा
जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद

अल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना

निविदा संख्या – 06/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 15.09.2023

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 29.09.2023 को कार्यालय दिवस में।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.09.2023 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 03.10.2023 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी –

क्र0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि		परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
			अंक में (लाख में)	अक्षर में			
1	रमकण्डा	ग्राम–मुडखुड में मेन रोड से कब्रिस्तान तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.400 फीट)	8.810	आठ लाख एकासी हजार रूपये।	1250	18000	तीन महीना
2	रमकण्डा	मुडखुड में शमशान शेड निर्माण।	5.635	पाँच लाख तिरसठ हजार पाँच सौ रूपये।	1250	12000	तीन महीना

नोट :– निविदा हेतु शर्तें/विस्तृत विवरणी कार्यालय सूचना पट्ट/जिला की वेबसाईट एवं www.tenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 307163 Rural Work Department (23-24)_D

कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती तीन वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

क्र0	सैरात का नाम	प्रखण्ड	तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि	अग्रधन की राशि 25%	डाक की तिथि	समय
1	2	3	4	5	6	7
1	नया डाक बंगला, पाँकी	पाँकी	288000.00	72000.00	29-09-2023	अपराह्न 01:00 बजे
2	डांक बंगला, नावाखास	पाटन	288000.00	72000.00		
3	बहुदेशीय भवन, किशुनपुर	पाटन	234000.00	58500.00		
4	बहुदेशीय भवन, मोहम्मदगंज	मोहम्मदगंज	90000.00	22500.00		
5	बहुदेशीय भवन, दुबियाखाड़	सदर मेदिनीनगर	108000.00	27000.00		
6	बहुदेशीय भवन, मनातू	मनातू	90000.00	22500.00		
7	बहुदेशीय भवन, सेमरी	पाटन	180000.00	45000.00		
8	नया डाक बंगला, पंड़वा	पंड़वा	288000.00	72000.00		
9	बस पड़ाव मोहम्मदगंज	मोहम्मदगंज	360000.00	90000.00		

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 27.09.2023 तक कॉलम संख्या–5 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 307118 (District)23-24*D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लातेहार
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

-: अल्पकालीन निविदा सूचना:-

लातेहार जिला अन्तर्गत कम्बल एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए सहायक अनुदान ईकाई अधीन गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले व्यक्तियों तथा गरीब, असहाय, अपंग, भिक्षुक, असहाय विधवाओं के बीच मुफ्त कम्बल वितरण हेतु कम्बल का क्रय विभागीय ज्ञापांक–05/म0स0/यो0–151/2022–69आ0) दिनांक–30.08.2023 के द्वारा GeM Portal से क्रय करने हेतु प्राप्त निदेश के आलोक में एवं विभागीय संकल्प संख्या–1993 दिनांक–16.08.2019 की कंडिका–05 के आलोक में GeM Portal पर Reverse Auction के माध्यम से कम्बल क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कम्बल का विवरणी निम्नवत है :–

क्र0.	सामग्री का नाम	साईज	वजन	अन्य मानक
1.	कम्बल(ऊनी)	60"x90"	02 कि0ग्रा0 (न्यूनतम)	3"x3" Dimension का (झारखण्ड सरकार का महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, रांची) लोगो सभी कम्बलों पर लगाना अनिवार्य होगा झारखण्ड सरकार महिला,बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग

उपरोक्त निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्त के लिए लातेहार जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा संबंधी सभी कागजात को अपलोड/सम्मिट करने हेतु अधिकारिक वेबसाईट GeM Portal (https://gem.gov.in) की अंतिम तिथि– 27/09/2023 निर्धारित है।

PR 307112 District (23-24)_D उपायुक्त, लातेहार

District Magistrate cum Deputy Commissioner, Palamu
(District Planning Office, Palamu)
1st Floor Block -A, New Administrative Building, Medininagar 822101
Contact No. : 9060731080, email-dpopalamau@gmail.com, website: www.palamu.nic.in

Advertisement No. 02/2023-24

REQUIREMENT FOR 'ASPIRATIONAL BLOCK FELLOWS'
FOR ASPIRATIONAL BLOCKS PROGRAMME (NITI AAYOG), DISTRICT:PALAMU, JHARKHAND

About Aspirational Blocks Programme:
The Aspirational Blocks Programme is a nationwide programme which focuses on improving governance to enhance the quality of life of citizens in the most difficult and under developed blocks of India by converging existing schemes, defining outcomes, and monitoring them on a constant basis. It was launched on 7th January 2023 by Government of India and is anchored by NITI Aayog.The programme covers 500 blocks across 27 States and 4 UnionTerritories.

About the Role of Aspirational Blocks Fellows:
The deployment of Aspirational Block (AB) Fellows is a strategic move to bolster the impact of the Aspirational Blocks Program by harnessing the energy, talent, and passion of young fellows fromreputed institutions towards achieving its goals of inclusive growth, community empowerment, and building a prosperous India for all.

The AB Fellows will work closely with Block level Officials and under the overall guidance of Deputy Commissioner, Palamu and Deputy Development Commissioner, Palamu to develop strategies for accelerated implementation of ABP thematic areas, facilitate effective monitoring and planning, and conduct field visits to ensure that the interventions are responsive to people's needs and demands.

Key Responsibilities of Aspirational Blocks Fellows:
The Aspirational Blocks Fellows will be positioned as a critical link between the Block level Officials and NITI Aayog.Their primary responsibilities will include:

- Collaborating with Block level Officials to design and execute development strategies aligned with ABP thematic areas.
- Conducting regular Field visits to assess project implementation, address challenges and collect ground-level insights.
- Analyzing data and providing evidence-based recommendations to BLOs, District level Officials to optimize developmental initiatives.
- Organizing workshops,awareness campaigns,and skill-building programs to empower the local community.
- Keeping States and NITI Aayog abreast with the issues,challenges and need for support.
- Support in any other work assigned by District Administration, Palamu.**Qualifications:**
- Post Graduate in any discipline from a reputed & premier institution
- Should possess data analysis and presentation skills
- Should be conversant with use of social media
- Should possess Project Management Skills
- Experience of working/internship with a Development Organization
- Self-driven with good communication skills.
- Canread,write and speak English and Hindi

Note:Preference will be given to candidates who have completed their higher education in the development/rural stream.

Job Location: Aspirational Block of District Palamu (Hariharganj)
No.of Positions:1
Joining: Immediate
Job Duration: The tenure of Aspirational Blocks Fellows will initially be **6 months (which may or may not be extended).**
Expected Compensation: Each fellow will receive a **monthly stipend of Rs 55,000** (inclusive oftravel allowance) as a token of appreciation for their dedicated service and valuable contributions to the Aspirational Blocks Program.
Application/ Selection Procedure: The applications are open till **3rd October, 2023, 5:00 PM.** Interested candidates shall fill the **Forms** attached as Annexure 1. Filled application form with self-attested documents/certificates can be submitted either by hand or through registered post to **District Planning Office, Block A, New Collectorate Building, Medininagar, Palamu - 822101**. Selection will be done on the basis of Computer proficiency test and Interview.The details of further process shall be intimatedlater.
Please contact at the following email id for any assistance/queries: Shubham, (mgnf.palamu@iimranchi.ac.in) orAbhanshi Dixit, (abhanshi@ppiafellow.in)

District Planning Officer, Palamu | **Deputy Development Commissioner Palamu**

PR 307117Palamu(23-24)#D

NEWS इन ब्रीफ

बीएड के छात्रों ने छात्रवृति को लेकर समाहरणालय का किया घेराव

मेदिनीनगर। बीएड कॉलेज के छात्रों ने छात्रवृति कई मांग को लेकर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की नेतृत्व में समाहरणालय का घेराव किया। बताया गया कि वर्ष 2022- 23 के छात्रों को सरकार द्वारा छात्रवृति नहीं मिला है। मौके पर आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि छात्रवृति हमारा हक है। छात्रवृति के अभाव में छात्रों का ड्रॉप आउट हो जाता है। वैसे भी पलामू सुखाड़ के दौर से गुजर रहा है। इस स्थिति में मोटा फीस वहन करना बहुत कठिन है। सरकार जान बूझ कर हायर एजुकेशन से वंचित रखना चाहती है। सरकार की मंशा शिक्षा के प्रति साफ नही है। पलामू के छात्र वैसे भी चौतरफा कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। अगर छात्रवृति 15 अंदर दिन के अंदर मुहैया नही कराई जायेगई तो आइसा जोरदार आंदोलन को बाध्य होगी। मौके पर आइसा के राज्य अध्यक्ष तरुण कुमार, गौतम दांगी, रंजीत सिंह, सुजीत, प्रमोद, कौशल, धीरज, उपेन्द्र, नीरज, प्रमिला रानी, सलोनी कुमारी, कुमारी जनेलिया, शाहिद शेख समेत अन्य छात्र उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा की बाबत बैठक आहूत

नावा। नावाखास शिवमंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा के लिए बैठक आहूत हुई। जिसकी अध्यक्षता नावाखास मुखिया मनोज कुमार के द्वारा किया गया जिसमें ग्रामीणों ने अध्यक्ष मुखिया मनोज कुमार उपाध्यक्ष विकास कुमार संतोष चौहान प्रमोद कुमार और कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र राम उपकोषाध्यझ बीरेंद्र प्रसाद गोपाल कुमार एवं सचिव अजित कुमार,उपसचिव सुबोध कुमार निर्जन कुमार को सर्वसमति से चुना गया । व्यवस्थापक सनोज कुमार बड़ा दशरथ भगत गणेश चौधरी रविन्द्र कुमार राहुल कुमार कामो राम कृष्णा राम दिनेश कुमार संदीप कुमार अरविंद कुमार नागेंद्र कुमार अनु कुमार मुना कुमार उपेन्द्र प्रसाद भोला कुमार महेश चंद्रा को चुना गया।

चाकू मारने वाला आरोपी रंजन ने कोर्ट में किया सरेंडर

मेदिनीनगर। नावाजयपुर थाना अंतर्गत बाजार में सुनील प्रसाद को चाकू मारने वाला आरोपी ग्राम महोलिया निवासी मनोज साव का पुत्र रंजन साव नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय रजक के दबाव में 16 सितंबर को कोर्ट में सिलेंडर कर दिया है। बताते चलें कि चाकू लगने के दिन से ही पलामू एसपी रिस्मा रमेशन के आदेश पर थाना प्रभारी संजय रजक आरोपी के घर लगातार छापामारी कर रहे थे। परंतु आरोपी फरार चल रहा था। थाना प्रभारी के द्वारा लगातार छापामारी को देखते हुए आरोपी ने कोर्ट पहुंच कर सरेंडर कर दिया है।जानकारी के अनुशार 11 सितंबर को शाम पाटन नावाजयपुर थाना क्षेत्र के महौलिया निवासी अकलू साव के पुत्र सुनील प्रसाद उम्र 30 वर्ष को रंजीत साव नामक युवक ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सुनील प्रसाद नावा स्टेन में खड़ा था। इसी बीच रंजीत साव वहा पहुंचा और सुनील को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी रही तो उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया था। इस घटना के बाद नावां जयपुर थाना प्रभारी संजय रजक अपराधी रंजन को पकड़ने के लिए लगातार उसके घर सहित सगे संबंधियों के यहां छापामारी कर रहे थे। इस बीच रंजन ने 16 सितंबर को कोर्ट के सामने सरेंडर कर दिया।

करंट लगने से मजदूर की मौत, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सरजा भंडार निवासी मुकेश बैठा पिता जवाहीर बैठा उम्र 40 वर्ष की करंट लगने से शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के भाई गोविंद बैठा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 9:00 बजे गांव के ही दो व्यक्ति रिंकू और संतोष हमारे बड़े भाई मुकेश बैठा को काम करने के लिए सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पोखरहा झारीवा टोला शेखर तिवारी के मकान में लेकर गए थे। गोविंद ने बताया कि गांव के व्यक्ति रिंकू के द्वारा शाम करीब 5:00 बजे हमें सूचना मिला की हमारे भाई मुकेश बैठा तबीयत अचानक बिगड़ गई है और रिंकू उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रहा हैं। रिंकू की बात को सुनकर जब हम सदर अस्पताल पहुंचे तो देखा की मेरे भाई की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद मकान मालिक शेखर तिवारी,रिंकू और संतोष के द्वारा सदर अस्पताल से मुकेश बैठा के शव को दाह संस्कार के लिए घर भेज दिया गया और परिजनों को कहा गया कि शव का जल्द से जल्द दाह संस्कार कर दें। तभी इस बात की जानकारी गांव के चौकीदार को हो गई। चौकीदार ने इस घटना की जानकारी सतबरवा थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही सतबरवा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पंचनामा के लिए सतबरवा थाना लेकर गई।पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद से गांव के युवक संतोष और रिंकू फरार हैं। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

पीएम आवास पूर्ण कराने को लेकर आवास पूरा अभियान शुरू

आवास पूर्ण कराने वाले मुखिया व बीडीओ होंगे सम्मानित : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अभियान चलाकर अपूर्ण आवासों को पूर्ण किया जायेगा। इसे लेकर शुक्रवार को समाहरणालय ब्लॉक उ सभागार में बैठक आयोजित कर चलो करें आवास पूरा अभियान का शुभारंभ किया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष, उपविकास आयुक्त, सभी प्रखंडों के प्रमुख, उपप्रमुख, परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण समन्वयक आदि उपस्थित थे। वहीं जिले के बीडीओ एवं बीपीओ ने बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। मौके पर उपविकास आयुक्त ने अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत सभी अपूर्ण आवासों को 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण कराना है।। इस दौरान सभी से अनुरोध किया गया कि अभियान को सफल बनाने के लिए अपूर्ण आवास के लाभुकों को आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित करें, पंचायत, गांव, टोला स्तर पर लाभुकों को आवास पूर्ण करने के निमित्त हर सहायता मुहैया करायें। बैठक के दौरान उपविकास आयुक्त ने अपूर्ण आवासों के लाभुकों से डोर-टू-डोर संपर्क करने का निर्देश दिया एवं प्रत्येक गुरुवार को अनिवार्य रुप से लाभुक दिवस मनाकर लाभुक की समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही अभियान का जिला, प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया। अभियान के दौरान पूर्ण किए गए आवासों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शत प्रतिशत आवास पूर्ण करनेवाले पंचायत के मुखिया एवं प्रखंड मे सर्वाधिक आवास पूर्ण करनेवाले प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं प्रखण्ड समन्वयक को सम्मानित किया जायेगा।

हरितालिका तीज कल, बाजार में चहल पहल बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। हरितालिका तीज को लेकर बाजार में दुकानें सज गई है। महिलाएं बाजारों में व्रत के दौरान उपयोग में आने वाले सामानों की खरीद में जुट गई है। बताते चले की सोमवार को महिलाएं चौबीस घंटे निर्जला रखकर तीज का व्रत धारण करेंगी। तीज व्रत को लेकर लोगों के घरों में कई दिनों से तैयारियां चल रही है। पर्व के दौरान नए वस्त्रों को पहनने की परंपरा है। ऐसे में कपड़ों की दुकानों पर पिछले एक सप्ताह से महिलाओं की भीड़ दिख रही हैं। पर्व में महज दो दिन का समय शेष रहने के कारण शनिवार को दुकानों पर खरीदारों की भीड़ दिखी। दुकानों पर महिलाएं विशेष तौर पर श्रृंगार के सामानों की खरीद में अधिक व्यस्त दिखीं। सुबह से प्रारंभ हुआ खरीदारी का दौर पूरे दिन चलता रहा। ज्ञातव्य है कि सूख, समृद्धि व शांति के लिए महिलाएं इस व्रत को धारण करती हैं। व्रत रखने वाली महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर तीज व्रत की कथा का श्रवण करती हैं। इस व्रत में महिलाएं गौरी-गणेश के साथ ही भगवान शंकर की भी पूजा अर्चना करती हैं। प्राचीन समय से ही इस व्रत को करने की परंपरा चली आ रही है। त्रेता काल में भी सुहागन महिलाओं द्वारा इस व्रत को किए जाने की कथा प्रचलित रही है। इस व्रत को धारण करने वाली महिलाएं सुहाग के सामानों का ही दान करती हैं। इस पर्व को लेकर मंदिरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ती है।हरितालिका तीज को लेकर बाजार में सामानों की खरीदारी को महिलाओं की भीड़ शनिवार को अन्य दिनों की अपेक्षा कुछ अधिक दिखी। बजार में सजी दुकानों में महिलाओं की अधिक भीड़ होने के कारण काफी देर तक इस पथ पर जाम की समस्या बनी रही। हालांकि पुलिस ने जल्द ही भीड़ पर नियंत्रण पा लिया। सड़क पर लोगों की भीड़ अधिक होने के कारण मेन रोड तथा आसपास के इलाके में लोगों को परेशानियों से जूझने को विवश होना पड़ा।

महिलाएं इन चीजों का करें दान, बना रहेगा सुहाग

हरतालिका तीज का त्योहार सुहागिन महिलाओं के लिए खास होता है। सुहागिन महिलाएं एक साल भर त्योहार का इंतजार करती हैं। इस दिन महिलाएं खास तौर पर व्रत रखकर पूजा अर्चना करती हैं। वहीं इस दिन उपवास रखकर 16 श्रृंगार कर अपने सुहाग की रक्षा के लिए भगवान शंकर और माता पार्वती से कामना मांगती हैं। वहीं महिलाएं पूजा के बाद ब्राह्मणों को श्रृंगार के समान दान में देती हैं, जो काफी पुरानी परंपरा है और इसका के विशेष महत्व भी हैं। इस महत्व पूजा के बारे में काली मंदिर के पुजारी श्यामा बाबा ने बताया कि यह त्योहार सुहागिन महिलाओं के लिए खास होता है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लंबी उम्र के लिए भगवान शंकर-पार्वती की पूजा करती हैं। इसमें दान देने की भी परंपरा है। सुहागिन महिलाएं अपने श्रृंगार का दान करती हैं। जिससे उनका श्रृंगार सुरक्षित रह सके। उन्होंने राम चरित मानस के श्लोक के माध्यम से दान करने के महत्व को बताया गया है।

ताहीर सचिव पद से मुक्त, फिर कामेश्वर बने

नवीन मेल संवाददाता

नौडीहा बाजार। प्रखंड के सुदुर्वती क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सचिव ताहीर हुसैन को सचिव पद से मुक्त कर पूर्व प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह को फिर से सचिव पद सौंपा गया। बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही ग्रामीणों द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित आवदेन व खबरों के माध्यम से प्रधानाध्याक सह सचिव ताहीर हुसैन पर विकाश फंड की राशि और मध्यान भोजन की चावल गबन करने का आरोप लगाया गया था। खबर लगने के बाद जांच टीम आई और जांच में ग्रामीणों का आरोप सत्य पाई गई। जांच टीम में आए क्षेत्र पदाधिकारी नरेश राम, बीईईओ जितवाहन सिंह, बीपीओ कृष्णकांत द्विवेदी, जिला परिषद सदस्य सुदामा प्रसाद सभी ने बारी बारी से ग्रामीणों का बात को सुना ग्रामीणों का आरोप सत्य पाए जाने पर क्षेत्र पदाधिकारी नरेश राम ने अगले दिन चिट्ठी निकालने की बात कही और ताहीर हुसैन को कड़ी फटकार लगाई। तो वहीं उपस्थित जिला पार्षद सुदामा पासवान ने स्कूल के लिए सौचालय बनवाने की बात कही तो ग्रामीणों ने भी जिला पार्षद से स्कूल की बाउंड्री बनवाने के लिए गुहार लगाई तो उन्होंने बाउंड्री भी करवाने की बात कही। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सोहराई यादव, वार्ड सदस्य अजय यादव, लवकुश यादव, रामजीत यादव, नरेश यादव, रामजी यादव, बद्रीनारायण यादव, कईल भुईयां, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

शिवाजी मैदान में डिज्नीलैंड मेला फैला रहा ध्वनि प्रदूषण

स्थानीय लोग हो रहे परेशान, रोक की मांग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के शिवाजी मैदान में डिज्नी लैंड मेला में लगे लाउडस्पीकर से निकलने वाले ध्वनि प्रदूषण से लोग परेशान हैं। इस मेले की वजह से यहाँ के स्थानीय लोग ध्वनि प्रदूषण से काफी परेशान रहते हैं। मेला में मौत का कुआं, चित्रहार, मैजिक शो, बूगी-वूगी डांस शो समेत विभिन्न मनोरंजन के स्टॉलों पर काफी संख्या में लाउडस्पीकर डीजे लगा दिए जाने के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।यहाँ के स्थानीय निवाशी रघुवंश नारायण, मुकेश, बबलू, राजेश , राजा, छोटू आदि लोगों ने बताया कि मेले में अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण होने के कारण यहां के स्थानीय लोग पूरा दिन परेशान रहते है। लाउडस्पीकर की तेज आवाज से सिर में तेज दर्द हो जाता है।मेले में ध्वनि प्रदूषण इतना रहता है कि लोग आपस में बात भी नहीं कर सकते ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसका असर बच्चों एवं बूढ़ों के शरीर पर क्या पड़ेगा। इधर बहुजन समाज पार्टी के नेता विनोद कुमार सोनी ने कहा है कि ध्वनि प्रदूषण से मेला परिसर के आसपास रहने वाले लोगों के अलावा छात्र भी दिनभर परेशान रहते हैं। तेज आवाज के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाती है। उन्होंने पलामू उपायुक्त से मेला में ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की है।वही मेला प्रबंधक के द्वारा डिज्नीलैंड मेला में कूड़ेदान की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण मेला परिसर के अंदर अभी से ही कूड़ा कचरा चारों और फैला हुआ है। जबकि मेला लगाने के पहले ही मेला प्रबंधक को कूड़ेदान की व्यवस्था कराना चाहिए था। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो मेला की वजह से यहां के लोग काफी परेशान है,मेला परिसर के अंदर लगे लाउडस्पीकर और डीजे साउंड लोगों का जीना हराम कर दिया है। तेज साउंड की वजह से यहां के बच्चे की पढ़ाई बर्बाद हो रही है। यहां पर कुछ लोग हार्ट के भी मरीज हैं जिन्हें इस साउंड की वजह से काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां के स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मेला परिसर में ध्वनि प्रदूषण कम करने की मांग किये है।

डेंगू, मलेरिया को लेकर जागरुकता रैली निकाली गई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल से शनिवार को अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह और सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में डेंगू, मलेरिया जागरुकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने डेंगू मलेरिया के बारे में बताया कि डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं। इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें। एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं। इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में नहीं आने वाले बर्तन, टायर इत्यादि नहीं रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदानी में पानी जमा नहीं होने टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतल, टिन, बेकार के टायरों को जमा नहीं रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।बिना मच्छरदानी के नहीं सोयें। शरीर को पूरी तरह नहीं ढकने वाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें। बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें। बगैर जाली लगी खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले नहीं रखें। इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक होता है।

सिविल सर्जन ने डेंगू बुखार की रोकथाम के बारे में जानकारी दी

सिविल सर्जन ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि डेंगू बुखार को रोकने का सबसे अच्छा तरीका संक्रमित मच्छरों के काटने से बचना है। खुद को बचाने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें, यहाँ तक कि घर के अंदर भी।जब बाहर हों, तो लंबी बाजू की शर्ट और मोजे में लंबी पैंट पहनें।घर के अंदर, यदि उपलब्ध हो तो एयर कंडीशनिंग का उपयोग करें।सुनिश्चित करें कि विंडो और डोर स्क्रीन सुरक्षित हैं और छिद्रों से मुक्त हैं। यदि सोने के क्षेत्र में स्क्रीनिंग या वातानुकूलित नहीं है, तो मच्छरदानी का उपयोग करें।अगर आपको डेंगू के लक्षण हैं, तो अपने डॉक्टर से बात करें।मच्छरों की आबादी को कम करने के लिए उन जगहों से छुटकारा पाएं जहां मच्छर पनप सकते हैं। बाहरी पक्षी स्नान और पालतू जानवरों के पानी के व्यंजनों में नियमित रूप से पानी बदलें, बाल्टियों से स्थिर पानी को खाली करें।यदि आपके घर में किसी को डेंगू बुखार हो जाता है, तो मच्छरों से खुद को और परिवार के अन्य सदस्यों को बचाने के प्रयासों के बारे में विशेष रूप से सतर्क रहें। संक्रमित परिवार के सदस्य को काटने वाले मच्छर आपके घर में दूसरों को संक्रमण फैला सकते हैं।

जागरूकता | जिले में स्वच्छ्ता ही सेवा अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

सभी विभाग समन्यवय बनाकर अभियान को सफल बनायें : डीसी

जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर । उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को स्वछता ही सेवा,कचरा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर किया। यह अभियान 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले के सभी प्रखंडों में चलेगा। अभियान के दौरान ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई,स्वच्छता कर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप शिविर,दीवाल लेखन एवं चित्रण,स्वच्छता चौपाल आदि गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। इसके साथ ही समुदाय को अपने गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने के लिए जन भागीदारी, अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों को अपनाने एवं उपयोगिता शुल्क संग्रहण के प्रति विशेष रूप से उत्प्रेरित किया जाएगा। इस साल के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम कचरा मुक्त भारत है ।इसके तहत सभी सार्वजनिक स्थलों,स्कूलों, विभिन्न कार्यालयो में अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।इस अभियान में सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पर विशेष रूप से जोर दिया जाएगा।स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत गांव में कूड़ा-कचरा को हटाने, प्लास्टिक अपशिष्ट को साफ करने, नालियों की साफ-सफाई,नदी पोखर, पईन एवं अन्य जलस्त्रोतों को स्वच्छ बनाने हेतु सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा।अधिक आवागमन वाले स्थलों यथा-बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों, हाट-बाजारों में भी साफ-सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा।इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया । इसके पूर्व उन्होंने इस अभियान अंतर्गत हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को भी रवाना किया। मौके पर पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता, स्वच्छ भारत मिशन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र दुबे, कई बीडीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

27 सितंबर को जब्त अवैध बालू की होगी नीलामी

संवेदकों को निविदा की शर्तो को करना होगा पूरा : डीएमओ

36 हजार 5 सौ घनफुट बालू की होगी नीलामी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। डीसी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन विभाग द्वारा जब्त 36 हजार 5 सौ घनफूट बालू की नीलामी को लेकर निविदा निकाली गई है। निविदा 27 सितंबर को उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि अवैध रूप से जब्त 36 हजार 5 सौ घनफूट भंडारित बालू की नीलामी होगी। जिसकी राशि 2 लाख 73 हजार 750 रुपए है।

उन्होंने बताया कि निविदा उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में खोली जाएगी एवं निविदा में भाग लेने वालों को नीलामी में दिए गए शर्तो को पूरा करना अनिवार्य होगा। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी में भाग लेने वाले संवेदको को सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत की राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक ड्राफ्ट,आयकर रिटर्न की छायाप्रति,पासपोर्ट साइस फोटो की दो प्रति,आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र की छाया प्रति आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

जिला खनन विभाग की ओर से जब्त बालू की नीलामी को लेकर निकाली गयी निविदा में भाग लेने के लिए संवेदक पर किसी भी थाने में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर मामला दर्ज नहीं होना चाहिए एवं किसी भी विभाग के द्वारा उनका व उनकी संस्था का नाम काली सूची से बाहर होना चाहिये।

झामुमो बाला, सत्येंद्र नाथ तिवारी के कार्यकाल में गढ़वा का सिर्फ सत्यानाश हुआ

'अलकतरा चोरी करने वालों को ईमानदारी की बातें शोभा नहीं देतीं'

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर जमकर हमला बोला है। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के कार्यकाल में गढ़वा कोमा में था और उन्होंने क्षेत्र का सिर्फ.सत्यानास किया है। जो खुद विधायक रहते अलकतरा चोरी मामले में जेल गया हो उसके मुंह से ईमानदारी की बातें शोभा नहीं देती। झूठ, फरेब, षड्यंत्र और अफवाह के दम पर पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने 10 सालों तक गढ़वा को लूटने का काम किया था। वह एक जनप्रतिनिधि के रूप में नहीं बल्कि एक पेशेवर ठेकेदार के रूप में अपना पूरा कार्यकाल बिताया है। उन्हें जनता की समस्याओं और उनके सुख-दुःख से कोई लेना देना नहीं रहा है। जब वह

विधायक थे तब लोगों की पहुंच से दूर रहने के लिए हमेशा क्षेत्र से बाहर ही रहते थे। न उनके अंदर इच्छाशक्ति थी और न ही काम करने का जज्बा, वह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र को सिर्फ चारागाह समझते थे।

पूर्व विधायक तिवारी को गढ़वा का विकास पच नहीं रहा है। चुनाव हारने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे 10 साल के कार्यकाल में 200 किलोमीटर रोड बना है। वर्तमान विधायक मिथिलेश ठाकुर उतना रोड भी बनवा दें तो बहु बड़ी बात होगी। आज मात्र साढ़े तीन साल के कार्यकाल में विधायक मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 700 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया है। कई मूलभूत संरचनाएं विकसित की गई। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन एवं खेल के क्षेत्र में गढ़वा ने पूर्व की तुलना से सैकड़ों गुना अधिक विकास किया है। तिवारी स्तरहीन एवं घटिया राजनीति पर उतारू हो गए हैं। वह घर बताने के लिए छह लाख का इनाम की घोषणा कर रहे हैं। आम जनता ने ही जवाब दे दिया कि मिथिलेश ठाकुर का घर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र की हर जनता का घर है। अब जनता उनसे पूछना चाहती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से क्यों चुनाव लड़ रहे हैं? पलामू लोकसभा के सांसद विष्णु दयाल राम का घर कहा है? विधायक कोटा की राशि को लूटने वाले पूर्व विधायक क्या इनाम की राशि भी इसी लूट की कमाई से देंगे? दुबे ने कहा की हैसियत से हम बहुत छोटे आदमी है फिर भी पूर्व विधायक को चुनौती देते हैं कि वह पूरे विधानसभा में 10 काम विधायक कोटा का गिना देंगे तो हम उन्हें 10 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में देंगे।

महिला मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष रेखा चौबे ने कहा कि सभी माताओं, बहनों का घर मिथिलेश ठाकुर का घर है। विकास के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए पूर्व विधायक अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। केंद्रीय सदस्य शंभु राम ने कहा कि पूर्व विधायक महाठग है। 10 वर्ष गढ़वा की जनता को ठगा, उससे पहले ओडिशा में ठगा। जब मुंसी थे तब अपने ठेकेदार को ठगा और मनरेगा में जब काम करते थे तो मजदूरों को ठगने का काम किया करते थे। गढ़वा की जनता से अपील है की मदारी आएगा, जाल बिछाएगा पर उसमें फंसना नहीं हैं। उन्होंने तिवारी को यह चैलेंज दिया कि अगर दो दिन के अंदर पूर्व विधायक गढ़वा विधानसभा में हुए विकास कार्यों को गिना दिए तो वह चिनिया स्थित अपने अवास को पूर्व विधायक के नाम कर देंगे।

राशन वितरण में भारी अनियमितता का लगाया आरोप

श्री बंशीधर नगर। पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचंद्र केशरी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर जनवितरण प्रणाली द्वारा राशन वितरण में भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने तथा गरीबो को पूरा राशन दिलाने की मांग की है। उपायुक्त को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि राशन वितरण में भारी गड़बड़ी की शिकायत चारों तरफ से मिल रही है। सुनने में आ रहा है कि दो दो महीने का राशन नहीं मिला है और डीलर द्वारा अंगूठा लगवा लिया गया। उन्होंने कहा है कि यह भी शिकायत मिल रही है कि डीलर को सरकारी गोदाम से एक माह का राशन देकर दो माह का प्राप्ति पर हस्ताक्षर करा लिया जाता है तथा दो माह का राशन सरकार द्वारा नही दिया गया है। यह शिकायत भी मिल रही है नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 पुरैनी के कुछ लोगो से हमे आवेदन प्राप्त हुआ है कि डीलर द्वारा दो माह का अंगूठा लगवाकर डेढ़ माह का राशन दिया जा रहा है। कुछ लोगों ने कम राशन लिया जबकि कुछ लोगों ने कम राशन लेने से इंकार कर दिया।

शिकायत पर बीडीओ ने की राशन दुकान की जांच

नवीन मेल संवाददाता। केतार
प्रखंड क्षेत्र के बांसडीह कलां गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को लिखित आवेदन देकर पीडीएस डीलर रवि राम पर राशन नहीं देने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बीडीओ से शिकायत की है कि डीलर द्वारा कुछ लोगों को जुलाई और अगस्त माह का राशन और धोती साड़ी वितरण किया गया है, जबकि हमलोगों को राशन खत्म होने का हवाला देकर राशन नहीं दिया। डीलर द्वारा प्रत्येक माह लाभुकों को घर बुलाकर अंगुठा लाकर पर्ची निकाल लिया जाता है और राशन की मांग करने पर राशन बाद में देने और राशन खत्म होने का हवाला दिया जाता है। इस संबंध में डीलर रवि राम ने

बताया कि उन्हें जनवरी माह से लेकर अगस्त माह तक 190 क्विंटल 14 किलो राशन कम मिला है, जबकि जुलाई माह में 14.56 किवंटल कम राशन मिलने से कुछ लाभुकों को राशन वितरण नहीं हो सका है। बीडीओ ने तत्काल एक्शन लेते हुए बांसडीह गांव जाकर राशन दुकान की जांच की। बीडीओ मुकेश मछुआ ने डीलर को एक सप्ताह के भीतर राशन मिलने से वंचित लाभुकों को राशन देने का निर्देश दिया है। राशन वितरण नहीं होने पर जांच कर डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही।

पीडीएस दुकान में सामूहिक तालाबंदी

बड़गड़ प्रखंड के ग्रामीणों ने डीलर की मनमानी के विरोध में उठाया कदम

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़
बड़गड़ प्रखंड अंतर्गत परसवार पंचायत के टेंगारी एवं मुटकी गांव के ग्रामीणों ने डीलर द्वारा कम राशन दिए जाने के विरोध में मुखिया जंगलपती लकड़ा के उपस्थित में जनवितरण प्रणाली के दूकान में सामूहिक रूप से तालाबंदी की है। दोनों गांव के ग्रामीणों ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदार पुरन कच्छप द्वारा कार्डधारियों से बायोमेट्रिक सिस्टम पर अंगुठा लगवाकर कम राशन देने से संबंधित शिकायत सैकड़ो हस्ताक्षर युक्त आवेदन के माध्यम से मुखिया एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से किया है।

दिए गए आवेदन में राशन लाभुकों ने कहा है कि डिलर द्वारा राशन लेने जानें पर कार्डधारियों के साथ उचित व्यवहार भी नहीं किया जाता है। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अनुसंसा

कराकर उपरोक्त पदाधिकारी से डीलर पर उचित कार्रवाई करते हुए कटौती किए गए राशन दिलानें की मांग कि है। इधर राशन दुकान में लाभुकों द्वारा ताला बंद किए तीन दिन बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं किए जाने से लाभुकों में नाराजगी है। वही राशन दूकान में तालाबंद किए जाने से जो लाभुक राशन अभी तक नहीं ले पाए हैं वे अपना राशन लेने के लिए दुकान का चक्कर लगाने को विवश हैं। जन वितरण प्रणाली के दूकान में तालाबंदी करने वाले आक्रोशित राशन लाभुकों में सोपान कच्छप, जुलेस कच्छप, अरविंद कुजूर, विदयस टोप्पो, रमेश तिर्की, जुनैद अंसारी, हरिहर सिंह, प्रमोद कुमार सोनी, बेनेदिक मिंज, किनु किस्पोट्टा, यशपाल टोप्पो, रिमा लकड़ा, शुशीला केरकेट्टा आदि सहित सैकड़ों महिला - पुरूष के नाम शामिल हैं। कार्ड धारियों को कम राशन दिए जाने के संबंध में पूछे जाने पर डीलर पुरन कच्छप ने कहा कि पिछले कई महीने से आवंटन के हिसाब से गोदाम से राशन नहीं मिल रहा है। गोदाम से कार्डधारियों के संख्या के अनुपात में काफी मात्रा में राशन की कटौती हुई है जिस कारण लाभूकों को उचित मात्रा में राशन नहीं दिया जा सका है। बचा हुआ राशन सभी लोगों को गोदाम से राशन मिलने के बाद दे दिया जाएगा।

जन वितरण प्रणाली की दुकान में डीलर द्वारा कम राशन दिए जाने एवं लाभुकों द्वारा दुकान में ताला बंद किया जाने के संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी गोदाम प्रबंधक मोजेस किस्पोट्टा ने कहा कि राशन दुकान में ताला बंद किए जाने की लिखित सूचना किसी के द्वारा नहीं दी गई है। जिन लोगों को डीलर द्वारा कम राशन दिया गया है उन्हें पूरा राशन मिलेगा।

डीलर के खिलाफ ग्रामीणों ने एमओ को आवेदन दिया

खरौंधी। प्रखंड के सुंडी पंचायत के डीलर आदिवासी महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा जुलाई माह का लाभुकों से अंगूठा लगवाने एवं पर्ची निकालने के बाद भी राशन नहीं देने का आरोप लगाया गया है। साथ ही धोती-साड़ी भी कम देने का आरोप लगाया। लाभुकों ने शनिवार को पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ गणेश महतो को आवेदन देकर डीलर के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है। वहीं डीलर हालकनिया देवी ने बताया कि राशन कम पड़ जाने की वजह से कुछ लाभुकों को राशन नहीं मिल पाया है। साथ ही राशन कटौती को लेकर ऊपर से ही राशन कम मिलता है जिसकी वजह से हम राशन में कटौती करते हैं। धोती साड़ी कम मिली थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ गणेश महतो ने बताया की लाभुकों की शिकायत पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

रामगढ़ को हरा अंतिम चार में पहुंची गिरिडीह की टीम

नवीन मेनल संवाददाता। गढ़वा
गढ़वा जिला फुटबाल संघ के द्वारा स्थानीय राम साहू के मैदान में आयोजित अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में गिरिडीह की टीम ने पेनल्टी शूटआउट में रामगढ़ को 4-3 से हरा दिया। गिरिडीह के राजकुमार मरांडी को मैन ऑफ द मैच दिया गया। रविवार को इसी मैदान में जमशेदपुर एवं गिरिडीह के बीच सेमीफाइनल दोपहर बाद 2:00 बजे से खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल मैच गोड्डा एवं बोकारो के बीच 18 सिंतबर को अटौला के मैदान में खेला जाएगा। इससे पहले मैच का उद्घाटन पलामू जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। मैच को देखने के लिए आयोजन समिति के संरक्षक उपायुक्त शेखर जमुआर, आयोजन समिति के अध्यक्ष राज महेश्वरम, सचिव आलोक कुमार मिश्रा, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी आदि उपस्थित थे। फानल 20 सितंबर को रंका में किया जाएगा।

जब तक संगठित नहीं होंगे, समाज का विकास नहीं होगा : अनिल साव

बाबा गणिनाथ महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलुवाई समाज के तत्वावधान में बाबा गणिनाथ महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती शहर के नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरेज हॉल में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में गढ़वा जिला के अलावे झारखंड प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ के लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. अनिल साव ने कहा कि समाज के सभी लोगों को संगठित होने की आवश्यकता है। जब तक संगठित नही होंगे, समाज का विकास होना असंभव है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को शैक्षणिक, राजनैतिक के साथ- साथ सभी क्षेत्रों में बेहतर करने की जरूरत है। इंटर एवं

मैट्रिक में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष उमानाथ गुप्ता, अनिल प्रसाद, जगनारायण प्रसाद, महामंत्री विजय प्रसाद, डॉ सुरेन्द्र प्रसाद सोनू मद्धेशिया युवा समिति के मधुर मद्धेशिया, महेंद्र प्रसाद, अंतू मद्धेशिया मनदीप कुमार, दीपक कुमार, छोटू कुमार, अविनाश कुमार, कन्हैया कुमार, रुपेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, गोपाल प्रसाद, दिव्य प्रकाश, रघुबीर, रवि रंजन, मिंटू मद्धेशिया, विनोद प्रसाद, अनिल प्रसाद, शंभू प्रसाद, अनिल बदामी, मनोज प्रसाद, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार झारखंड लाइट, आशीष कुमार, मीना देवी, गायत्री देवी आदि लोग उपस्थित थे।

पहल महिला से छेड़छाड़ करने वालों पर नजर रखेगा शक्ति दस्ता

शहर में मनचलों की अब खैर नहीं

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
महिलाओं को सुरक्षा देने की उद्देश्य से गढ़वा पुलिस की ओर से शक्ति दस्ता की शुरुआत की गई। एसपी दीपक कुमार पांडे ने समरनालय से शक्ति दस्ता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि गढ़वा में छेड़छाड़ की सूचना कुछ लोगों ने दिया था सूचना के आधार पर पुलिस की ओर से छेड़छाड़ के मामले को कम करने के लिए शक्ति दस्ता की शुरूआत की गई है। हर स्कूल कॉलेज एवं कोचिंग संस्थान के सामने पेट्रोलिंग करते रहेगी जैसे ही मनचले वहां पहुंचकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करेंगे शक्ति दस्ता उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि शक्ति

दस्ता का संचालन महिला थाना से किया जाएगा। उसके लिए 4 जोन में बांटा गया है जो अलग-अलग इलाके में जहां छेड़छाड़ की संभावनाएं ज्यादा रहती है उसे इलाके में पेट्रोलिंग करेगी। जिस महिला या लड़की को किसी तरह की असुविधा या छेड़छाड़ होने की संभावना लगे वह सीधे उनसे अपनी शिकायत कर सकती हैं पुलिस छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अब गढ़वा शहर में मनचलों का आप खैर नहीं है जिस किसी को भी किसी कोचिंग संस्थान या स्कूल के सामने बिना काम के घूमते देखा जाएगा या लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करते हुए पकड़ा गया उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी मौके पर सार्जेंट मेजर ओमप्रकाश आदि दास मौजूद थे।

इद्रिसी समाज के अध्यक्ष शोएब, सरपरस्त महमूद

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में शुक्रवार की शाम इद्रिसी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से इद्रिसी कमिटी गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से इद्रिसी कमिटी का अध्यक्ष शोएब आलम को, उपाध्यक्ष शाहिद नवाज को, सचिव इजमामूल हक, संगठन सचिव अरशद खलीफा को, खजांची मोजाहिद खलीफा को तथा कमिटी का सरपरस्त मो महमूद आलम सीनियर को बनाया गया। बैठक में अध्यक्ष शोएब आलम ने कहा कि समाज के लोगों

ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ हमें जिम्मेवारी दी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। बैठक में नईम खलीफा, मुमताज खलीफा, फिरोज खलीफा, नसीम खलीफा, तौकीर आलम, मंजूर खलीफा, इरफान खलीफा, अयाज खलीफा, मुस्तकीम खलीफा, नसरुलाह खलीफा, अबुताज शहंशाह, सुहैल आलम, गोलू आलम, सद्दाम हुसैन, एजाज आलम, इमरान, नाजिर आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त

विश्वकर्मा पूजा आज धूमधाम से मनाई जाएगी

मेराल। शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा पूजा रविवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर विभिन्न पूजा पंडाल में लोग लगे हुए हैं। इस संबंध में विश्वकर्मा समाज के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा को लेकर लगभग 10 लाख रुपये की प्रतिमा की बिक्री हुई है। हालांकि पूर्व की अपेक्षा प्रतिमा की बिक्री में कमी आई है। जिले में सुखाड़ की स्थिति होने के कारण इस वर्ष विश्वकर्मा पूजा को लेकर कोई विशेष उत्साह नहीं देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा पूजा पर 50 साल बाद विश्वकर्मा पूजा के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, द्वीप पुष्कर योग और ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है। जो बेहद दुर्लभ संयोग है।जिससे लोगों को करियर में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि रविवार को दुकान, कार्यालय, कारखाने, उद्योग और मशीनरी से जुड़े प्रतिष्ठानों में पूजा की जाएगी। विश्वकर्मा पूजा को लेकर बाजारों में फूल माला, पटाखा, झंडी की दुकानों में खरीदारी जोरो पर है।

मेराल में वार्ड सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

मेराल। प्रखंड के सभागार में चौथे चरण के चल रहे वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शनिवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्य तीन दिवसीय पंचायत वार वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने बताया कि चौथे चरण के प्रशिक्षण में मेराल पश्चिमी पंचायत, गेरुआ, गोंदा और बना पंचायत के वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण समाप्त हुआ। इसमें सभी जनप्रतिनिधि, मुखिया, बीडीसी, वार्ड सदस्य, प्रखंड कर्मी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक शामिल थे। मौके पर पंचायती राज प्रखंड कोऑर्डिनेटर रश्मि लकड़ा, रिजवान अख्तर नाजीर, सुनील कुमार, अभिषेक कुमार, प्रशिक्षक अरुण कुमार पांडे, दीपक कुमार, सुरेंद्र कुमार दुबे, कर्म थापा, दुर्गेश कुमार, प्रेम प्रकाश आदि उपस्थित थे।

चुनाव को रद्द कर नए सिरे से चुनाव की मांग

भवनाथपुर। अरसली उतरी पंचायत निवासी लालसा देवी व अन्य ग्रामीणों ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर बीते 13 सितंबर को अरसली उतरी में हुए स्वास्थ्य सहिया की चुनाव को रद्द करते हुए पुनः नये सिरे से चुनाव कराने की मांग की है। आवेदन में लालसा देवी पति स्व. सुनील शर्मा ने जिक्र किया है कि बीते 13 सितंबर को अरसली उतरी के डोमटोली आंगनबाड़ी केंद्र के प्रांगण में स्वास्थ्य सहिया का चयन हेतु आमसभा किया गया था, जिसमें चुनाव प्रवेक्षक के रूप में उपस्थित बृज मोहन पासवान ने सरकार के पत्र तथा चयन प्रक्रिया नियमावली के विरुद्ध एक अयोग्य महिला का गुपचुप तरीके से चयन कर लिया गया। जबकि आमसभा के दौरान गांव के ही एक विधवा और असहाय महिला लालसा देवी के पक्ष में अन्य छह अभ्यर्थियों ने अपना समर्थन दिया था। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से उक्त सहिया पद के लिए चुनाव को रद्द करते हुए पुनः नये सिरे से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास ने बताया कि स्वास्थ्य सहिया के लिए हुए चुनाव में प्रवेक्षक द्वारा चुनाव नियमावली प्रक्रिया की अनदेखी की जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा मिली है। उक्त चुनाव को रद्द कर पुनः चुनाव की तारीख निकाली जायेगी।

सेविका चयन में अनियमितता का आरोप

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड क्षेत्र के कुंबा फूटाबांध ग्राम निवासी ललिता देवी जिले के उपायुक्त आवेदन देकर फुटाबांध में सेविका चयन में अनियमितता का आरोप लगाया है। डीसी के दिए गए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि 29 अगस्त को ग्राम कुंबा खुर्द के टोला फूटा बांध में बाल विकास पदाधिकारी के द्वारा सेविका चयन किया गया जिसमें इंटर पास का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि मैं बीए पास हूं। मेरा चयन न कर निरंती कुमारी पति रविशंकर उरांव का चयन किया गया है, जो नियम के विरुद्ध है। उन्होंने सेविका के पद पर निरंती का चयन निरस्त कर पुनः चयन करने की मांग की है।

भाजपा की सेवा पखवाड़ा की शुरुआत आज से

गढ़वा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की जाएगी। मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले भर के सभी मंडलों में ब्लड ग्रुप के साथ डायरेक्टरी भी बनाया जाएगा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 25 सितंबर को जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे। साथ ही 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर भाजयुमो द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर स्कूल कॉलेज मंदिर शहीद स्मारक आदि अनेकों जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, अनित तिवारी, सुधीर कुशवाहा, रवि कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

स्वास्थ्य मेले में 419 मरीजों की जांच हुई

भंडरिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान भंडरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों से पहुंचे 419 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करायी। वहीं निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। इस स्वास्थ्य मेले में परिवार नियोजन, आयुष, मातृत्व, शिशु, पोषण, कोविड, नियमित टीकाकरण, कुष्ठ जागरूकता, मलेरिया, आयुष्मान भारत, एनसीडी कार्यक्रम, एचआईवी नियंत्रण सहित अन्य स्टॉल लगाया गया था। इसके पूर्व इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रुकमणी कुमारी, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंहा, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, उप मुखिया रविंद्र सिंह व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक ने संयुक्त रूप से किया। मेले में प्रखंड लेखा प्रबंधक सुनील कुमार, राजन किस्पोट्टा सिकंदर कुमार, एएनएम रुपलता मिंज जयमाला कुजूर, बिभारानी तिग्गा रूबी रानी लकड़ा, सुजाता संगीता कुमारी, कंचन बाला कुमारी, एमपीडब्ल्यू शीतल पवन तिर्की, संदीप कुमार, वेद प्रकाश राजू, केरकेट्टा अभिराम कच्छप, बीटीटी धर्मेंद्र कुमार, कामता किस्पोट्टा संतोष कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मेले में 750 लोगों की जांच की गई

विशुनपुरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुरा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिकित्सा और परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख दीपा कुमारी, विधायक प्रतिनिधी कृष्णा विश्वकर्मा, जितेंद्र दीक्षित, उपाधीक्षक गोखुल कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवम द्वीप प्रज्वलित कर किया। मेला में कुल 750 लोगों की जांच की गई। मौके पर आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार, डॉ राम किश्वर विश्वकर्मा, डॉ दयाशंकर ठाकुर, डॉ सौम्य कुमारी, तारा गुप्ता, इंदु देवी, रेहाना प्रवीण, संतोष ठाकुर, अमरेंद्र प्रताप सेलर सहित कयी लोग शामिल थे।

आदिवासियों, मूलवासियों व दलितों की जमीन की रक्षा हर हाल में करेंगे : साजन कुमार

जमीन की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे भी : बंधु तिर्की

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि लातेहार में जमीन की लड़ाई पूरी आक्रमकता के साथ ना केवल लड़ेंगे बल्कि जीतेंगे भी। लेकिन इसके लिए सबसे बड़ी जरूरत यह है कि यहां के आदिवासी, दलित, मूलवासी और सभी ग्रामीण एकजुटता एवं ईमानदारी से अपनी लड़ाई लड़े।

शनिवार को लातेहार के कुंदरी मैदान में आयोजित ग्रामीणों की एक सभा को संबोधित करते हुए तिर्की ने कहा कि विशेष रूप से लातेहार के सभी विस्थापित गांव खनिज संसाधन से भरपूर हैं और वहां बड़ी कंपनियों और उद्योगपतियों की पैनी नजर है। तिर्की ने कहा कि झारखंड और यहां के लोग हमेशा से अपनी जमीन, कोयला और अन्य खनिजों के कारण लुटे जाते रहे हैं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लातेहार अपने-आपमें झारखंड के संघर्ष और इसके बदलाव का आधार बनेगा क्योंकि अब यहां किसी भी हाल में जमीन के मामले पर कोई भी समझौता नहीं होगा। वहीं कांग्रेस नेता साजन कुमार ने कहा कि ग्राम सभा की अनुमति के बिना 1 इंच जमीन का भी स्थानांतरण नहीं होगा चाहे इसके लिये जैसी भी लड़ाई लड़नी पड़े या कीमत चुकानी पड़े। साथ ही फर्जी ग्राम सभा कर प्रस्ताव पारित करनेवाले तत्वों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। तिर्की ने कहा कि लातेहार के सभी सात राजस्व गांव में भूमि के सर्वे में बहुत सारी विसंगतियां हैं जिसके कारण न केवल सामाजिक बल्कि जमीन की वैसी समस्याएं पैदा ले रही है जो आपसी समरसता को समाप्त कर सभी के बीच तनाव का कारण बन रही है।पूर्व में कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव में लातेहार के सभी सात राजस्व गांव में भूमि के पुनः सर्वे के लिये आदेश पारित किया जा चुका है लेकिन प्रशासनिक स्तर पर घोर लापरवाही और अदूरदर्शिता के कारण इस मामले में जमीनी स्तर पर कोई भी काम नहीं हुआ। कहा कि इस ज्वलंत मुद्दे पर यदि प्रशासन ने समय की अपेक्षा और गंभीरता के अनुकूल अविलंब कदम नहीं उठाया तो तीव्र आंदोलन किया जायेगा।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमूल्य नीरज खलको, प्रो.तुलेश्वर उरांव, साजन कुमार, रौशन भगत, राजेश उरांव, चंद्रदेव उरांव, महेश्वर उरांव, राजेश उरांव, रवि भगत, सूरज उरांव, राजकुमार जायसवाल, जीतू उरांव, परमोद उरांव, विनोद उरांव बिजेंदर, संतोष रजक आदि भी मौजूद थे।

'आकंक्षी प्रखंड कार्यक्रम पंचायतों व गावों के विकास में निभाएगा भूमिका'

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम को लेकर चिंतन शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड
मयूरहंड प्रखंड सभागार में शनिवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख मिकी देवी व संचालन बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने की।

शिविर में गांवों के विकास के लिए विभाग वार संबंधित विभाग के पदाधिकारी व प्रतिनिधि से क्षेत्र में चल रहे योजनाओं व संभावित योजनाओं की बारी बारी से जानकारी लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग, कृषि आदि समस्याओं व समाधान पर चचाएं की गई।

वहीं बीडीओ ने कहा कि आकंक्षी प्रखंड कार्यक्रम पंचायतों एवं गांवों के विकास में कारगर भुमिका निभाएगी। बीडीओ ने मुखिया, पंसस, जिला परिषद सदस्य, वार्ड सदस्य समेत सभी प्रतिनिधियों से कार्यक्रम में बढचढ कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। ताकि प्रखंड क्षेत्र के गांवों का चहुंमुखी विकास हो सके। शिविर में मुख्य रुप से पिरामल फाउंडेशन के सदस्यों के अलावा विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, मुखिया उमीर्ला देवी, पंसस माया देवी, पंसस रामटहल गुप्ता, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे, जबकि बैंक कर्मी नहीं पहुंचे थे।

निशानदेही पर 9 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

बाइक चोर गिरोह के सरगना को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
बालूमाथ थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के सरगना मो. मोजाहिद उर्फ पप्पू (28वर्ष) पिता मोहम्मद जैनुल आबदिन ग्राम ओल्हेपाठ थाना बालूमाथ को गिरफ्तार कर लातेहार कारा भेज दिया है। प्रेस वार्ता कर बालूमाथ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन ने जानकारी देते हुए बतलाया कि शुक्रवार को थाना क्षेत्र के मकईयाताड़ पुलिस पीकेट के पास वाहन जांच किया जा रहा था। इस दौरान बिना नंबर प्लेट लगे चोरी के बाइक से मोजाहिद चंदवा की ओर से बालूमाथ आ रहा था। पुलिस को देख युवक ने मोटरसाइकिल को घुमाते हुए चंदवा की ओर भागने लगा, जिसे सुरक्षा बल शंका जताते हुए खदेड़ कर पकड़ लिया। पुलिस ने नाम पूछा और गाड़ी के कागजात मांगे तो

युवक ने बतलाया कि यह गाड़ी चोरी की है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया और पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान मोजाहिद की निशानदेही पर अलग-अलग जगह से 9 मोटरसाइकिलें बरामद की गई। मोटरसाइकिल चोर गिरोह के सरगना मुजाहिद ने इस कारोबार से जुड़े कई अहम बातों की जानकारी दी है। इस चोरी के कारोबार में जुड़े अन्य अभियुक्त को भी गिरफ्तारी के लिए पुलिस गहन छापेमारी अभियान चला रही है। पुलिस ने बालूमाथ थाना में कांड दर्ज कर विभिन्न सुसंगत धाराओं के साथ युवक को लातेहार कारा भेज दिया गया है। अभियान में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार, पु.नि.नीतीश कुमार, पु.नि. धीरज कुमार, पु.नि. दुति कुमार महतो स.अ.नि. संजय चौधरी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

पंप में हथियार के बल पर दिनदहाड़े लूट

चंदवा। चंदवा माल्हन मैकलुस्कीगंज मार्ग पर दुबी गांव के समीप हिन्दुस्तान बायोडीजल पंप में अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल के बल पर दिनदहाड़े कैश काउंटर से 8-10 हजार रुपये लूट लिए। पंप के मालिक आलोक साव ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी बब्लू कुमार सदल बल घटना स्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली। पंप मालिक ने बताया कि आपाची बाइक पर सवार दो लोग पेट्रोल लेने के लिए रुके और पम्प के मैनेजर पर पिस्टल तान दी। काउंटर मे रखे करीब 8-10 हजार रुपये निकाल कर मैकलुस्कीगंज की ओर भाग निकले। थानेदार ने बताया कि भुक्तभोगी कि सूचना पर मामले कि पड़ताल कि जा रही है।

समिति ने पणन सचिव के नाम सौंपा मांगपत्र

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड के नवगठित व्यवसायिक समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को कृषि उत्पादन बाजार समिति के प्रधान लिपिक जगबालक प्रसाद के साथ मुख्य बाजार स्थित जर्जर शेड का भ्रमण करते हुए इसके नवनिर्माण या मरम्मती कराने की मांग की। इसे लेकर समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने बाजार शेड के दुकानदारों के साथ मिलकर कृषि उत्पादन बाजार समिति के पणन सचिव के नाम एक मांगपत्र भी सौंपा। मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने शेड में दुकान लगाने वाले दुकानदारों की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि शेड की जर्जर अवस्था के कारण इसका अल्बेस्टर टूट-टूटकर कई बार गिर गया है। इससे कई बार दुकानदारों के साथ छोटी-मोटी घटना हो चुकी है। वहीं शेड का फर्श और पिलर पूरी तरह ध्वस्त होने के कगार पर है। लोग शेड की छत गिर जाने के कारण प्लास्टिक और त्रिपाल लगाकर अपना व्यवसाय चला रहे हैं। इन चारों शेड का निर्माण चार दशक पूर्व बाजार समिति के द्वारा ही कराया गया था। बाजार समिति के प्रधान लिपिक जगबालक प्रसाद ने दुकानदारों के हित की मांग को जायज बताते हुए वरीय अधिकारियों तक मांगपत्र पहुंचाने को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान समिति के महासचिव जैकी चौरसिया, प्रवक्ता बिरेंद्र ठाकुर, सलाहकार सतीश कुमार उर्फ गुड्डू, इम्तियाज अहमद, विजय ठाकुर, राजन अहमद, विजय विश्वकर्मा, अमजद खलीफा, इस्तियाक खान, पंकज तिवारी, राजन अंसारी, मुनिफ खलीफा, सरफुद्दीन अंसारी, इम्तियाज अहमद, मुस्ताक खलीफा, वकील अंसारी और गीता कुंवर आदि दुकानदार मौजूद थे।

संक्षिप्त

अवैध बालू खनन मामले में प्राथमिकी दर्ज

मयूरहंड। अवैध बालू उत्खनन कर ढुलाई करने को लेकर दो वाहनों को मयूरहंड अंचल क्षेत्र से जब्त किया गया है। जब्त वाहन के इंजन और ट्रॉली का रजिस्ट्रेशननहीं पाया गया। अवैध रूप से बालू कार्य में जुटे जब्त दोनो वाहनों के विरुद्ध मयूरहंड थाना में कांड संख्या 58/2023 दर्ज कराया गया है। इस मामले में सोनालिका कम्पनी के जब्त दो ट्रैक्टर के इंजन नंबर तथा चेचिस नंबर चिन्हित कर लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 एवं खनिज विकास विनिमय अधिनियम 1957 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

बिजली तार की चपेट में आने से महिला गंभीर

गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय समीप खिरोधर साव की पत्नी पूनियां देवी 11 हजार केवी बिजली की तार के करंट के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला को परिजनों व ग्रामीणों की तत्परता से इलाज के लिए सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र लाया गया। जहां एएनएम अनिशा चेन्नई ने बताया कि करंट लगने वाले का यहां इलाज नहीं हो पाता है। उसके बाद एंबुलेंस के माध्यम से चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार छत के ऊपर महिला झाड़ू लगाने गयी थी कि अचानक 11 हजार तार के चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गयी।

सीसीएल ने उड़सु में लगाया जांच शिविर

टंडवा। टंडवा प्रखंड क्षेत्र में सामान्य संक्रमण से पीड़ित लोगों के सुलभ चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने हेतु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। शनिवार को आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के उड़सू में सामाजिक दायित्व निर्वहन कार्यक्रम के तहत जीएम अमरेश सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 126 लोगों को स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त दवाइयां दी गई। शिविर में डॉ. प्रभा कुमारी, डॉ. सूर्यांशु मुखर्जी मौजूद थे।

बीमारियों की जांच कर दवाओं का वितरण

प्रतापपुर। प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर सह मेले का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख, बीडीओ मुरली यादव, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से किया। स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य से सम्बंधित कई स्टॉल लगाकर मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा दी गई। वहीं आंखों की जांच कराने पहुंच लोगों को निराश लौटना पड़ा, क्योंकि शिविर में आंखों के जांच की व्यवस्था नहीं थी। मौके पर मुखिया सुरेश राम, मुखिया संगीता देवी, स्वास्थ्य विभाग से संजय कुमार, संजीत कुमार, समेत कई एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

शिविर में सुदूरवर्ती क्षेत्र से नहीं पहुंचे ग्रामीण

पत्थलगड़ा। पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया। मेले में लोगों की सुविधा को लेकर 10 स्टॉल लगायें गए थे। वहीं चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी डॉ. सुमित जसवाल स्वास्थ्य मेले में एक घंटे रहे लेकिन मरीज को बिना जांच की दवाई दी गई, जबकि जानकारी के अभाव में सूदूरवर्ती के ग्रामीण इलाज के लिए मेले में नहीं पहुंच पाए। मौके पर बीपीओ राजेश्वर कुमार, मुखिया संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी, मुखिया राधिका देवी, कुमारी संगीता सिन्हा, पूर्व मुखिया मेघन दांगी, विधायक प्रतिनिधि अरविंद ठाकुर, सीएचओ सरोज मिर्च आदि उपस्थित थे।

चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

चंदवा। प्रखंड के लाधुप हाई स्कूल खेल मैदान में शनिवार को चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष साजिद खान उर्फ धन्नू खान लाधुप मुखिया बिफई मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। साजिद खान व बिफई मुंडा के द्वारा फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच गितिल टांड़ कुड़ू और एसटी गढ़ा टोली के बीच खेला गया। एसटी गढ़ा टोली की टीम तीन गोल से मैच जीत गई। फाइनल मुकाबला 19 सितंबर को खेला जाएगा। मौके पर कार्तिक मुंडा, खुर्शीद खान, जोहन मुंडा, इमरान खान, मोकिल खान, सोनू खंज समेत सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

बैठक में जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की गई

महुआडांड़। प्रखंड सभागार में शनिवार को फीता फाउंडेशन द्वारा प्रखंड स्तरीय इंटरफेस मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अमरेन डांग ने की। बैठक में फिया फाउंडेशन द्वारा जलवायु परिवर्तन और उसके कुप्रभाव को कैसे कम किया जा सके इसपर चर्चा की गई साथ ही फिया फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। फिया फाउंडेशन की ओर से दिव्या प्रकाश ने बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधियों और सभी कर्मियो से इस विषय पर आपसी तालमेल बना समस्या का समाधान निकालने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित लोगों को प्रोजेक्टर द्वारा जल संरक्षण के उपाय बताए गए साथ ही जलवायु अनुकूल खेती, जल जंगल जमीन के संरक्षण के बारे में भी बताया गया। मौके पर जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिंज, इग्नेसिया केरकेट्टा, मुसाहिद, प्रेमिका सुरीन, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

केवि व हॉस्पिटल का निर्माण जल्द करे सीसीएल : अनिता

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा संचालित तेतरियाखांड परियोजना के परियोजना पदाधिकारी एवं राजहरा एरिया के महाप्रबंधक से बालूमाथ स्थित परियोजना कार्यालय में मुलाकात कर बालूमाथ की अनेक समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की। जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि बालूमाथ में सीसीएल के द्वारा पिछले 30 वर्षों से कोलियरी संचालित है, परंतु अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन जन आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं होने से बालूमाथ के लोग आज भी उपेक्षित व ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बालूमाथ में एक अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल एवं एक केंद्रीय विद्यालय की अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए अबतक किए गए प्रयास और इसके निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। राजहरा एरिया के महाप्रबंधक कमल मांझी के द्वारा बताया गया कि यदि आप जमीन उपलब्ध करा दें तो मैं एक केंद्रीय विद्यालय और अस्पताल उपलब्ध करा दूंगा। जिप उपाध्यक्ष ने इस संबंध में जिला उपायुक्त से मिलकर जमीन उपलब्ध कराने की बात कही है। चर्चा के अन्य बिंदुओं में तेतरियाखाड़ कोलवरी के आसपास के क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण और इससे होने वाले नुकसान पर चिंता व्यक्त की गई और इसके लिए खान क्षेत्र के किनारे हरा पर्दा से घेराबंदी तथा सभी लोड ट्रकों को अनिवार्य रूप से तिरपाल लगाकर ही सड़क पर निकालने का निर्देश दिया है। इन सभी बातों पर जनरल मैनेजर कमल मांझी के द्वारा सकारात्मक पहल करने की बात कही गई है। जिप उपाध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि जल्द ही सीसीएल परियोजना के सीएमडी से मिलकर अन्य बातों की जानकारी दी जाएगी एवं क्षेत्र में अस्पताल और विद्यालय के लिए प्रयास किया जाएगा। इस संदर्भ में सीसीएल के राजहरा एरिया के महाप्रबंधक कमल मांझी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सीसीएल के द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत अनेक सामुदायिक विकास के कार्य किए जा रहे हैं। लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष के द्वारा जिन विषयों को लाया गया है उसे पर शीघ्र ही सार्थक परिणाम देखने को मिलेंगे।

साहू डिग्री कॉलेज परिसर में एप्रेन्टिस मेला कल लगेगा

लातेहार। जिला नियोजन कार्यालय के तत्वाधान में 18 सितंबर को पूर्वाह्न 10:00 बजे से बनवारी साहू डिग्री कॉलेज परिसर में एप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया गया है। इसमें कई कम्पनियां / प्रतिष्ठान/ संस्थान शामिल होंगी। इसमें 5वीं/ 10वीं/ इंटर/ स्नातक/ आईटीआई/ टेक्निकल डिग्री इत्यादि शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार शामिल हो सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिले के युवाओं से अपील की है कि एप्रेन्टिस मेला में भाग लेकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें।

इस मेले में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। झारखंड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड। शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति। 2 कॉपी फोटो। आधार कार्ड की छाया प्रति।

स्थानीय निवास प्रमाण पत्र। जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति। बायोडाटा की दो कॉपी। इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के साथ भाग ले सकते हैं।

वैश्य समाज ने गणिनाथ का पूजा महोत्सव मनाया

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब में अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य हलवाई समाज द्वारा शनिवारको श्री श्री गणिनाथ गोविंद का पूजा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर व मधेशिया हलवाई समाज के बाहर से आए हुए अतिथियों द्वारा किया गया।

वहीं समाज के द्वारा जिला कमेटी के अध्यक्ष नंदू प्रसाद के नेतृत्व में झंडात्तोलन करने का काम का आयोजन किया गया। गणिनाथ महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि समाज की एकता और संस्कृति की रक्षा को लेकर यह कार्यक्रम प्रेरणा स्रोत है और अपनी एकता और संस्कृति की रक्षा के लिए इस समाज से जुड़े सभी को लोगों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के साथ-साथ समाज के लिए बेहतर योगदान देने वाले लोगों को विधायक द्वारा सम्मानित किया गया।

मौके पर संतोष कुमार, प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, कांग्रेस कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, अजय चंद्रवंशी, समाज के प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार गुप्ता बिनु, भीम प्रसाद, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, संतोष प्रसाद, सिद्धनाथ प्रसाद, अनिल प्रसाद, रामनाथ प्रसाद, सुरेश साव, बबन प्रसाद, दीपक गुप्ता, सुजीत गुप्ता, अंकित गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, उत्तम कुमार आदि मौजूद थे।

केंद्रीय टीम ने बायो गैस प्लांट का लिया जायजा

चंदवा। प्रखंड क्षेत्र के बोदा पंचायत अंतर्गत लुकुईया गौशाला में बने बायोगैस प्लांट का शनिवार को भारत स्वच्छ मिशन की केंद्रीय टीम के रविंद्र बोहरा, बोदा पंचायत मुखिया ललिता देवी, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता दीपक महतो, सहायक अभियंता अरूण कुमार, जेई सुनील कुमार ने जायाजा लिया। बोहरा ने गोशाला प्रबंधक शशिभूषण सिंह को गोबर की महत्ता को बताते हुए कहा कि इससे कई लाभ है। बोहरा ने गोशाला प्रबंधक शशिभूषण सिंह को सुझाव देते हुए कहा कि इस गोबर गैस प्लांट की महत्ता को आस पास के गांव के लोगों को भी बताएं कि इससे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। इसके साथ साथ घर में खाना बनाने, प्रकाश के रूप में इसका इस्तेमाल कर ईंधन के रूप में बढ़ते खर्च को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम के पश्चात सभी चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय पहुंच कर सचिवालय परिसर में सबों के द्वारा पौधरोपण किया गया। मौके पर पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, जिला कोआर्डिनेटर नरोत्तम, प्रखंड कोआर्डिनेटर सोनी कुमारी, पूर्वी जल सहिया अंजू कुमारी, पश्चिमी मायावती देवी आदि मौजूद थे।

गड़बड़झाला | टीकाकरण के लिए सप्लाई की गई सिरिंच घटिया

बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
प्रखंड के अंतर्गत 124 आंगनबाड़ी केंद्रो में हर महिने एनएम द्वारा अपने-अपने पोषण क्षेत्र की तमाम गर्भवती महिलाओ और 0-5 वर्ष तक के बच्चों का मासिक जांच एवं टीकाकरण कर रिपोर्ट की जाती है। सितंबर महिनें में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ से एनएम को मासिक टीकाकरण जों सिरिंच (सुई) दिया जा रहा है, वह बहुत ही घटिया दिया जा रहा है, इससे एनएम को टीकाकरण में परेशानी हो रही है। वहीं सेंटर में बच्चों को

लेकर इंजेक्शन लगवाने आई महिलाएं बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर डरी हुई है। उनका कहना है कि इंजेक्शन लगाते समय सूई टूट गई तो भारी नुकसान हो सकता है। डीपाटोली आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका संगीता देवी ने बताया कि शनिवार सेंटर में टीकाकरण किया जा रहा था। एक टीकाकरण के लिए चार- पांच सिरिंच एनएम दीदी खोल रही थी। एनएम सुषमा टोप्पो ने हमे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डब्बे में डालकर जो मिलता है। उसे लेकर नियमित रूप से सेंटर पर आकर काम करते है। इस बार सिरिंच घटिया मिला है। कोई दवा नहीं खिंच पा रहा है, कोई टूटा निकल रहा है, ज्यादातर खराब है, हमलोग भी डरे हैं, क्योंकि धरातल पर कार्य हम करते हैं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बताया गया कि दवा और सिरिंच जिला से ही सप्लाई कि जाती है।

राशन नहीं देने पर बीडीओ ने डीलर को लगाई फटकार

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड केछेंचा पंचायत के चपरी ग्राम के जन वितरण प्रणाली केंद्र के संचालक नागेश्वर राम द्वारा कार्ड धारकों के पर्ची निकाले जाने के बाद जुलाई, अगस्त और सितंबर माह का राशन वितरण नहीं करने के मामले को लेकर शनिवार को दर्जनों कार्डधारी प्रखंड मुख्यालय पहुंचे, जहां मामले की जानकारी मिलने पर जिप सदस्य संतोषी शेखर ने आपूर्ति विभाग के कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए और डीलर के खिलाफ कार्रवाई के साथ राशन वितरण करने की मांग को लेकर आपूर्ति विभाग के कार्यालय के समक्ष कार्ड धारकों के साथ धरने पर बैठ गई। जिप सदस्य के धरने पर बैठने की सूचना मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय मौके पर पहुंचे। उन्होंने जिप सदस्य को मनाने का प्रयास किया पर जिप सदस्य डीलर को बुलवाने और राशन वितरण करने की मांग पर अड़ी रही। जिप सदस्य के समर्थन में पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, झामुमो अध्यक्ष अफजाल अंसारी समेत कई लोग धरने पर बैठ गए। मौके पर डीलर नागेश्वर राम के पहुंचते ही बीडीओ ने डीलर को जमकर फटकार लगाई गई और तत्काल बकाया राशन वितरण करने का निर्देश दिया।

खेल छात्रों में अनुशासन व व्यक्तित्व में निखार लाता है : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
खेल जीवन में अनुशासन और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का भाव लाता है। साथ ही उनके जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायता करता है। छात्रों में अनुशासन और उनके व्यक्तित्व में भी निखार लाता है। खेल में भागीदारी होने से खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे होते हैं। उक्त बातें उपायुक्त ने शनिवार को नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में जिला स्तरीय खेलो झारखंड के प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कही। कार्यक्रम में अपरूपा पॉल चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा के द्वारा कहा गया कि खेल का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल छात्रों के मानसिक शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। दूसरे चरण में अंडर 14/17/19 बालिका वर्ग वॉलीबाल

और कुश्ती के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वॉलीबॉल और कुश्ती का मुकाबला उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिन्दू,लोहरदगा के खेल मैदान में खेला गया। बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा और उपविजेता झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो को उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वॉलीबॉल अंडर 14 बालिका वर्ग विजेता कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा और उपविजेता कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को। अंडर 17 बालिका वर्ग विजेता कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को और उपविजेता राजकीयकृत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, बिटपी, भंडरा तथा अंडर 19 बालिका वर्ग का मुकाबला कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को और राजकीयकृत +2 नंदलाल उच्च विद्यालय, अरूं, सेन्हा के बीच खेला गया। जिसमें विजेता नंदलाल उच्च विद्यालय, अरूं विजयी हुई और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को उपविजेता हुई।कुश्ती का मुकाबला अंडर 14/17/19 का मुकाबला बालक और बालिकाओं का खेला गया। जिसका फाइनल को खेला गया। परोक्त सभी विजेता और उपविजेता अंडर 14/17/19 बालिका और बालक वर्ग के प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर सभी प्रतिभागी विद्यालयों के खिलाड़ी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विभिन्न खेलों से जुड़े कोच उपस्थित थे।

राष्ट्रीय पोषण माह-2023 के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक का आयोजन

पोषण माह में की जा रही गतिविधियों में गुणवत्ता रहनी चाहिए : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह-2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज कल्याण कार्यालय, लोहरदगा की ओर से राष्ट्रीय पोषण माह-2023 अंतर्गत किये जा रहे क्रियाकलापों से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा को निदेश दिया गया कि पोषण माह में किये जा रहे गतिविधियों में गुणवत्ता रहनी चाहिए। उसकी रूपरेखा ऐसा बनायें कि पोषण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य पूरा हो सके। सभी आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका को भी पोषण से जुड़ी प्रत्येक जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। सभी विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन करें और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

राष्ट्रीय पोषण माह-2023 अंतर्गत सितंबर में 1-30 सितंबर 2023 तक विभिन्न कार्यक्रम

आयोजित किये जा रहे हैं। 17 से 19 सितंबर तक आंगनबाड़ी स्तर पर और आसपास के जल स्त्रोतों की सफाई, स्थानीय निकायों-पंचायती राज संस्थाओं/महिला समितियों के साथ जल संरक्षण पर संवेदीकरण, आंगनबाड़ी स्तर पर योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। 20 से 23 सितंबर तक मिलेट्स पर केंद्रित आंगनबाड़ी केंद्र में भोजन प्रतियोगिता, मिलेट्स सहित आदिवासी भोजन पर जागरूकता अभियान चालाया जाएगा। सभी आंगनवाड़ी केद्रों पर पूरक आहार में मिलेट्स को शामिल करने, अन्न प्राशन दिवस जैसे समुदाय आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

कूलों में बाजरा आधारित मेला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में 20 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय डिवार्मिंग डे का आयोजन किया जाएगा। 24 से 27 सितंबर 2023 तक आकांक्षी जिला अंतर्गत किशोरियों के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर एनीमिया जांच शिविर आयोजित किये जायेंगे। गर्भवती, स्तनपान करानेवाली माताओं और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया जाएगा। कुपोषण, एनीमिया और मिलेट्स के महत्व पर पोषण पंचायतों की संवेदीकरण बैठक की जाएगी। आंगनवाड़ी केंद्रों में किचन गार्डन/पोषण वाटिकाओं की स्थापना पर प्रदर्शनी लगायी जाएगी। सक्षम आंगनवाड़ी के तहत लक्षित आंगनवाड़ी केंद्रों और घरेलु स्तर पर पोषण वाटिका का निर्माण किया जाएगा। 28 से 30 सितंबर तक पंच प्राण, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन किया जाएगा। समापन के मौके पर 30 सितंबर को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अनुप हांसदा, सभी सीडीपीओ, सभी महिला पर्यवेक्षक, विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि समेत गणमान्य उपस्थित थे।

20 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, 29 को मॉप-अप दिवस होगा

लोहरदगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस दिनांक 20 सितम्बर 2023 को एवं मॉप-अप दिवस दिनांक 29 सितम्बर 2023 को होना है। इस अभियान के दौरान 1 से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों एवं किशोर/किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए शिक्षक सभी विद्यालयों में और आंगनबाड़ी सेविका सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को अपने सामने अल्वेण्डाजोल की गोली खिलाएँगे। जानकारी तथा जागरूकता के अभाव में सभी दवा का सेवन नहीं करते हैं, जिसके कारण हम अपने ₹एनीमिया मुक्त झारखण्ड₹ के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है, ताकि ₹एनीमिया मुक्त झारखण्ड₹ के सपने को साकार किया जा सके। मुखिया एवं वार्ड सदस्य अपने ग्राम में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन कृमि की दवा खाकर स्वयं करेंगे। सभी समुदाय को अल्वेण्डाजोल की दवा का सेवन करने हेतु प्रोत्साहित करें, ताकि कोई भी इस दवा के सेवन से वंचित न रहें। जिला एवं प्रखण्ड स्तर के समस्त व्हाट्सएप ग्रुप में कृमि संक्रमण से बचाव हेतु विडियो को शेयर करें।

'पर्व-त्योहार से भाईचारा व सौहार्द कायम होता है'

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
चितरी डांडू में चेहल्लुम मेला कमिटी द्वारा चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। मौके पर समाज सेवी तौफिक अंसारी, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार, 20सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी को पगड़ी पोसी कर सम्मानित किया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि मोरहर्म के 40 दिन बाद इमाम ए हुसैन की याद में चेहल्लुम मनाया जाता है। पर्व त्यौहार और मेल का आयोजन से आपसी प्रेम, भाईचारा कायम होता है। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में नारे तकबीर या अली या हुसैन का नारा से मैदान गूंज उठा. प्रतियोगिता में गौसिया नगर सेन्हा, गमहार टोली,

उदरंगी, लोहरदगा, बलसोता, नवाडीह, झखरा, कभंडरा, हिरही सहित विभिन्न जगहों से 25 खेल प्रतिभागी अखाड़ा में शामिल हुए। सफल प्रतिभागियों तथा अखाड़े को आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, कांग्रेसी नेता मोजमील अंसारी, इमरान आजाद, इम्तियाज अंसारी, सेराज अंसारी, अध्यक्ष अलिहसन अंसारी, सचिव नौशाद अंसारी, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, रियाज अंसारी, नेजावत अंसारी मौजूद थे।

नवनिर्मित बाबा गणिनाथ मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा
मध्यदेशीय वैश्य हलवाई समाज के कुल देवता बाबा गणिनाथ के नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, वार्षिक समारोह का आयोजन भंडरा प्रखंड के चट्टी गांव में मंदिर प्रांगण में हुआ। नवनिर्मित मंदिर में बाबा गणिनाथ की प्राण प्रतिष्ठा हेतु तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह वार्षिक समारोह में समाज के लोग हजारों की संख्या में भाग लिए। इस मौके पर समारोह स्थल में अतिथियों का स्वागत, अतिथियों का आशीर्वचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा, भजन संध्या का आयोजन मध्य देशिय बेश्य समाज चट्टी भंडारा के द्वारा किया गया। समाज के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनने हेतु प्रेरित किया गया। समाज की एकजुट पर बल देते हुए राजनीतिक लाभ लेने की बात कही। समाज में शिक्षा के क्षेत्र में लड़का एवं

लड़कियों को समान रूप से आगे लाने की बात कही गई। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हेतु सूर्योदय से पहले ही पिंडी स्थापना कर बाबा गणिनाथ के 14 परिवार की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान समाज के पुरोहितों के द्वारा संपन्न कराई गई। इसके पश्चात सामूहिक रूप से अभ्युदय झंडा स्थापित की गई। ध्वज स्थापना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात भंडारा एवं भक्ति जागरण का कार्यक्रम हुआ। समाज द्वारा समारोह मे आयोजित प्रतियोगिता में बेलून फोर, कुर्सी रेस, बच्चों का गीत एवं नृत्य सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन की गई। प्रतियोगिता में सफल निधि कुमारी, पायल कुमारी, दीक्षा गुप्ता, सोनम कुमारी, बाणी राज, परी कुमारी, कंचन कुमारी, राखी कुमारी, आयुषी कुमारी, पूर्वा कुमारी ,सानिया एवं संगीता को समाज के अगुवा लोगों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक समारोह में आयोजित भजन संध्या का कार्यक्रम कि लोगों ने भरपूर सराहना की म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक अच्छी प्रस्तुति देकर लोगों को खूब उत्साहित किया म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों की कल की सराहना उपस्थित लोगों द्वारा की गई। समारोह को सफल बनाने में रामकुमार साहू रामजी प्रसाद गुप्ता शंभू प्रसाद गुप्ता अरुण प्रसाद सुधीर गुप्ता दीपक प्रसाद बृजमोहन प्रसाद केदार साहू विनीत गुप्ता पप्पू गुप्ता रामप्रवेश गुप्ता भवन गुप्ता पवन गुप्ता सहित समिति के अन्य सदस्यों का भी योगदान भरपूर मिला। मौके पर दामोदर प्रसाद, संजीव कुमार, प्रमोद प्रसाद, राजकुमार साहू, लखन साहू, जगदीश प्रसाद, हरिहर साहू, शंकर प्रसाद साहू, महेश साहू, जागेश्वर साहू, सुरेश साहू, हेमंत प्रसाद, गोविंद प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, नारायण साहू, सहित अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विषय सह प्रश्न मंच प्रतियोगिता हुई

प्रश्नमंच में पूनम, रागिनी, रोहित व अपूर्वा प्रथम

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विषय सह प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 12वीं विज्ञान में रोहित कुमार साहू, अंकित कुमार साहू और सत्यम कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला में पूनम कुमारी,रोशनी उरांव,व विशाल शिखर ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं विज्ञान में प्रथम स्थान अपूर्वा कुमारी, द्वितीय स्थान अजय उरांव व तृतीय स्थान नैतिक राज ने प्राप्त किया। 11वीं कला में रागिनी भगत, आकांक्षा पाण्डेय और किरण कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी

विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सभी विषयों से प्रश्न पूछे गए ताकि आगामी परीक्षाओं की तैयारी बच्चे अच्छी तरह से कर सके ताकि जैक 2024 की परीक्षा में बेहतर परिणाम आये। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, स्नेहा शर्मा, चेतना प्रिया, आरती भगत, कविता कुमारी, रितेश कुमार पाठक और छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

बिरसा मुंडा सदन विजेता

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में तरुण एवं कन्या भारती की गतिविधियों के अंतर्गत लोक नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोक नृत्य गीत प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा सदन ने प्रथम स्थान, भारतवर्ष सदन ने द्वितीय स्थान और आर्यावर्त व तिलका मांझी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में कुल 8 सदनों ने भाग लिया। जम्बूद्वीप सदन, हिदुस्तान व सिद्धू -कान्हू सदन, हिमवर्ष व गणपत राय सदन,अजनाभवर्ष व कार्तिक उरांव सदन,भरतभूमि व फूलो -झानो सदनो की प्रस्तुति भी काफी सराहनीय रही। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से कराए जाते हैं।

ज्ञान विज्ञान समिति कुडू का गठन, हेमनाथ महतो बने अध्यक्ष

कुडू। ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के कुडू प्रखंड कमिटी गठन को लेकर शनिवार को प्रखण्ड परिसर के सामने समिति के जिला सचिव समीद अंसारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। इसमें सर्वसम्मति से ज्ञान विज्ञान समिति झारखण्ड के कुडू प्रखंड अध्यक्ष के लिए हेमनाथ महतो, सचिव शमसुल अंसारी, कोषाध्यक्ष मनकिशोर राम, उपाध्यक्ष स्मिता एक्का, सह सचिव अखिलेश कुमार सिंह, सदस्य के लिए आनन्द कुमार, मुकेश उरांव, चंद्रकांत मुंडा, सलेन्द्र मुंडा, राजेश उरांव, रशीद अंसारी, महाबीर उरांव, मोहन राम आदि का चयन किया गया। सचिव ने कहा कि ज्ञान विज्ञान समिति एक रजिस्टर संस्था है जो पूरे भारत मे संचालित है यह संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में काम करती है। इस संस्था शिक्षा,स्वास्थ्य के साथ साथ अन्य क्षेत्रो में काम करती है।

संक्षिप्त

कमेटी गठित, श्रेयांश बने अध्यक्ष, शुभम सचिव

लोहरदगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम के साथ गणेश उत्सव मनाया जायेगा। गणेश उत्सव आगामी 19 सितंबर से 23 सितंबर तक देव स्थल प्रांगण में भव्य पूजन उत्सव एवं भंडारे का आयोजन गणेश उत्सव समिति के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए बैठक आयोजित कर सर्व समिति से एक कमेटी का भी गठन किया गया है। जिसमें श्रेयांश सिद्धार्थ को अध्यक्ष, राजकुमार यादव, अरविंद वर्मा, संजय साहू, पप्पू पहलवान को उपाध्यक्ष, शुभम कुमार गुप्ता को सचिव, हेमंत राय, सूरज गुप्ता, करण साहू, मोनिट कुमार बिट्टू को कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार एवं नीरज कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य में शंकर कुमार साहू, संदीप यादव, अरुण वर्मा, अमन वर्मा, उत्तम कुमार, रंजीत साहू, पंकज गुप्ता, सूरज मिश्रा, रंजन कुमार, अनुराग शिखर, अमित कुमार, अमन कुमार, सूरज सिंह, के साथ-साथ महिलाओं को भी शामिल किया गया है जिनमें ज्योति देवी, बबिता देवी, केसरी देवी, अनुराधा देवी, इंदु देवी, पिंकी देवी, अनीता देवी, मुख्य रूप से शामिल हैं। संरक्षक में लाल नवल नाथ शाहदेव, गुप्तेश्वर प्रसाद, चंद्रिका यादव, बैजनाथ प्रसाद, बबन प्रसाद, शंकर साहू, दिनेश सिंह, शिव प्रसाद साहू, बालेश्वर साहू, लखन राम वर्मा, नरेश साहू, श्रवण यादव, राजकिशोर भारती, बंशीधर मिश्र, शंभू शिखर, नंद कुमार सिंह, ईश्वर साहू, धीरज प्रसाद, सागर वर्मा, घनश्याम भगत, प्रमोद साहू, दयाशंकर सिंह, प्रदीप साहू, उपेंद्र प्रसाद, संतोष लकड़ा, चंदन कुमार, भरत साहू, वकील साहू, संवाद प्रभारी में अभय भारती व शंकर गुप्ता हैं। जबकि प्रसाद वितरण प्रभारी में नीरज कुमार, राजकुमार यादव, बंशी साहू, अरुण वर्मा को शामिल किया गया है। साज सज्जा में संजय महतो, राजेश रंजन, प्रदीप साहू व विधि व्यवस्था में कार्यकारिणी एवं श्रद्धालुओं को शामिल किया गया है।

पोषण रथ को उपायुक्त ने किया रवाना

लोहरदगा। राष्ट्रीय पोषण माह-2023 अंतर्गत आज शनिवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा पोषण रथ को समाहरणालय से सभी प्रखंडों में जनजागरूकता हेतु रवाना किया गया। यह कार्यक्रम समाज कल्याण कार्यालय लोहरदगा की ओर से आयोजित किया गया। यह रथ सभी प्रखंडों में जायेगा। साथ ही इस मौके पर पोषण रैली भी निकाली गई। पोषण रैली सभी प्रखंड मुख्यालयों में निकाली गई। मौके पर उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत बड़ी संख्या सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिका मौजूद थे।

लंबित प्रधानमंत्री आवास पर ध्यान दें : बीडीओ

सेन्हा। प्रखंड कार्यालय कक्ष में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में मुखिया, स्वयंसेवक, वार्ड सदस्य और मेट के साथ अपूर्ण पीएम आवास को लेकर बैठक किया गया। बैठक के दौरान अर्धनिर्मित एवं अपूर्ण अवस्था मे लंबित पीएम आवास पर प्रकाश डालते हुए अपूर्ण आवास का जायजा लिया गया। उक्त बैठक जिला उपायुक्त द्वारा चले आवास पूरा करें आयोजन किया गया। अर्धनिर्मित आवास को 15 दिनों में लाभुक से पूर्ण करवाने पर जोर दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि जिस लाभुक को निलाम पत्र निर्गत नही किया गया है.वैसे लाभुक को चिन्हित कर नीलामी पत्र भेजे। पंचायत स्तर पीएम आवास लाभुक के साथ बैठक कर आवास निर्माण हेतु प्रेरित करें तथा लाभुकों से डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाते हुए कार्य प्रगति पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। अपूर्ण आवास पर विस्तार पूर्व चर्चा करते हुए बताया गया कि लक्ष्य के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में पीएम आवास योजना का स्वकृति लाभुक को प्रदान किया गया था, जिसके अनुसार आज के समय मे 325 लाभुक आवास निर्माण कार्य में रुचि नही ले रहे हैं। वैसे लाभुकों को जगरुक करते हुए आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुखिया शोभा देवी,धनवाज उरांव, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत के अलावे वार्ड सदस्य, स्वयंसेवक और सभी मेट उपस्थित थे।

घरों से मिट्टी संग्रहण का कार्य किया गया

कैरो। शनिवार को कैरो प्रखंड क्षेत्र के हनहत पंचायत के हुदू गांव के बूथ संख्या 184 में मेरा माटी,मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रत्येक घरों से मिट्टी संग्रहण का कार्य किया गया। मिट्टी संग्रहित करते हुए कार्यकताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार 17 सितंबर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन से 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक सेवा पखवाडा के तौर पर मनाते हुए अनेक सेवा के कार्य करके गरीब कल्याण के मार्ग को प्रसस्त किया जायेगा।इस मौके पर पंचायत के मुखिया श्रवण मुंडा,भाजपा पिछड़ा जाती मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश शोनी,प्रखण्ड महामंत्री मनोज साहू,प्रखण्ड उपाध्यक्ष विवेके प्रजापति, हरिलाल भगत,सुखदेव उराँव,दुखन मुंडा, सोनी कुमारी, रामजीत मुंडा,कर्मा उरांव, सोमरा प्रधान, पह्लाद उरांव, तिलसरिया मुंडा, बासदेव भगत, विज्ञान उरांव, ठीबू मुंडा इत्यादि बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वास्थ्य कैंप का आयोजन 18 को होगा

कैरो। प्रखंड के कैरो मुहर्रम मेला टांड़ में सोमवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैरो के डॉक्टर राकेश प्रसाद ने बतलाया कि कैंप में क्षेत्र के लोग पहुंचकर बुखार,मलेरिया, किशोर, किशोरी, मातृत्व स्वास्थ्य का निशुल्क जांच कराकर इलाज करा सकते हैं।आयुष्मान भारत,हेल्थ कार्ड आदि का भी लाभ ले सकते हैं।

सफलता का मूल मंत्र है मेहनत : विनोद राम

लोहरदगा। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सत्र 2022 - 23 में प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को उनके द्वारा पेंसिल रबर पेन और कापी देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पाखर के शिक्षक विनोद राम ने कहा मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र होता है। वह बच्चों को प्रेरणादायक प्रसंग के माध्यम से निरंतर अभ्यास एवं सच्चे मन से मेहनत करने की बात कहे। उनके द्वारा खरगोश एवं कछुए के रोचक कहानी को बताया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जी सुरेश चंद्र पांडे ने कहा सुंदर लिखावट ही सुंदर छात्र का पहचान होता है। आकर्षक लिखावट से आकर्षक व्यक्तित्व का विकास होता है। विद्यार्थी लगन पूर्वक पढ़ाई करते हुए प्रगति के मार्ग पर निरंतर विकास के नए आयाम को प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय में अभिभाविकों के द्वारा मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व सुनीता कुमारी एवं सरिता जायसवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान रिया कुमारी, द्वितीय स्थान नेहा जायसवाल एवं तृतीय स्थान सुषमा खेस ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु बने उपस्थित थे।

प्रखंड स्टेयरिंग सह अनुश्रवण समिति की बैठक

भवनाथपुर। प्रखंड स्टेयरिंग सह अनुश्रवण समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय शनिवार को सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो की अध्यक्षता में कराई गई।ं सभी पोषण वाटिका हेतु चयनित विद्यालय में सभी रसोइया का 6 दिनों का डिमांड लगाकर भुगतान किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में मध्यान भोजन बंद नहीं करना है यदि बंद होता है तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। सभी विद्यालय प्रधान एमडीएम का शत प्रतिशत एसएमएस विद्यालय अवधि में करना सुनिश्चित करें। एसएमएस नहीं करने वाले प्रभारी पर कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड के सभी सीआरपी बीआरपी दो-दो विद्यालय का जांच कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय, मध्याहन भोजन प्रभारी रामविजय गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रविंद्र मेहता, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बबन पासवान, प्रभारी गोदाम प्रबंधक शिव कुमार यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

सेबी का बड़ा एक्शन : 2 कंपनी और 7 लोगों पर 2.46 करोड़ का लगाया जुर्माना

एजेंसी। नई दिल्ली

कैपिटल मार्केट रेग्युलेटर सेबी ने 2 कंपनी और 7 इंडिविजुअल्स के खिलाफ 2.46 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इंडिविजुअल्स में दोनों कंपनियों के प्रमोटर भी शामिल हैं। रेग्युलेटर ने गिरिश तलवाकर, प्रशांत तलवाकर, मधुकर तलवाकर, विनायक गांवडे, अनंत गांवडे, हर्षा भटकल और गिरिश नायक को अलग-अलग अवधि के लिए मार्केट से बैन भी किया है। सेबी ने जिन दो कंपनियों के खिलाफ यह एक्शन लिया है उनके नाम तलवाकर बेटर वैल्यू फिटनेस लि. और तलवाकर हेल्थ क्लब लि. है। गिरिश तलवाकर, प्रशांत तलवाकर, मधुकर तलवाकर, विनायक गांवडे, अनंत गांवडे, हर्षा भटकल इन दोनों कंपनियों के प्रमोटर्स हैं। मार्केट रेग्युलेटर का यह एक्शन फ्रॉड एंड अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस के कारण लगाया गया है। सेबी ने इस नियम की अवहेलना के कारण गिरिश तलवाकर, प्रशांत तलवाकर, अनंत गांवडे और हर्षा भटकल पर 36-36 लाख का जुर्माना लगाया है। विनायक गांवडे और मुधकर तलवाकर पर 24-24 लाख का जुर्माना लगाया गया है। 18 लाख का जुर्माना गिरिश नायक और 12 लाख का जुर्माना तलवाकर हेल्थ क्लब लि.पर लगाया गया है। सातों लोगों को बाजार से 18 महीने के लिए बैन कर दिया गया है। इसके अलावा किसी भी लिस्टेड कंपनी से एसोसिएट होने से भी रोक दिया गया है। दरअसल सेबी को अगस्त-अक्टूबर 2019 के बीच कई बार इनलोगों के खिलाफ शिकायत मिली थी।

कानून का उल्लंघन करना टिकटॉक को पड़ा भारी

यूरोप ने लगाया 36.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर का जुर्माना

एजेंसी। मास्को

यूरोपीय नियामक सूचना संरक्षण आयोग ने बच्चों से जुड़ी निजी जानकारी की गोपनीयता को सुरक्षित नहीं रखने पाने के लिए लोकप्रिय लघु-वीडियो ऐप टिकटॉक पर 36.8 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया। यूरोप की सख्त गोपनीयता नीति का उल्लंघन करने के लिए टिकटॉक पर पहली बार जुर्माना लगाया गया है। आयरलैंड की राजधानी डबलिन स्थित सूचना संरक्षण आयोग ने कहा कि उसने 2020 की दूसरी छमाही में नियमों के उल्लंघन के लिए टिकटॉक को फटकार लगाते हुए उस पर 34.5 करोड़ यूरो का जुर्माना लगाया है। जांच में खुलासा हुआ कि किशोर उपयोगकर्ताओं के लिए साइन-अप' की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप ऐसी सेटिंग सामने आई, जिनसे उनके खाते स्वतः ही सार्वजनिक हो गये। इससे किसी को भी उनके वीडियो देखने और उन पर टिप्पणी करने की अनुमति मिल गई। उन सेटिंग ने 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए भी जोखिम पैदा किया, जिन्होंने अनुमति नहीं होने के बावजूद टिकटॉक का उपयोग किया। नियामक ने कहा कि इसके अलावा, सेटिंग को प्रबंधित करने के लिए माता-पिता के लिए डिजायन किया गया फैमिली पेयरिंग' फीचर पर्याप्त रूप से सख्त नहीं था, जो वयस्कों को उनकी सहमति के बिना 16 और 17 वर्ष की आयु के उपयोगकर्ताओं के लिए सीधे संदेश सेवा चालू करने की अनुमति देता था।

युद्ध के कारण यूक्रेन में ऐतिहासिक स्थल खतरे में: यूनेस्को

एजेंसी । कीव

यूनेस्को ने कहा है कि रूस के साथ चल रहे युद्ध के कारण यूक्रेन की राजधानी कीव और ल्वीव शहर में ऐतिहासिक स्थलों के नष्ट होने का खतरा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र सांस्कृतिक निकाय के अनुसार, इन स्थलों में कीव में प्रतिष्ठित सेंट सोफिया कैथेड्रल, शहर के कीव-पेचेर्सक लावरा की मध्ययुगीन इमारतें और ल्वीव में ऐतिहासिक केंद्र शामिल हैं। इन स्थलों को यूनेस्को की खतरे में पड़ी विश्व विरासत की सूची में रखा गया है। एक बयान में, यूनेस्को ने कहा कि उसकी विश्व धरोहर समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि युद्ध के कारण इन संपत्तियों पर खतरा है। सीधे हमले के खतरे का सामना करते हुए, ये स्थल बमबारी के कारण खतरे में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, लविवि के ऐतिहासिक पुराने शहर की स्थापना मध्य युग में हुई थी और इसने 13वीं से 20वीं शताब्दी तक एक प्रशासनिक, धार्मिक और वाणिज्यिक केंद्र के रूप में अपनी वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखा है। इसे 1998 में विश्व विरासत सूची में जोड़ा गया था। सेंट सोफिया कैथेड्रल, 11वीं शताब्दी में बनाया गया था और इसे तुर्की में हागिया सोफिया को टक्कर देने के लिए डिजाइन किया गया था, जो उस समय कॉन्स्टेंटिनोपल का हिस्सा था। यह उस युग की कुछ जीवित इमारतों में से एक है। कीव-पेचेर्स्क लावरा की स्थापना कैथेड्रल के लगभग उसी समय हुई थी। यह रूस के लोगों का एक प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र था। जनवरी में यूक्रेनी बंदरगाह शहर ओडेसा को खतरे की सूची में शामिल किए जाने के बाद इसी सूची में नवीनतम वृद्धि हुई है।

रूस में सभी सैन्य स्थलों का दौरा कर रहे किम जोंग उन

बम वर्षक विमान देख हुए खुश

एजेंसी। सियोल

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन शनिवार सुबह रूस के सुदूर बंदरगाह शहर व्लादिवोस्तोक पहुंचे, जहां उन्हें परमाणु हमले करने में सक्षम बम वर्षक विमान देख वह बहुत खुश हुए। किम दिन में व्लादिवोस्तोक में रूस के प्रशांत बेड़े में शामिल नौसैनिक पोत का जायजा लेने जा सकते हैं। रूस के प्रिमोर्स्की क्षेत्र के गवर्नर ओलेग कोझेम्याको ने व्लादिवोस्तोक से लगभग 40 किलोमीटर (25 मील) उत्तर-पूर्व में आर्त्योम शहर में किम के आने की घोषणा की। गवर्नर ने एक मैसेजिंग ऐप पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें किम हरे-पीले रंग की ट्रेन से मुस्कराते हुए उतरते दिख रहे हैं और स्कूल के बच्चे उन्हें फूल दे रहे हैं। आर्त्योम पहुंचने के बाद किम व्लादिवोस्तोक हवाई अड्डे पहुंचे, जहां रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और अन्य सैन्य अधिकारियों ने उन्हें परमाणु हमले करने में सक्षम बमवर्षक विमान और अन्य युद्धक विमान दिखाए। शोइगु ने किम को रूस की नवीनतम मिसाइल हाइपरसोनिक किंझल' भी भेंट की, जिन्हें मिग-31 लड़ाकू विमान के जरिये दागा जाता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक मीडिया ने शनिवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि किम रूस के अत्याधुनिक युद्धक विमानों का निर्माण करने वाली फैक्टरी को देखकर बेहद प्रभावित" हुए हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
ई–निविदा सूचना
ई–निविदा संख्या – 05/RI/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 15.09.2023

1.कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि		परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
				अंक में (लाख में)	अक्षर में			
1	गढ़वा	RWD/ GARHWA/ 22/2023-24	गढ़वा मझिआँव पी0डब्ल्यु0डी0 मुख्य पथ उँचरी नहर से महिला महाविद्यालय सोनपुरवा तक पथ निर्माण कार्य। (2.89 कि0मी0)	262.472	दो करोड़ बासठ लाख सैंतालीस हजार दो सौ रूपये।	10000	525000	12 महीना

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रा0का0वि0, झारखण्ड, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष (ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमंडल, गढ़वा) में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनांक 03.10.2023 अपराह्न 03:30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.10.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 307165 (Rural Work Department)23-24*D

कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

नया समाहरणालय "C" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101
Email- deo.palamu@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के पत्रांक 1313, 1314 दिनांक 08.08.2023, पत्रांक 5856, 5857 एवं 1249 दिनांक 24.07.2023 का पत्र जो सचिव कोषांग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2369, 2368 दिनांक 23.08.2023, पत्रांक 2250, 2252 दिनांक 11.08.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयों में यथा संस्कृत, जीव विज्ञान/रसायन शास्त्र, गणित/भौतिकी, भुगोल के लिए 42 (बयालीस) अभ्यर्थी एवं दिनांक 11.08.2023 को कॉउसिलिंग में अनुपस्थित 02 (दो) अभ्यर्थी को उर्दू के पद पर नियुक्ति हेतु कुल 44 (चौवालीस) अनुशंसित अभ्यर्थियों का कॉउसिलिंग किया जाना है। कॉउसिलिंग का कार्य **रा0कृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक 20.09.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न** तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं प्रमाण–पत्र की छायाप्रति दो प्रति में फोलडर फाईल के साथ निर्धारित तिथि को ससमय कॉउसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

(अनिल कुमार चौधरी)
जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

PR 307153District(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –01/2023–24
द्वितीय आमंत्रण

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 21/09/2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 28/09/2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान) – 29/09/2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 29/09/2023 के अपराहन 5.00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7488491963
9. ई–प्राक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7488491963
10. कार्य की विवरणी

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लगभग	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Operation and maintenance of Gumla urban W/S/S by outsourcing agency including providing all manpower's, chemicals, reagents different materials etc. required for successful operation of the scheme including repair of all civil structures (Intake well, Infiltration wells, gallery, WTP, ESR), Rising & Distribution pipelines, mechanical & electrical equipments etc. all complete job on "Turn-key basis" to provide drinking water confirming WHO norms for the Year 2023-24 (1-10-23 to 31-3-24)	23,51,962	48,000	5000.00	31-03-2024

निविदा की नियम एवं शर्ते :–कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 307141 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

समाहरणालय, लातेहार (जिला भू-अर्जन शाखा)

–:आम सूचना:–

अंचल–लातेहार एवं चन्दवा जिला–लातेहार अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 मार्ग के (पैकेज–*I*) कुडु से उदयपुरा सेक्शन के अन्तर्गत ***Design Ch.-59.00 km*** से ***Ch.-97.600*** तक चार लेन सड़क निर्माण कार्य में हितबद्ध रैयतो को सूचित करना है कि अधिग्रहित भूमि से संबंधित राजस्व कागजात जामा करने हेतु तिथि एवं स्थान निर्धारित किया जाता है, जिसमें निम्नांकित 1. खतियान/निबंधित केवाला की प्रति, 2. अद्यतन लगान रसीद की प्रति, 3. आपसी सहमति पत्र, 4. वंशावली अंचल कार्यालय द्वारा सत्यापित सभी राजस्व कागजात के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर जामा करना सुनिश्चित किया जाय, मौजावार तिथि निम्नवत है।

क्र0 सं0	अंचल का नाम	तिथि	षिविर का स्थान	मौजा का नाम	अभियुक्ति
1.	चन्दवा	20.09.2023	अमझरिया रेस्ट हाउस, अमझरिया	1. अमझरिया 2. बेरगड़ा 3. सेन्हा 4. पीरदाग	
2.	चन्दवा	22.09.2023	पंचायत सचिवालय, हुटाप	1. हुटाप 2. बोरसीदाग	
3.	चन्दवा	27.09.2023	अंचल कार्यालय, चन्दवा	1. लुकुईया 2. टुढामू 3. चिरो	
4.	चन्दवा	29.09.2023	पंचायत सचिवालय, चेटर (लटदाग)	1. लटदाग 2. रूद 3. नवाडीह	
5.	चन्दवा	30.09.2023	तहसील कर्मचारी भवन, सासंग	1. सासंग	
6.	चन्दवा	03.10.2023	तहसील कर्मचारी भवन, सासंग	1. एटे 2. सिकनी	
7.	लातेहार	05.10.2023	मध्य विद्यालय, उदयपुरा	1. उदयपुरा 2.जगलदागा	

उक्त संबंध में सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को समय–11:00 बजे पूर्वाहन से 02:00 बजे अपराहन तक उपस्थित होकर अधिग्रहित भूमि से संबंधित राजस्व कागजात जामा करना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार।

PR.NO.307148 Land Reforms(23-24):D

भारतीय तकनीकी बाजार में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

नई दिल्ली। भारतीय तकनीकी उपभोक्ता सामान (टीसीजी) बाजार में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस साल की पहली छमाही में मूल्य में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जर्मन मार्केट रिसर्च कंपनी जीएफके की रिपोर्ट में कहा गया है कि टेलीकॉम (स्मार्टफोन / मोबाइल) सेगमेंट में वॉल्यूम में मामूली 4 फीसदी की कमी आई है, लेकिन कुल मूल्य में 12 फीसदी की बढ़ोतरी से इसकी भरपाई हो गई। 2022 की समान अवधि की तुलना में 2023 की पहली छमाही के दौरान कई क्षेत्रों में मात्रा और मूल्य में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई।

जिला कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, रांची
कार्यालय – जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।

गढ़वा जिला के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 37 दिनांक–22.07.2023 के आलोक में Food And Nutrition Securiti (पूर्ववर्ती राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन) दलहन योजना अंतर्गत थ्रेसिगफ्लोर का निर्माण हेतु अनुदानित दर पर कृषकों के बीच किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

क0	अनुदान की राषि (रू0 प्रति यूनिट)	लक्ष्य (इकाई) में
1	57500 रू0 प्रति युनिट या 50 प्रतिषत जो दोनो में से कम होगा। 30X30 फीट	17

आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।

- आवेदक का आधार कार्ड का प्रति अभिप्रमाणित।
- जमीन का अद्यतन रसीद, अभिप्रमाणित।
- आवेदक का दो पासपोर्ट साईज फोटो।
- पास बुक का फोटो कॉपी जिसमें बैंक का नाम एवं लाभुक का नाम तथा आई0एफ0एस0सी0 कोड अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए अभिप्रमाणित।
- अंचल द्वारा निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र (दिनांक 01.04.2023 के बाद का होना चाहिए)।
- निर्माण स्थल का फोटोग्राफ।
- मुखिया द्वारा वंशावली।

नोट :–

1. लाभुकों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।
2. आवेदन पत्र दिनांक 20.09.2023 से 09.010.2023 तक कार्यालय अवधि में निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। तथा भरा हुआ पूर्ण आवेदन दिनांक 21–09–2023 से 10–10–2023 तक कार्य दिवस मे आत्मा कार्यालय गढ़वा में जमा किया जा सकता है।
3. थ्रेसिंग फ्लोर का निर्माण शत–प्रतिशत भुगतान करके ही किया जाएगा। तथा प्राप्त विपत्रों एवं फोटो जमा करने तथा स्थल निरीक्षण करने के उपरान्त अनुदान की राशि लाभुक के खाते में सीधे (DBT) के माध्यम से हस्तांरित की जाएगी।
4. वैसे कृषकों को लाभन्वित किया जाएगा जो विगत तीन वर्षों से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण का लाभ नहीं लिया हो शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
5. JSLPS/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक संगठन (FPO) के कृषकों विशेषकर महिला कृषकों को लाभुक चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 307161 Agriculture(23-24)D

कार्यालय :उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर।
(खनन शाखा)
झारखण्ड सरकार
e-mail- dmo-palamau@jharkhandmail.gov.in

पलामू जिला के छतरपुर अंचल कार्यालय परिसर में भंडारित बालू खनिज के आम नीलामी हेतु सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के छतरपुर अंचल अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर अवैध रुप से भंडारित बालू खनिज को जब्त कर *"The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rule, 2017* के नियम *11(V)* के तहत राजसात हेतु माननीय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू के न्यायालय में दायर विविध वाद संख्या 49/2022–23 राज्य सरकार बनात अज्ञात में माननीय न्यायालय के पारित आदेश दिनांक 03.05.2023 सह पठित ज्ञापांक 567/विधि, दिनांक 03.05.2023 के आलोक में निम्नलिखित भंडारित बालू खनिज को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधित) नियमावली, 2019 के नियम–54A के तहत् आम नीलामी दिनांक 27.09.2023 को समय 12:30 बजे अपराह्न में उपायुक्त, पलामू के निदेशानुसार अपर समाहर्ता, पलामू की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले ,अभ्यर्थीयों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत् है–

क्र० सं०	स्थल का विवरण	भंडारित बालू खनिज की मात्रा (घनफुट में)	सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) (@ Rs. 7.50/ 1 Cft)	प्रतिभूति राशि (रुपये में) (सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत)
1	छतरपुर अंचल कार्यालय परिसर, पलामू	36500.00	273750.00	27375.00

2. नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति/संस्था भारत के नागरिक होंगें तथा उनके पक्ष में पलामू जिलान्तर्गत कोई निर्माण/विकास कार्य आवंटित हो।
3. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिए नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, पलामू के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
4. नीलामी के उपरांत बालू खनिज के उच्चतम डाक की राशि के साथ–साथ अन्य शुल्क यथा **GST** (@ 5% of Sand Price), **Royalty** (@ Rs. 1.42/CFT), **DMFT** (10% of Royalty), **Environment Cess** (@1% of Royalty), **Management Fee** (@ 0.04 Rs./CFT), **Income Tax** (@2% of Royalty) आदि शुल्क देय होगा। झारखण्ड गजट के असाधारण अंक के अधिसूचना संख्या–218, राँची, दिनांक 23 मार्च 2016 द्वारा Jharkhand District Mineral Foundation (TRUST) Rules, 2016 के कंडिका 6 (i) में 10% DMF की राशि का योगदान के रूप में संग्रहण करने का उल्लेख किया गया है– *"Ten percent of the royalty paid in terms of the second schedule to the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 (67 of 1957) (herein referred to as the said Act) in respect of mining leases or, as the case may be, prospecting licence-cum-mining lease granted on or after 12th January, 2015".*
5. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले राशि को बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
6. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से दो दिनों के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
7. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत् आदेश, सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
8. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से एक माह के अंदर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरांत अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
9. बन्दोबस्ती के पश्चात् बालू का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुँच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश नीलामीधारी, नीलामी किये गये बालू का प्रेषण नहीं कर पाते है, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी नीलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गयी राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
10. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
11. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
12. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/वैसी संस्था जो झारखण्ड सरकार अन्तर्गत किसी विभाग में निर्माण कार्य (Construction Work) हेतु निबंधित है या मनरेगा/नरेगा अन्तर्गत Vendor के रूप में निबंधित है एवं सक्रिय तथा क्रियाशील है।

नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 26.09.2023 को समय 05.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, पलामू में निम्नांकित वांछित कागजातों (स्वअभिप्रमाणित) के साथ आवेदन दाखिल कर सकते है। उक्त निर्धारित तिथि/समय के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

(i) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में।
(ii) विगत तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
(iii) GST निबंधित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
(iv) आवंटित कार्य के कार्यादेश की छायाप्रति
(v) पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति।
(vi) स्वच्छ चरित्र–प्रमाण की छायाप्रति।
(vii) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ–पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान बकाया/लंबित नहीं हो एवं किसी विभाग द्वारा उनका नाम/संस्था का नाम काली सूची में दर्ज न हो एवं खनिज के अवैध भंडारण/उत्खनन/परिवहन के विरुद्ध में किसी न्यायालय द्वारा दंडित नहीं गया है और न ही उक्त से संबंधित किसी न्यायालय में मामला लंबित है।

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, पलामू में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
जिला खनन पदाधिकारी,
पलामू, मेदिनीनगर।

PR 307152 (District) 23-24 (D)

एक नजर इधर भी

युवाओं को अध्यात्म से जोड़ना हमारा कर्तव्य

वर्तमान समय में युवाओं को अध्यात्म से जोड़ना आवश्यक है। शिक्षा, रोजगार, सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक क्षेत्र में वे अध्यात्म से जुड़कर प्रगति कर सकते हैं। अध्यात्म का अर्थ है आत्मा का विकास। आत्मा से जुड़कर आत्मा को जानना। ध्यान और योग के माध्यम से हम अध्यात्म से जुड़ सकते हैं। इसका निरंतर अभ्यास कर सकते हैं। इस साधना को करते हुए एक साधक का लक्ष्य रहता है-आत्म साक्षात्कार। साधनारत साधकों के लिए यही पूर्णता है। प्राचीनकाल से भारतवर्ष में गुरुकुलों में जो शिक्षा दी जाती थी, उसमें अन्य विषयों के साथ-साथ विभिन्न कलाओं से जुड़ना, सेवा संस्कार, योग और ध्यान जैसे महत्वपूर्ण विषय भी शामिल रहते थे। बाद में यह गुरुकुल बंद होते गए। विकास को भौतिकता से जोड़ दिया गया। शिक्षण संस्थानों में भारतीय संस्कृति से जुड़े विषयों को धीरे-धीरे अलग कर दिया गया। शैक्षणिक पाठयक्रमों में अनेक विसंगतियों के कारण युवाओं के समक्ष दिशाहीनता की स्थिति पैदा हुई। हम देख रहे हैं कि शिक्षित होने के बाद जब युवाओं को रोजगार या नौकरी नहीं मिलती तो उनमें निराशा होती है। कई बार प्रयास करने के बाद जब उन्हें सफलता नहीं मिलती तो वे अपराध के मार्ग पर चलने लगते हैं या आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठा लेते हैं। ऐसी कठिन परिस्थिति में उन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। हमारे युवा अध्यात्म से जुड़ेंगे तो उनकी समस्याओं का उन्हें समाधान मिल सकता है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में जनचेतना आई है। नई शिक्षा नीति आने के बाद शिक्षण संस्थानों का स्वरूप बदल रहा है। युवाओं ने अध्यात्म के क्षेत्र में भी रुचि दिखाई है। अच्छी बात है कि उनका मन अब इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। योग भारत की देन है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को मान्यता मिली है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 11 दिसंबर 2014 को हर वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाए जाने की घोषणा की। इसके बाद दुनिया में योग का महत्व अधिक व्यापक हुआ। भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भागवत गीता में अर्जुन को उपदेश देते हुए योग का महत्व प्रतिपादित किया। श्रीकृष्ण योगेश्वर कहे जाते हैं। भगवान शिव आदियोगी हैं । उन्होंने ऋषियों को योग की शिक्षा दी। महर्षि पतंजलि ने योग शास्त्र की रचनाकर जनसाधारण के लिए इसे सुगम और सुलभ बनाया। वैदिक शिक्षा में आरोग्य, दीघार्यु होने की भावना, अध्यात्म मार्ग से जुड़ना, ईश्वर आराधना, अनासक्ति भावना तथा विश्व कल्याण की भावना रखने पर बल दिया गया है। इसमें मानव कल्याण के साथ-साथ प्रकृति मित्र होने की भावना का भी वर्णन है।

मनु कहते हैं :

शब्दः स्पर्शश्च रूपञ्च रसो गंधश्च पंचमः।
वेदादेव प्रसूयंते प्रसूति-गुण-कर्मतः।।
मनु स्मृति 12.18

मनु कहते हैं-वेद से ही शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गंध उत्पन्न होते हैं। यह पांच तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी के ही रूप हैं। इन पांच तत्वों से ही सृष्टि बनी है, इसलिए वेद को ब्रह्म कहना उचित है। एतरेय सूत्र के अनुसार चित चेतन है। प्राण ऊर्जा है। वाक पदार्थ है। पदार्थ से ऊर्जा सूक्ष्म है। ऊर्जा से चेतन सूक्ष्म है। सूक्ष्म का नियंत्रण स्थूल में रहता है। मंत्र से आह्वान किया जाए तो देवता प्रकट हो जाते हैं। इसके लिए कामना, इच्छा, संकल्प और श्रद्धा जरूरी है। वेद, पुराण और उपनिषद राष्ट्र की अनमोल धरोहर हैं। युवाओं को इनका स्वाध्याय करना चाहिए। शिक्षण संस्थाओं में ये ग्रन्थ उपलब्ध कराना चाहिए। इन ग्रंथों के सार अंशों का छोटे-छोटे भागों में प्रकाशन होना चाहिए। गीताप्रेस गोरखपुर और गायत्री परिवार की तरह अन्य संस्थाओं को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आने की जरूरत है। युवा अध्यात्म से जुड़ते हैं तो उनका शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास संभव हो सकेगा। यह सत्य है कि यम और नियम का पालन करने वाला मनुष्य संस्कारवान और अनुशासित रहता है।

■ **श्रीराम माहेश्वरी**

विश्वकर्मा जयंती पर केंद्र सरकार की बड़ी पहल

भगवान विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। विश्वकर्मा ने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होंने ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा का ऋग्वेद में ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निमार्ता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। इस साल विश्वकर्मा जयंती पर केंद्र की मोदी सरकार कामगारों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। हर वर्ष 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरों, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता।

विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योहार मनाते हैं। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश प्रदान करती है। यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाएं भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं। धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है।

पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हें शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था। विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निमार्ता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन-अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्वकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था।

■ **रमेश सर्राफ धमोरा**

वश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योहार मनाते हैं। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है।

इन दिनों

रमेश सर्राफ धमोरा

ब्रह्मांड के वास्तुकार की महिमा अपरंपार

प्रतिवर्ष 17 सितंबर को की जाने वाली 'विश्वकर्मा पूजा' एकमात्र ऐसी पूजा है, जो काम में बरकत के लिए की जाती है। इस दिन सभी प्रकार की मशीनों, जैसे औजार, गाड़ी, कम्प्यूटर अथवा प्रत्येक ऐसी वस्तु, जो आपके कार्य को पूरा करने में इस्तेमाल होती है, उसकी पूजी की जाती है। भगवान विश्वकर्मा को औजारों का देवता और धातुओं का रचयिता भी कहा जाता है। वास्तु शास्त्र में महारत हासिल होने के कारण ही विश्वकर्मा को वास्तुशास्त्र का जनक कहा गया। यही कारण है कि वास्तुकार कई युगों से भगवान विश्वकर्मा को अपना गुरु मानते हुए उनकी पूजा करते आ रहे हैं। ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा के जन्म को लेकर पुराणों में एक कथा का उल्लेख मिलता है, जिसके अनुसार, सृष्टि की रचना की शुरूआत में भगवान विष्णु क्षीरसागर में प्रकट हुए और उनके नाभि-कमल से ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई। ब्रह्मा जी के पुत्र का नाम धर्म रखा गया। धर्म का विवाह संस्कार वस्तु नामक स्त्री से हुआ। धर्म और वस्तु के सात पुत्र हुए और सातवें पुत्र का नाम वास्तु रखा गया। वास्तुशिल्प शास्त्र में अत्यंत निपुण थे। वास्तु के ही पुत्र का नाम विश्वकर्मा था, जो अपने माता-पिता की ही भांति महान शिल्पकार हुए और इस सृष्टि में अनेकों प्रकार के अद्भुत निर्माण विश्वकर्मा द्वारा ही किए गए। शास्त्रों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा का जन्म माघ शुक्ल त्रयोदशी को हुआ था, इसलिए इन्हें भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। कुछ धर्मग्रंथों में यह उल्लेख भी मिलता है कि महर्षि अंगिरा के ज्येष्ठ पुत्र बृहस्पति की बहन भुवना ब्रह्मविद्या जानने वाली थी, जिनका विवाह अष्टम् वसु महर्षि प्रभास के साथ हुआ था, उन्हीं से सम्पूर्ण शिल्प विद्या के ज्ञाता प्रजापति विश्वकर्मा का जन्म हुआ।

कुछ कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा का जन्म देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से हुआ । धर्म शास्त्रों के अनुसार महर्षि दधीचि द्वारा दी गई उनकी हड्डियों से ही विश्वकर्मा ने वज्र का निर्माण किया है, जो देवताओं के राजा इन्द्र का प्रमुख हथियार है। ऐसी मान्यता है कि एक बार असुरों से परेशान देवताओं की गुहार पर विश्वकर्मा ने महर्षि दधीचि की हड्डियों से देवताओं के राजा इन्द्र के लिए वज्र बनाया था, जो इतना प्रभावशाली था कि उससे असुरों का सर्वनाश हो गया।

देवताओं का स्वर्ग हो या रावण की सोने की लंका अथवा भगवान श्रीकृष्ण की द्वारका या पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर, इन सभी का निर्माण भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही किया गया था, जो वास्तुकला की अद्भुत मिसाल हैं। देवताओं के लिए उन्होंने अनेक भव्य महलों, आलीशान भवनों, हथियारों तथा सिंहासनों का निर्माण किया। इसीलिए उन्हें ह्यदेवताओं के शिल्पीह्व के रूप में भी विशिष्ट स्थान प्राप्त है। चार युगों में उन्होंने कई नगरों और भवनों का निर्माण किया। रावण के अंत के बाद जिस पुष्पक विमान में बैठकर राम, लक्ष्मण, सीता और अन्य साथी अयोध्या लौटे थे, वह भी विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित किया गया था। सबसे पहले सतयुग में उन्होंने स्वर्गलोक का निर्माण किया, त्रेता युग में लंका का, द्वापर युग में द्वारिका का और कलियुग के आरंभ के 50 वर्ष पूर्व हस्तिनापुर तथा इंद्रप्रस्थ का निर्माण किया। उन्होंने ही जगन्नाथ पुरी के जगन्नाथ मन्दिर में स्थित कृष्ण, सुभद्रा और बलराम की विशाल मूर्तियों का निर्माण किया।

विश्वकर्मा जयंती और विश्वकर्मा पूजा की महत्ता को सिद्ध करने के लिए एक कथा भी प्रचलित है। कथानुसार, धार्मिक प्रवृत्ति का एक रथकार अपनी पत्नी सहित काशी में रहता है, जो अपने कार्य में बेहद निपुण था लेकिन स्थान-स्थान पर घूमने और कड़ा प्रयत्न करने के बाद भी उसे इतना ही धन प्राप्त हो जाता था कि बामुश्किल उसके परिवार के लिए भोजन का प्रबंध हो पाता था। उनकी कोई संतान नहीं थी, इसको लेकर भी पति-पत्नी चिंतित रहते थे और साधु-संतों की शरण में जाते रहते थे। एक दिन एक पड़ोसी ने उन्हें सलाह दी कि तुम भगवान विश्वकर्मा की शरण में जाओ, वही तुम्हारा बेड़ा पार करेंगे। उसके बाद पति-पत्नी ने भगवान विश्वकर्मा की सच्चे मन से पूजा-आराधना की, जिससे और उन्हें पुत्र-रत्न और धन-धान्य की प्राप्ति हुई और वे सुख से जीवन व्यतीत करने लगे। कहा जाता है कि उसी के बाद से विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से की जाने लगी।

■ **योगेश कुमार गोयल**
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

वास्तुशिल्प शास्त्र में अत्यंत निपुण थे। वास्तु के ही पुत्र का नाम विश्वकर्मा था, जो अपने माता-पिता की ही भांति महान शिल्पकार हुए और इस सृष्टि में अनेकों प्रकार के अद्भुत निर्माण विश्वकर्मा द्वारा ही किए गए। शास्त्रों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा का जन्म माघ शुक्ल त्रयोदशी को हुआ था, इसलिए इन्हें भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है।

है न विचित्र बात !

बिल्लोरी आंखों वाले चंद्रमोहन

व्ही. शांताराम ने 1934 में एक बहुत चर्चित फिल्म अमृत मंथन बनाई थी। इसमें खलनायक यानी राजगुरु की भूमिका जिस अभिनेता ने निभाई थी उसकी बिल्लोरी आंखों की चर्चा बहुत लंबे समय तक हुई। डर पैदा करने के लिए शांताराम ने उनकी आंखों के क्लोजअप का इस्तेमाल बार-बार किया, जो परदे पर बहुत प्रभावी बन पड़ा था। बिल्लोरी आंखों वाले यह अभिनेता थे चंद्रमोहन और यह उनकी पहली ही फिल्म थी। उन्होंने आगे भी शांताराम की कई फिल्मों में काम किया। अमृत मंथन प्रभात फिल्म कंपनी ने बनाई थी जो कि उस समय कोल्हापुर में स्थित थी और बाद में पुणे शिफ्ट हो गई। अपनी पहली फिल्म से ही चंद्रमोहन लोकप्रिय स्टार बन गए थे। शांताराम की अगली दो फिल्मों धर्मात्मा और अमर ज्योति में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चंद्रमोहन का जन्म नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश में 24 जुलाई 1906 में हुआ था। वह कश्मीरी ब्राह्मण थे और उनके पिता ग्वालियर रियासत की सेवा में थे। पिता बहुत कम उम्र में ही चल बसे थे, इसलिए जीवनयापन की सारी जिम्मेदारी उन पर ही आ पड़ी। इसके लिए उन्होंने बहुत सारे काम किए । एक फिल्म वितरण कंपनी में काम करने के दौरान उनकी मुलाकात व्ही. शांताराम से हुई। शांताराम को उनका व्यक्तित्व कुछ अलग और बेहद आकर्षक लगा। इसलिए उन्होंने तुरंत ही उनके सामने अभिनेता बनने का प्रस्ताव रख दिया। अचानक मिले इस प्रस्ताव को चंद्रमोहन ने उस समय मना कर दिया। कुछ समय बाद चंद्रमोहन नैनीताल के एक थियेटर में मैनेजर बनकर चले गए। वहां शांताराम से उनकी फिर मुलाकात हुई, तब वे उनको मना नहीं कर पाए। शांताराम ने उनके साथ तीन फिल्मों का अनुबंध किया । लगातार प्रदर्शित हुई यह फिल्में थीं अमृत मंथन, धर्मात्मा (1934) और अमर ज्योति (1935)। अमृत मंथन में उनकी आंखों के इस्तेमाल से उनकी छवि एक खलनायक की हो गई थी। ऐसे में सोहराब मोदी ने उन्हें अपनी ऐतिहासिक फिल्म पुकार में बादशाह जहांगीर की भूमिका देकर एक बहुत बड़ा जोखिम उठाया। यह फिल्म बहुत लोकप्रिय हुई और उनकी भूमिका भी। इस फिल्म में उनकी नायिका सायरा बानो की मां नसीम थी। इस तरह एक खलनायक से नायक बनने का यह पहला बड़ा उदाहरण था। व्ही . शांताराम, चंद्रमोहन को लेकर चौथी फिल्म भी बनाना चाहते थे लेकिन स्वाभिमानी और अपनी बात के पक्के चंद्रमोहन से उनकी बात मेहनताने को लेकर बिगड़ गई। शांताराम पुराने मानदेय पर ही उनसे काम कराना चाहते थे लेकिन चंद्रमोहन चाहते थे कि अब उनकी हैसियत बढ़ गई है तो उनको ज्यादा पैसे दिए जाएं। उस समय तो बात नहीं बनी लेकिन बाद में उन्होंने उनकी फिल्म शकुंतला में जय श्री के साथ दुष्यंत की यादगार भूमिका निभाई। अपने 15 साल के छोटे करियर में चंद्रमोहन ने लगभग 30 फिल्मों में काम किया। उनकी उल्लेखनीय फिल्मों में अमृत मंथन, रोटी, शकुंतला, मुमताज महल, श्रवण कुमार और रामबाण प्रमुख हैं जिसमें उन्होंने राजगुरु, अमीर आदमी, दुष्यंत, शाहजहां, राजा दशरथ और रावण के अलग-अलग महत्वपूर्ण पात्रों को अभिनीत किया। महबूब खान की फिल्म रोटी में उन्होंने एक बहुत महत्वपूर्ण रोल किया, जिसमें एक अमीर आदमी पैसे के लालच में दूसरों का पैसा हड़प कर अंत में कैसे, पैसे से एक गिलास पानी भी नहीं पा पाता है को बहुत शिद्दत से प्रस्तुत किया था। इसमें उनकी नायिका बेगम अख्तर थीं। 1944 में उनकी लोकप्रियता चरम पर थी और इस वर्ष उनकी छह फिल्में रिलीज हुईं जिसमे ऐतिहासिक फिल्म मुमताज महल भी शामिल है। 1945 में उनकी चार फिल्में प्रदर्शित हुई जिनमें हुमायूं और पन्नाधाय शामिल थीं। 1948 में रिलीज हुई शहीद उनकी अंतिम फिल्म थी, इसमें उन्होंने दिलीप कुमार के पिता राय बहादुर द्वारका दास का रोल किया था।

■ **अजय कुमार शर्मा**

भाषा सांस्कृतिक प्रवाह का महत्वपूर्ण उपकरण

भारत में अनेक भाषाएं हैं। कोई भी भाषा किसी दूसरी भाषा से छोटी या बड़ी नहीं होती। भारतीय भाषाओं में परस्पर प्रतिद्वंद्विता भी नहीं है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने सम्यक विचारोपरांत हिन्दी को राजभाषा स्वीकार किया था। संविधान सभा में राजभाषा का प्रस्ताव एमजी आयंगर ने रखा था। उन्होंने कहा था, 'यद्यपि संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया है। लेकिन वह समुन्नत भाषा नहीं है।' उन्होंने 15 वर्ष तक अंग्रेजी जारी रखने और आवश्यकतानुसार आगे भी अंग्रेजी का उपयोग जारी रखने का प्रस्ताव रखा। नजीरुद्दीन अहमद ने अंग्रेजी का पक्ष लिया। लेकिन आरवी धुलेकर ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बताया। इस पर कई सदस्यों ने आपत्ति की। धुलेकर ने कहा, 'मैं कहता हूं कि वह राजभाषा है। हिन्दी के राजभाषा हो जाने के बाद संस्कृत विश्व भाषा बनेगी। अंग्रेजी के नाम 15 वर्ष का पट्टा लिखने से राष्ट्र का हित साधन नहीं होगा।' बहस में सेठ गोविन्द दास ने हिन्दी की पैरोकारी की और कहा, 'इस देश में हजारों वर्ष से एक संस्कृति है। यहां एक भाषा और एक लिपि होनी चाहिए।' अलगू राय शास्त्री ने कहा, 'हिन्दी की होड़ अंग्रेजी से है। बांग्ला, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ से नहीं। अब यहां भारतीय भाषा ही होनी चाहिए। हिन्दी को भी यह महत्व प्राप्त हो सकता है। अंग्रेजी हमारे किसी भी प्रान्त की भाषा नहीं है।' बहस तीन दिन तक चली। पं. नेहरू ने कहा, 'अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो, हम इसे सहन नहीं कर सकते।' नेहरू के लिए अंग्रेजी बर्दाश्त के बाहर थी तो भी नेहरू जी ने अंग्रेजी को बनाए रखने की पैरोकारी की और 14 सितम्बर 1949 के दिन हिन्दी राजभाषा बन गई। 15 साल के लिए अंग्रेजी का प्रभुत्व स्वीकार कर लिया गया।

संविधान (अनुच्छेद 351) में हिन्दी के विकास के लिए विशेष निर्देश दर्ज हुए। इस अनुच्छेद में कहा गया है कि संघ का कर्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे। उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिन्दुस्तानी या आठवीं अनुसूची में निर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त, रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए और जहां आवश्यक हो वहां उसके शब्द भण्डार के लिए मुख्यतः संस्कृत से और गौणतः अन्य भाषाओं से ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करें।' संविधान निमार्ताओं ने राजभाषा की समृद्धि के लिए केन्द्र को यह कर्तव्य सौंपा है। लेकिन राजभाषा के प्रचार और प्रसार के लिए पूर्ववर्ती सरकारों ने इस संवैधानिक कर्तव्य का पालन नहीं किया। प्रसन्नता की बात है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निमार्ताओं के निर्देश का पालन किया है। राजभाषा के संवर्द्धन के लिए उनकी सजगता से पूरा देश परिचित है। शाह ने 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर कहा कि हिन्दी विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भाषाओं की विविधता को एकजुट करती है।'

उन्होंने बिलकुल ठीक कहा है, हिन्दी ने कभी भी किसी अन्य भारतीय भाषा के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं की। हिन्दी की प्रतिस्पर्धा अन्य किसी भारतीय भाषा के साथ नहीं थी। भाषा महत्वपूर्ण उपकरण है। यह संस्कृति, सभ्यता, ज्ञान-विज्ञान और दर्शन जैसे सभी अनुशासनों की अभिव्यक्ति का माध्यम है। हिन्दी के पास भारतीय दर्शन, विज्ञान सहित ज्ञान परम्परा के सभी अनुशासनों का संस्कृत का उत्तराधिकार है। संविधान निमार्ताओं ने उचित ही हिन्दी को राजभाषा बनाया। पीछे साल हिन्दी दिवस के मौके पर सूरत में भी शाह ने विज्ञान, कानून जैसे विषयों पर हिन्दी में उच्च स्तरीय लेखन की आवश्यकता बताई थी। हिन्दी और सभी भारतीय भाषाओं के विकास के सम्बंध में उनका दृष्टिकोण सुस्पष्ट है। लेकिन भाषा को वोट राजनीति का हथियार बनाने के लिए तमिलनाडु के एक मंत्री ने गृहमंत्री शाह पर हिन्दी थोपने का बेजा आरोप लगाया है। आरोप निराधार है। पूरी तौर पर राजनीतिक है।

यह अच्छी बात है कि तमिलनाडु के मंत्री की बात को किसी ने भी महत्व नहीं दिया है। शाह ने स्पष्ट किया है कि अपनी सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही राष्ट्र सशक्त होगा। हिन्दी सभी भाषाओं को सशक्त करने का माध्यम बनेगी। भारतीय राष्ट्र का गठन संस्कृति से हुआ है। भाषा सांस्कृतिक प्रवाह का महत्वपूर्ण उपकरण होती हैं। शाह ने पिछले वर्ष कहा था, 'अंग्रेजी के आकर्षण के कारण हम अपनी प्रतिभा का 5 प्रतिशत ही उपयोग कर पा रहे हैं। अंग्रेजी और अंग्रेजियत के मोहपाश से मुक्त होना समय का आह्वान है।' स्वाधीनता संग्राम की भाषा हिन्दी व अन्य क्षेत्रीय भाषाएं ही थीं। लेकिन अंग्रेजी का आकर्षण आधुनिक होने का साधन था। गांधी जी ने दुख व्यक्त किया था कि अंग्रेजी ने हिन्दुस्तानी राजनीतिज्ञों के मन में घर कर लिया है। गांधी जी ने 1919 में कहा था, 'मैं टूटी-फूटी हिन्दी बोलता हूं। अंग्रेजी बोलने में मुझे पाप लगता है। 1917 में राष्ट्र भाषा को लेकर बहस थी। गांधी जी ने राष्ट्र भाषा के लक्षण बताए थे। यह भाषा सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आसान होनी चाहिए। उस भाषा के द्वारा भारत का आपसी धार्मिक, आर्थिक व राजनीतिक कामकाज सरल होना चाहिए। ऐसी भाषा को भारत के ज्यादातर लोग बोलते हों। भाषा पर विचार करते समय क्षणिक या अस्थाई परिस्थिति पर जोर न दिया जाए। अंग्रेजी में यह लक्षण नहीं हैं। हिन्दी में यह सारे लक्षण हैं। गांधी हिन्दी के पक्षधर थे। देश के राष्ट्रवादी नेता भी हिन्दी के पैरोकार थे। दरअसल भाषा ही सामाजिक संगठन का मुख्य उपकरण होती है। भाषा का उद्देश्य दैनिक जीवन की कार्रवाई पूरा करना ही नहीं होता। आदर्श मनुष्य गढ़ने के लिए भी भाषा ही सशक्त उपकरण होती है। राष्ट्रजीवन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए भाषा में आदर्श संस्कार भी होने चाहिए। डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 'सहज भाषा का प्रश्न' शीर्षक से लिखा है, 'निस्संदेह मैं सहज भाषा का पक्षपाती हूं। परन्तु सहज भाषा मैं उसे समझता हूं जो सहज ही मनुष्य को आहार-निद्रा आदि पशु-सामान्य धरातल से ऊंचा उठा सके। सहज भाषा का अर्थ है-सहज ही महान बना देने वाली भाषा। वह भाषा, जो मनुष्य को उसकी सामाजिक दुर्गति, दरिद्रता, अंध-संस्कार और परमुखापेक्षिता से न बचा सके, किसी काम की नहीं है, भले ही उसमें प्रयुक्त शब्द बाजार में विचरने वाले अत्यंत निम्न स्तर के लोगों के मुख से संग्रह किए गए हों। अनयासलब्ध भाषा को मैं सहज भाषा नहीं कहता। तपस्या, त्याग और आत्म-बलिदान के द्वारा सीखी हुई भाषा सहज भाषा है। बाजार की भाषा को, मोटे प्रयोजनों की भाषा को मैं छोटी नहीं कहता, परन्तु मनुष्य को उन्नत बनाने के लिए जो भाषा प्रयोग की जाएगी वह उससे भिन्न होगी।' अब तक की सरकारों ने राजभाषा की समृद्धि के लिए अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया। केन्द्र अब वही संवैधानिक दायित्व निर्वाहन करने में संलग्न है। ऐसे प्रयासों का समर्थन किया जाना चाहिए।

■ **ह्रदयनारायण दीक्षित**
(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

संविधान (अनुच्छेद 351) में हिन्दी के विकास के लिए विशेष निर्देश दर्ज हुए। इस अनुच्छेद में कहा गया है कि संघ का कर्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे। उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिन्दुस्तानी या आठवीं अनुसूची में निर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त, रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए और जहां आवश्यक हो वहां उसके शब्द भण्डार के लिए मुख्यतः संस्कृत से और गौणतः अन्य भाषाओं से ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करें।' संविधान निमार्ताओं ने राजभाषा की समृद्धि के लिए केन्द्र को यह कर्तव्य सौंपा है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट। - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

देवताओं में विश्वकर्मा का महत्वपूर्ण स्थान

हिन्दू धर्म के अनुसार भगवान विश्वकर्मा को देवताओ का शिल्पकार माना जाता है। 'विश्वकर्मा पूजा' हिन्दुओं का एक प्रसिद्द त्यौहार है। इस दिन को भगवान विश्वकर्मा के जन्म दिवस के रूप में मनाते हैं। इसीलिए इसे 'विश्वकर्मा जयंती' के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें स्वायंभु और विश्व का निमार्ता माना जाता है। विष्णुपुराण में विश्वकर्मा को देवताओं का देव बढ़ई कहा गया है। यह पूजा करने से अनेक फायदे है। इससे व्यापार में तरक्की होती है। पूजा करने से मशीन खराब नही होती है। व्यापार में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि होती है। जिस व्यक्ति के पास एक कारखाना होता है उसके पास अनेक कारखाने हो जाते है। सभी देवताओ में भगवान विश्वकर्मा का महत्वपूर्ण स्थान है। इन्होने अनेक प्रसिद्ध भवनों और वस्तुओ की रचना की। रावण के लिए सोने की लंका बनाई तो स्वर्ग में इंद्र का सिंहासन आपने बनाया। जब असुर देवताओं को सताने लगे तो इन्होने ऋषि दधीची की हड्डियों से इंद्र का वज्र बनाकर असुरो का नाश किया। रावण के अंत के बाद राम, लक्ष्मण, सीता व अन्य साथी पुष्पक विमान पर बैठकर अयोध्या नगरी लौटे थे। पुष्पक विमान का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा ने किया था। कर्ण का कुंडल इन्होने ही बनाया था। इसके अतिरिक्त भगवान शिव का त्रिशूल, विष्णु का सुदर्शन चक्र, यमराज का कालदंड बनाया था। पांड्वो के लिए शानदार इंद्रप्रस्थ नगरी का निर्माण किया, जिससे कौरव चकित रह गये। हस्तिनापुर को भी इन्होने ही बनाया था। जगन्नाथ पुरी में जगन्नाथ मंदिर का निर्माण किया। इस तरह अनेक प्रसिद्ध भवनों का इन्होने निर्माण किया था। साथ ही उन्होंने द्वारका के पवित्र शहर का निर्माण किया, जहां कृष्ण ने शासन किया, पांडवों की माया सभा, और देवताओं के लिए कई शानदार हथियारों के वो निमार्ता थे। उन्हें निर्माणकार्ता, इंजीनियर , वैज्ञानिक, जगतकार्ता ईश्वर कहते हैं। विश्वकर्मा की विशेष प्रतिमाएँ और चित्र सामान्यतः प्रत्येक कार्यस्थल और कारखाने में स्थापित किए जाते हैं। सभी कार्यकर्ता एक आम जगह पर इकट्ठा होते हैं और पूजा श्रद्धा से की जाती है।

❖ कुमारी रिया

पूजा की विधि

सबसे पहले सवेरे से अपने घर के गाडी मोटर या अपने दूकान के मशीनों को धो लें या साफ कर लें। घर की साफ सफाई करें और पूजा की सभी सामग्री को एक दिन पहले से ही तैयार रखें। उसके बाद स्नान कर लें और अपने पत्नी के साथ पूजा स्थान पर बैठ जाएँ। उसके बाद पूजा पर बैठने के बाद विष्णु जी को ध्यान करके मंत्र ह्यऊँ श्री श्रीष्टिनतया सर्वसिधहया विश्वकरमाया नमो नमः के साथ फूल चढ़ाएं।अपनी पत्नी और स्वयं के हाथ में रक्षासूत्र बांधे। पुष्प कमंडल में डालें और समक्ष रखें। उसके बाद भगवान विश्वकर्मा का ध्यान करें। उसके बाद शुद्ध करके जमीन पर 8 पंखुड़ियों वाला कमल बनायें। उसी स्थान पर सात प्रकार के अनाज रखें और उसपर मिटटी और ताम्बे के पात्र के पानी का छिडकाव करें। उसके बाद चावल पात्र को समर्पित करें और वरुण देव का ध्यान करें। सात प्रकार की मिटटी, सुपारी, दक्षिणा कलश में डाल कर कलश को कपड़े से ढकें। उसके बाद अंत में विश्वकर्मा भगवान को फूल चढ़ा कर आशीर्वाद लें और उच्चारण करें, हे विश्वकर्मा जी, आपके आशीर्वाद से जीवन में सुख-शांति मिले मेरी पूजा स्वीकार कीजिये।

देवताओं के दिव्य वास्तुकार व इंजीनियर को समर्पित यह त्योहार

विश्वकर्मा पूजा पलामू सहित पूरे भारत में हिंदू समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला एक शुभ त्योहार है। देवताओं के दिव्य वास्तुकार और इंजीनियर को समर्पित यह त्योहार पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा पूजा जिसे विश्वकर्मा जयंती के नाम से भी जाना जाता है। जो की भगवान विश्वकर्मा के जन्म दिवस है। 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजा के रूप मनाया जाता है। जैसा की हम सभी जानते है की भगवान विश्वकर्मा को शिल्प और श्रम का देवता माना जाता है जिस कारण हम सभी के लिए भगवान विश्वकर्मा की पूजा का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। चुंकी हम सभी का जीवन मशीनों व्यापार आदि पर विशेष रूप से निर्भर है। जिस कारण से बिजनेस, व्यापार, निर्माण में तरक्की की वृद्धि के लिए भगवान विश्वकर्मा की विशेष पूजा की जाती है। हिन्दू धर्म की ऐसी मान्यता है। इस दिन विश्वकर्मा पूजा के लिए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। लोग अपने घरो, दुकानों, दफ्तरों, कल कारखानों की अच्छे से साफ सफाई करते हौ फिर विश्वकर्मा पूजा के दिन सुबह सुबह लोग अपने कार्यस्थल को सजाते हैं। फिर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा या चित्र स्थापित किया जाता हौ फिर विधिवत पूजा अर्चना की जाती है और भगवान विश्वकर्मा से जीवन में सुख समृद्धि की कामना की जाती है। विश्वकर्मा पूजा की छटा देखते ही बनती है। इस दिन स्कूल, कॉलेज में सार्वजनिक अवकाश होता है। जिस कारण से विश्वकर्मा पूजा में बच्चे भी अति उत्साह के साथ भाग लेते है। बच्चे, बड़े सभी मिलकर सबसे पहले इस दिन सफाई करते है। दफिर जिस जगह विश्वकर्मा पूजा मनाना होता है, उस स्थान की खूब अच्छे से सजावट की जाती है। जिसमें रंग बिरंगे गुब्बारे, झंडिया, झालर, लाइटिंग की जाती है। जिससे विश्वकर्मा पूजा की शोभा में चार चाँद लग जाते है। इसके बाद लोग नहा धोकर अच्छे साफ सुथरे वस्त्र धारण कर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित करते है। फिर विधिवत मन्त्रोच्चार के साथ विशेष पूजन अर्चन किया जाता है। लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते है, धुप, अगरबत्ती जलाते है और फूल माला चढ़ाते है, प्रसाद, फल-मिठाई आदि का भोग लगते है और भगवान विश्वकर्मा की पूजा करके मंगल की कामना करते है। विश्वकर्मा पूजा के दिन मिट्टी से बनी मूर्तियों को स्थापित किया जाता है। जिसके पूरे दिन और रात विश्वकर्मा पूजा का कार्यक्रम चलता रहता है। फिर अगले दिन विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति की विदाई दी जाती है और विश्वकर्मा मूर्ति का विसर्जन किया जाता है। जिसमे सभी भक्ति और श्रद्धा के भाव से शामिल होते है। सभी एक दुसरे के ऊपर रंग गुलाल लगाते है और भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति को बड़े वाहन पर स्थापित करते विसर्जन के लिए उन्हें पास के नदियों आदि में ले जाया जाता है। जिसमें मूर्ति के साथ अन्य दुसरे गाड़ियों में अनेक धार्मिक झांकिया भी निकाली जाती है। जो की मन को मुग्ध कर देने वाली होती है। जब सभी एक साथ मिलकर नाचते गाते हुए चलते है तो इन सभी की छटा देखते ही बनती है।

❖ सुरेन्द्र कुमार

पलामू में विश्वकर्मा पूजा आज,उल्लास

विश्वकर्मा पूजा की तैयारियां कई दिन पहले से ही शुरू हो जाती है। कार्यशालाओं, कारखानों, उद्योगों व घरों को भी साफ किया जाता है और सजाया जाता है। कारीगर और शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की खूबसूरती से सजाई गई मूर्तियों के सामने अपने उपकरण और मशीनरी स्थापित करते हैं। पूजा भगवान के पारंपरिक आह्वान के साथ शुरू होती है, जिसके बाद प्रार्थना, मंत्र जाप और फूल, फल और मिठाइयाँ दी जाती हैं। कार्यकर्ता अपनी दैनिक दिनचर्या से छुट्टी लेते हैं और उत्सव की गतिविधियों में शामिल होते हैं। भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए इस दिन कई उद्योग और कारखाने बंद रहते हैं। विश्वकर्मा पूजा के पीछे का इतिहास प्राचीन काल से है। ऐसा माना जाता है कि इसकी उत्पत्ति सबसे पुराने हिंदू धर्मग्रंथों में से एक ऋग्वेद से हुई है। इस पवित्र ग्रंथ में भगवान विश्वकर्मा का उल्लेख किया गया है, जो दुनिया में उनके असाधारण कौशल और योगदान पर प्रकाश डालता है। समय के साथ, पूजा ने लोकप्रियता हासिल की और लोगों ने अपने संबंधित शिल्प या व्यवसायों में सफल उद्यमों और समृद्धि के लिए भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए उनकी पूजा करनी शुरू कर दी। विश्वकर्मा ने पृथ्वी और स्वर्ग सहित पूरी दुनिया बनाई। वज्र और भगवान के अन्य हथियार बनाने के लिए जिम्मेदार थे विश्वकर्मा। विश्वकर्मा को सभी समय के सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता, महानता और कार्य में श्रेष्ठता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। वास्तुकार के देवता को मनाने के लिए, हम विश्वकर्मा पूजा मनाते हैं। यह एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है जो दिव्य वास्तुकार और निमार्ता भगवान विश्वकर्मा का सम्मान करता है। यह पूजा व्यावसायिक सफलता के लिए आशीर्वाद मांगने और श्रमिकों की कड़ी मेहनत और कौशल को पहचानने के लिए की जाती है। यह लोगों को एक साथ लाता है, सामाजिक बंधनों को मजबूत करता है और दिखाता है कि कड़ी मेहनत करना, रचनात्मक होना और अपने काम के प्रति समर्पित रहना कितना महत्वपूर्ण है। ऐसा माना जाता है कि इस शुभ दिन पर भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ था। उत्सव सुबह जल्दी शुरू हो जाता है और लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने के लिए मंदिरों में इकट्ठा होते हैं। इस त्योहार के दौरान भक्त अपने व्यवसायों के लिए उपयोग किए जाने वाले औजारों और उपकरणों की भी पूजा करते हैं। उत्सव के दौरान, कार्यस्थलों को साफ किया जाता है और फूलों से सजाया जाता है। नई परियोजनाओं का उद्घाटन करने और उनके सफल समापन के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए नए उपकरण और मशीनरी खरीदी जाती हैं।शिल्पकारों और वास्तुकारों के जीवन में विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि भगवान विश्वकर्मा के पास असाधारण कौशल और आशीर्वाद हैं। इस दिन, श्रमिक अपने औजारों और उपकरणों को देवता के सामने रखते हैं और उनकी पूजा करते हैं। वे अपने उपकरणों की दीघार्यु और दक्षता के लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद चाहते हैं। विश्वकर्मा पूजा न केवल कारखानों और कार्यशालाओं में बल्कि शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों और यहां तक कि घरों में भी मनाई जाती है। ऐसा माना जाता है कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से व्यक्ति नवीन और दोषरहित शिल्प कौशल के लिए दिव्य मार्गदर्शन और प्रेरणा प्राप्त कर सकता है। पूजा उन उपकरणों और मशीनरी के प्रति आभार व्यक्त करने का भी एक अवसर है जो विभिन्न व्यवसायों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

❖ गोलू कुमार

सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा

आज विश्वकर्मा पूजा पलामू सहित अन्य जगहों में धूमधाम से मनाया जा रहा है। विश्वकर्मा जयंती को प्रतिवर्ष सितम्बर के महीने में उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन सबसे बड़े वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा के जन्मोत्सव को विश्वकर्मा पूजा के रूप में मनाते हैं। भगवान विश्वकर्मा को दिव्य वास्तुकार कहा जाता है। शिल्पकलाओं से संबंध रखने वाले लोगों के लिए यह दिन बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह दिन हमारे देश में बड़े स्तर पर लोगों द्वारा मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने कारखानों, वाहन और औजारों आदि को साफ करते हैं और पूजा के बाद ही इस्तेमाल करते हैं। भगवान विश्वकर्मा को ऋग्वेद में देव बढ़ई कहा गया है। भगवान विश्वकर्मा को देवमहल, देव हथियार और सभी औद्योगिक औजार का निर्माणकर्ता माना जाता है। भगवान शंकर का त्रिशूल, भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र और ऋषि दधीचि के अस्थियों से बने अस्त्र का निर्माण इन्होंने ही किया था। विश्वकर्मा पूजा इंजीनियर, वेल्डर, मैकेनिक, लोहार, शिल्पकार, बढ़ई आदि सभी लोग श्रद्धाभाव से मनाते हैं। इतिहास के अनुसार भगवान विश्वकर्मा को देवशिल्पी यानी की देवताओं के वास्तुकार के रूप में पूजा जाता है। उन्हें त्रिलोका या त्रिपक्षीय युग का भी निमार्ता माना जाता है। विश्वकर्मा जी ने अपनी शक्ति से देवताओं के उड़न रथ, महल और हथियार का भी निर्माण किया था। हम सभी के जीवन में शिल्प का अत्यधिक महत्व है। कोई भी घर, मकान, भवन, नवीन रचना का काम शिल्प के अंतर्गत ही आता है। कुशल शिल्प विद्या और ज्ञान से मनुष्य विशाल इमारते, पुल, वायुयान, रेल, सड़क पानी के जहाज, वाहन आदि बनाता है। इसलिए हम सभी के जीवन में शिल्प विद्या का शुरू से महत्व है। आधुनिक समय में इंजीनियर, मिस्त्री, वेल्डर, मकेनिक जैसे पेशेवर लोग शिल्प निर्माण का काम करते है। इसलिए मनुष्य के जीवन में सदैव विश्वकर्मा पूजा का महत्व है। यदि मनुष्य के पास शिल्प ज्ञान न हो तो वह कोई भी भवन, इमारत नही बना पायेगा। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को वास्तुशास्त्र का देवता भी कहा जाता है। इनको प्रथम इंजीनियर, देवताओं का इंजीनियर और मशीन का देवता भी कहा जाता है। यह भी माना जाता है कि इंद्र का महा अस्त्र जो ऋषि दधिची के हड्डियों से बना हुआ था वह भी विश्वकर्मा भगवान द्वारा ही बनाया गया था। न सिर्फ स्वर्ग बल्कि उन्हें इस पुरे सृष्टि का निमार्ता माना जाता है। उन्होंने सत्य युग में सोने की लंका जहाँ असुर राज रावण रहा करता था, त्रेता युग में द्वारका शहर, जहाँ श्री कृष्ण थे, द्वापर युग में हस्तिनापुर शहर का निर्माण जो पांडवों और कौरवों का राज्य था सभी का निमाण किया।

❖ गुड्डू कुमार

विश्वकर्मा को शिल्प ज्ञान का पितामह कहा जाता है

विश्वकर्मा पूजा पलामू में बड़े ही उच्च स्तर पर मनायी जाती है। हम सभी को रहने और किसी भी निर्माण के लिए शिल्पज्ञान का होना अत्यंत आवश्यक है। भगवान विश्वकर्मा को शिल्प ज्ञान का पितामह कहा जाता है। ऐसा मानते हैं कि भगवान विश्वकर्मा को जन्म से ही शिल्प का ज्ञान प्राप्त था। पुराणों में वर्णित इन्द्र सिंहासन और पुष्पक विमान भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही बनाया गया था। इस दिन सभी लोग सुबह नहाकर पूजा स्थल पर भगवान विश्वकर्मा की फोटो लगाते है। उस पर फूल माला चढ़ाते है। धूप, दीपक, अगरबत्ती जलाकर औजारों की पूजा की जाती है। फिर प्रसाद का भोग लगाकर हाथ में फूल और अक्षत लेकर भगवान विश्वकर्मा का ध्यान करते है। ऊँ श्री श्रीष्टिनतया सर्वसिधहया विश्वकरमाया नमो नमः मंत्र का उच्चारण करते है। हवन करने के बाद आरती पढ़ते है। फिर सभी को प्रसाद दिया जाता है। सभी कारीगरों को इस पूजा का इंतजार रहता है। इस दिन दुकान या फैक्ट्री में काम नही होता है। सिर्फ पूजा की जाती है। इस पूजा के अगले दिन भगवान विश्वककर्मा की मूर्ति स्थापित की जाती है। विश्वकर्मा पूजा लगभग सभी दफ्तरों और कार्यालयों मनायी जाती है। परन्तु इंजिनियर, आर्किटेक्ट, चित्रकार, मैकेनिक, वेल्डिंग दुकान वालें या कारखानों में इसको मुख्य तौर से मनाया जाता है। इस दिन ऑफिस और कारखानों के लोग अपने कारखानों और कार्यालयों की अच्छे से साफ-सफाई करते हैं और विश्वकर्मा भगवान की मिटटी की मूर्तियों को पूजा के लिए सजाते हैं। घरों में भी लोग अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, घर और गाडी-मोटर की पूजा करते हैं। पलामू में यह पूजा बड़े उल्लास के साथ मनाई जाती है। इस दिन सभी राजमिस्त्री, बुनकर, कारीगर जो लोहे और अन्य धातुओं से वस्तु निर्माण करते है, इंजीनियर, राजमिस्त्री, मजदूर, शिल्पकार, कामगार, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिशियन, टेक्निशियन, ड्राइवर, बढ़ई, वेल्डर, मकेनिक, सभी औद्योगिक घराने के लोग इस पूजा को बड़े धूमधाम से मनाते है। इस दिन कारखानों, वर्कशाप की साफ सफाई की जाती है। गुब्बारे, रंग बिरंगे कागजों से कार्यस्थल को सजाया जाता है। औजारों की सफाई, रंगाई पुताई की जाती है। इस दिन विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। इतिहास के अनुसार भगवान विश्वकर्मा को देवशिल्पी यानी की देवताओं के वास्तुकार के रूप में पूजा जाता है। उन्हें त्रिलोका या त्रिपक्षीय युग का भी निर्माता माना जाता है।

❖ वेद प्रकाश

सतयुग से कलियुग तक भगवान विश्वकर्मा के निर्माणों का उल्लेख

विश्वकर्मा पूजा में सभी कर्मचारी भगवान विश्वकर्मा से नया और कुशल शिल्पज्ञान, वास्तुज्ञान मांगते है और कहते है की शिल्प करते समय, कोई भवन, इमारत बनाते समय कोई दुर्घटना न हो। विश्वकर्मा पूजा सिर्फ एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि दुनिया में मौजूद कौशल और शिल्प कौशल के लिए एक श्रद्धांजलि भी है। यह कारीगरों, शिल्पकारों और इंजीनियरों की रचनात्मकता और सरलता का सम्मान करता है। यह त्यौहार कार्य के हर क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता को अपनाने के महत्व की याद दिलाता है। भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद मांगकर, लोग अपने संबंधित शिल्प और व्यवसायों में सफलता, समृद्धि और दिव्य मार्गदर्शन प्राप्त करने की आशा करते हैं। इस दिन श्रम की पूजा भी की जाती है। बिना श्रम के कुछ भी नया निर्माण कर पाना संभव नही है। हम सभी को रहने के लिए मकान या भवन की आवश्यकता होती है। हिन्दू धर्म में निर्माण के देवता के रूप में भगवान विश्वकर्मा को पूजा जाता है। भगवान ब्रह्मा समस्त ब्रह्मांड की रचना किए और उसके बाद भगवान विश्वकर्मा ने धरती पर जल, मिट्टी, भवन, आदि की रचना की। सतयुग से लेकर कलियुग तक भगवान विश्वकर्मा द्वारा किए निर्माणों का उल्लेख पुराणों और ग्रंथों में मिलता है। विश्व निमार्ता कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की जयंती के रूप में यह दिन मनाया जाता है। इस दिन को विश्वकर्मा पूजा या विश्वकर्मा जयंती के रूप में मनाते है। ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा मनायी जाती है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार यह पूजा कन्या संक्रांति के दिन मनाई जाती है।

हिन्दू धर्म में निर्माण के देवता के रूप में भगवान विश्वकर्मा को पूजा जाता है। भगवान ब्रह्मा समस्त ब्रह्मांड की रचना किए और उसके बाद भगवान विश्वकर्मा ने धरती पर जल, मिट्टी, भवन, आदि की रचना की। सतयुग से लेकर कलियुग तक भगवान विश्वकर्मा द्वारा किए निर्माणों का उल्लेख पुराणों और ग्रंथों में मिलता है। विश्व निमार्ता कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की जयंती के रूप में यह दिन मनाया जाता है।

यह भारत में मनाए जाने वाले प्रसिद्ध हिन्दू त्योहारों में से एक है। हिन्दू धर्म में भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का पहला इंजीनियर माना जाता है।भगवान विश्वकर्मा को सबसे बड़ा शिल्पकार कहा जाता है। इस दिन लोग औजार, हथियार, वाहन, उपकरण और मशीनों आदि की पूजा करते हैं। सभी कारखानों व कार्यस्थलों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के साथ साथ इस दिन लोग अपने घरो, दुकानों, दफ्तरों, कल-कारखानों की अच्छी तरह से साफ-सफाई करते हैं। भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति या चित्र को स्थापित किया जाता है और विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। पूरे दिन-रात विश्वकर्मा पूजा का कार्यक्रम चलता रहता है। पुराणों के अनुसार स्वर्ग लोक, लंका, द्वारका, हस्तिनापुर, इंद्रप्रस्थ और जगन्नाथ पुरी का सृजन भगवान विश्वकर्मा ने किया था।

❖ डोली कुमारी

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

तमिलनाडु और तेलंगाना में 30 स्थानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस भर्ती मामले में शनिवार को तमिलनाडु और तेलंगाना में 30 स्थानों पर छापा मारा। एनआईए के मुताबिक आईएसआईएस मॉड्यूल के खिलाफ कोयंबटूर में 21 जगहों, चेन्नई में तीन, हैदराबाद में पांच और तेनकासी में एक जगह पर छापेमारी चल रही है। आईएसआईएस को भारत में पांव फैलाने से रोकने के लिए एनआईए यह कदम लगातार उठा रही है। एनआईए की इस कार्रवाई के बारे में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

आईपी यूनिवर्सिटी में काउंसिलिंग 19 को

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के एमपीटी (कोड 107) प्रोग्राम में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 19 सितंबर को आफलाइन मोड में द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता नलिनी रंजन ने शनिवार को बताया कि इस प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के सफल उम्मीदवार इस आफलाइन काउंसिलिंग में भाग ले सकते हैं। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम निर्गत एकसठ हजार रुपये का डिमांड ड्राफ़्ट, चार पासपोर्ट आकार के फोटो, प्रवेश परीक्षा का दाखिला पत्र और परिणाम पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, अंतिम परीक्षा की मार्क्स शीट, शारीरिक दक्षता प्रमाण पत्र, एडमिशन वेरिफिकेशन फोर्म, इत्यादि साथ लेकर आना है। यह प्रोग्राम बनारसी दास चांदीवाल इन्स्टिट्यूट औफ फिजीयोथेरेपी, कालकाजी और आईएसआईसी इन्स्टिट्यूट औफ रिहैबिलिटेशन, वसंत कुंज में उपलब्ध है। कुल 43 सीटें हैं।

देश में पीएम पद का फिक्स चेहरा नरेन्द्र मोदी ही : शाह

एजेंसी। मधुबनी

बिहार में मधुबनी जिला के झंझारपुर अनुमंडल स्थित ललित कपूर्री स्टेडियम में गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसैलाब के बीच नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद की जयघोष पंडाल के बीच चहुंओर होती रही। गृहमंत्री अमित शाह ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। गृहमंत्री ने कहा कि नीतीश जी पीएम का पद खाली नही है। आपकी दाल वहां नही गलेगी, मोदी जी वहां फिक्स हैं। बिहार में भाजपा की सरकार बनेगी।आमजन 40 में से 40 लोकसभा सीट भाजपा को जिताएगी।

गृहमंत्री ने अमित शाह ने कहा कि बिहार सरकार ने जन्माष्टमी की छुट्टी रद्द की तो जनता के आक्रोश के बाद वापस लिया।सभास्थल पर अगल-बगल के इलाके के 31 विधान सभा से आए हुए लोगों का मैं स्वागत करता हूं। मोदी सरकार ने देश के लोगों को चंद्रयान

अभियान की सफलता से गौरवान्वित किया। सभी देशवासी का सर ऊंचा हुआ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 में अफ्रीकी गठबंधन को शामिल कर देश का नाम रोशन हुआ।जी-20 में मधुबनी पेंटिंग और नालंदा का विशेष स्थान रहा। वर्तमान गठबंधन फिर से जंगलराज लायेगा। लालू जी फिर से एक्टिव और नीतीश जी इनएक्टिव हो गए हैं। शाह ने आश्चर्य लहजा में कहा कि यूपीए का नाम बदलने की जरूरत क्यों पड़ी? नाम बदलने से बिहार को सालों तक पीछे ढकलने वाले नही बदलेंगे। रामचरितमानस की निन्दा करने वाले, जन्माष्टमी की छुट्टी रद्द करने वाले और सनातन धर्म को कई सारी गंभीर बीमारी का नाम बताने वाले सही हैं क्या ? अमित शाह ने कहा कि लालू जी के काल में गुंडाराज की वापसी हो चुकी है। बालू माफिया घुस चुके हैं, बम बरामद हो रहे हैं। जदयू के मेल तेल और पानी के मेल जैसा है, ये एक नही हो सकते। तेल पानी को मैला कर देता है।आपने प्रधानमंत्री बनने के लिए जो गठबंधन किया वो आपको भी डूबा देगा।अयोध्या में राममंदिर को सालों तक कांग्रेस, लालू जैसे लोगो ने रोक कर रखा। जनवरी से आप रामलाला का दर्शन भव्य मंदिर में करेंगे। इसका उनको पेट में दर्द है। मोदी जी द्वारा धारा 370 समाप्त करने पर लालू नीतीश की जोड़ी और कांग्रेस को दर्द होता है।

अमित शाह ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट नरेन्द्र मोदी जी ने बनाया। यहां 16 लाख लोग पिछले एक साल में यात्रा कर चुके हैं। नीतीश जी एम्स का दिया हुआ 81 एकड़ भूमि अगर वापस नहीं ली होती तो दरभंगा में एम्स बन गया होता। नीतीश जी नए जगह के जमीन को छूकर बताए की यहां एम्स बनाना है। नीतीश जी के कारण 1,250 करोड़ की लागत से बनने वाला एम्स नही बना। नीतीश जी द्वारा ठंडे बस्ते में डाला हुआ कोशी महा सेतु बनाया। नीतीश जी आपने बिहार को 10 साल में 2 लाख दिया। मोदी जी ने 5,92,000 करोड़ 9 साल में दिया।गंगा नदी पर महात्मा गांधी सेतु और मोकामा के राजेंद्र पुल के समानांतर पुल हम बनवा रहे हैं। 1500 करोड़ से कोशी पर एक और पुल बनवा रहे हैं। हमने 9 करोड़ लोगो को मुफ्त में अनाज दिया। 40 लाख लोगो को आवास व गैस दिया। पूरे देश में सभी को फ्री में कोरोना का टीका लगवाया। गृहमंत्री ने कहा कि च पर क्षेत्रीय विधायक पूर्व मंत्री नीतीश मिश्रा ने गृहमंत्री को भव्य स्वागत किया व पेंटिंग भेंट की। दरभंगा मधुबनी सहरसा जिला के भाजपा जनप्रतिनिधि मुस्तैद दिखे।

देश के हर मेडिकल कॉलेज में होगी अंग प्रत्यारोपण की सुविधा : डॉ. मांडविया

एजेंसी। आगरा

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल की उपस्थिति में आगरा में देश में पहली बार अंगदान संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने 23 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और 87 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों की आधारशिला रखी तथा सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का उद्घाटन और अंगदान रजिस्ट्री का अनावरण किया।

आगरा के जीआईसी ग्राउंड में आयोजित अंगदान संकल्प कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि अंगदान से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है। जीते जी देश के नागरिकों को रक्तदान करना चाहिए और मृत्यु के बाद अंगदान करना चाहिए। अंगदान के माध्यम से किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद दूसरे व्यक्ति को नया जन्म मिलता है। उन्होंने कहा कि

2024 के अंत तक देश के हर मेडिकल कालेज में अंग प्रत्यारोपण की सुविधा मिल सके, इसके लिए मशीनों की खरीद, डाक्टरों की उपलब्धता और ट्रेनिंग सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी अस्पताल अंग प्रत्यारोपण की सुविधा अपने यहां खोलना चाहेंगे उन्हें केद्र सरकार की तरफ से सवा करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।उन्होंने कहा कि अंगदान के बाद मरीज को जीवन भर दवाइयां खानी पड़ती हैं, कई टेस्ट कराने पड़ते हैं इसके लिए उस मरीज को केंद्र सरकार की तरफ से प्रतिमाह 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंगदान को 02 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करना है।

डॉ. मांडविया ने कहा कि देश के 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की गारंटी मोदी सरकार दे रही है। आयुष्मान भवः अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलेगा जिसमें अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहिए। पहले देश के युवाओं को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए विदेश जाना पड़ता था लेकिन मोदी सरकार में पिछले नौ साल में एमबीबीएस की सीटों की संख्या दो गुनी हो गयी है। पहले 54000 सीटें थीं जो कि अब बढ़कर एक लाख सात हजार हो गई हैं। वीडियो संदेश के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा नागरिकों के स्वास्थ्य और भलाई को सर्वोच्च महत्व दिया है। अंगदान प्रतिज्ञा पहल की सराहना करते हुए कहा कि अंगदान करने से दूसरे व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है।

'आयुष्मान भव' अभियान पीएम-जेएवाई के बारे में व्यापक कवरेज व जागरूकता पर केंद्रित : पीएम

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री ने डॉ. मनसुख मांडविया के एक लेख की सराहना करते हुए कहा कि "आयुष्मान भव" अभियान व्यापक कवरेज, पीएम-जेएवाई के बारे में जागरूकता विकसित करने, स्वास्थ्य खाता आईडी बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं गांवों के साथ-साथ शहरी वार्डों में भी प्रदान करने पर केंद्रित है। केंद्रीय स्वास्थ्य की एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए पीएम ने कहा, मांडविया ने बताया कि कैसे "आयुष्मान भव" अभियान व्यापक कवरेज, पीएम-जेएवाई के बारे में जागरूकता विकसित करने, स्वास्थ्य खाता आईडी बनाने और गांवों के साथ-साथ शहरी वार्डों में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है।

प्रधानमंत्री ने पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की जी20 देशों की प्रतिबद्धता को स्वीकारा

पीएम ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के एक लेख के माध्यम से जलवायु परिवर्तन सहित पर्यावरणीय संकटों और चुनौतियों के समाधान के लिए कार्यों में तत्काल तेजी लाने के लिए जी20 देशों की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया है। भूपेन्द्र यादव की एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विस्तार से बताया कि दिल्ली घोषणा के साथ, जी20 देशों ने जलवायु परिवर्तन सहित पर्यावरणीय संकटों और चुनौतियों से निपटने के लिए कार्यों में 'तत्काल तेजी' लाने की प्रतिबद्धता जताई है।

'वन नेशन, वन इलेक्शन' की पहली बैठक 23 को होगी

एजेंसी। नई दिल्ली

'वन नेशन, वन इलेक्शन' समिति की अध्यक्षता करने वाले पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि इसकी पहली बैठक 23 सितंबर को होगी। पूर्व राष्ट्रपति ने मीडिया में यह पुष्टि की। यह बैठक संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र के समापन के एक दिन बाद होगी। इस महीने की शुरूआत में, केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' अवधारणा की जांच के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया

गया है। रामनाथ कोविंद और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा, सरकार ने कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, पूर्व राज्यसभा एलओपी गुलाम नबी आजाद, 15 वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप को इसके सदस्यों के रूप में नामित किया था। वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी पैनल में शामिल हैं। हालांकि, अधीर रंजन चौधरी ने हिस्सा बनने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया था। गजट अधिसूचना के अनुसार, समिति न केवल लोकसभा और विधानसभा चुनाव, बल्कि नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव भी एक साथ कराने की व्यवहार्यता पर गौर करेगी। समिति त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव दल-बदल या ऐसी कोई अन्य घटना होने पर एक साथ चुनाव से जुड़े संभावित समाधानों का विश्लेषण और सिफारिश करेगी। सरकार ने अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय, राज्य, नागरिक निकाय और पंचायत चुनावों के लिए वैध मतदाताओं के लिए एक एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र की खोज की जाएगी।

लखनऊः जर्जर मकान की छत गिरने से पांच की मौत

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आलमबाग स्थित पुरानी रेलवे कॉलोनी में शनिवार को एक जर्जर मकान की छत ढह गई। हादसे में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने राहत बचाव कार्य करते हुए सभी को मलवे से बाहर निकाला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना में हुई जनहानि का शोक जताते हुए अधिकारियों को पीड़ितों को हर संभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली रेलवे कॉलोनी में तकरीबन दो सौ परिवार रहते हैं। कॉलोनी के अधिकांश मकान इतने जर्जर हो गए हैं कि वे कभी भी गिर सकते हैं। बावजूद इसके लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर उन मकानों में रहने को मजबूर हैं। शनिवार को एक मकान की जर्जर छत भरभराकर गिर गई। मलवे में परिवार के लोग दब गए। सूचना पाकर पुलिस और राहत बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने मलबा हटकार पांच लोगों को बाहर निकाला और इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा। डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

नये सदन में मंत्रियों को कार्यालय के लिए आवंटित किए गए कमरे

एजेंसी। नई दिल्ली

संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस सत्र के लिए तीन दिनों के रिहर्सल के बाद संसद का पुराना और नया, दोनों ही भवन सत्र के लिए तैयार है। विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में शुरू होनी है और इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि, नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सरकार के मंत्रियों को उनके कार्यालय के लिए कमरों का आवंटन भी कर दिया गया है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ 11 कैबिनेट मंत्रियों - अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी, नरेंद्र सिंह तोमर, अश्विनी वैष्णव और अर्जुन मुंडा को नए संसद भवन में अपर ग्राउंड फ्लोर पर कार्यालय के लिए कमरा आवंटित किया गया है। जानकारी के मुताबिक, अमित शाह को अपर ग्राउंड फ्लोर पर कमरा नंबर जी-33, राजनाथ सिंह को जी-34, नितिन गडकरी को जी-31, पीयूष गोयल को जी-30, निर्मला सीतारमण को जी-12, एस जयशंकर को जी-10, धर्मेंद्र प्रधान को जी-41, स्मृति ईरानी को जी-8, नरेंद्र सिंह तोमर को जी-11, अश्विनी वैष्णव को जी-17 और अर्जुन मुंडा को नए संसद भवन में कमरा नंबर जी-9 आवंटित किया गया है। आपको बता दें कि पुराने संसद भवन में इन वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का कार्यालय ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कमरों में था। सरकार के अन्य कैबिनेट मंत्रियों को नए संसद भवन में फर्स्ट फ्लोर पर कार्यालय के लिए कमरे का आवंटन किया गया है।

राजनीति

चुनावी रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस कार्य समिति की बैठक शुरू

2024 लोकसभा चुनाव पर होगी चर्चा

एजेंसी। हैदराबाद

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति पर चर्चा करने के लिए शनिवार को यहां अपनी महत्वपूर्ण बैठक शुरू की। पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था की बैठक ताज कृष्णा होटल में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा ध्वजारोहण के साथ शुरू हुई।

दोपहर तीन बजे के बाद शुरू हुई बैठक शाम तक जारी रहने की संभावना है। होटल में उत्सव जैसा माहौल था और कलाकारों का एक समूह पारंपरिक नृत्यों के साथ

नेताओं का स्वागत कर रहा था। कांग्रेस विधायक सीथक्का भी कुछ देर के लिए आदिवासी नर्तकों के साथ शामिल हुए। हैदराबाद में पहली बार सीडब्ल्यूसी बैठक के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आगमन के साथ शहर के मध्य में स्थित होटल में व्यस्त गतिविधि देखी गई। पिछले महीने मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा 84 सदस्यीय कार्य समिति का पुनर्गठन किए जाने के बाद यह पहली बैठक है।

बैठक में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा और रणनीति बनाई जाएगी। इसमें भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का एकजुट होकर मुकाबला करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) के गठन के आलोक में 2024 के आम चुनावों की रणनीति पर भी चर्चा होगी। एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि पांच राज्यों में आगामी चुनाव, चुनावी तैयारियों और भारत गठबंधन पर चर्चा एजेंडे में होगी। कार्य समिति रविवार 17 सितंबर को सभी राज्य पार्टी प्रमुखों और कांग्रेस विधायक दलों के नेताओं के साथ एक विस्तारित सत्र में विचार-विमर्श जारी रखेगी। बैठक में कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत 140 से अधिक नेता शामिल होंगे। पार्टी 17 सितंबर की शाम को हैदराबाद के पास एक मेगा सार्वजनिक रैली भी करेगी। शीर्ष नेतृत्व द्वारा संबोधित की जाने वाली बैठक में तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए पांच गारंटी का खुलासा किया जाएगा। यह बैठक 17 सितंबर को हो रही है, जो पूर्ववर्ती हैदराबाद राज्य के भारतीय संघ में शामिल होने की वर्षगांठ का प्रतीक है। सार्वजनिक बैठक के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी सदस्यों, पीसीसी अध्यक्षों और विधायक दलों के नेताओं के काफिले को हरी झंडी दिखाएंगे, जो रात्रि प्रवास के लिए तेलंगाना के 119 विधानसभा क्षेत्रों में से एक-एक का दौरा करेंगे और 18 सितंबर को संबंधित पार्टी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उन्हें विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये। कांग्रेस के नेता बीआरएस सरकार के खिलाफ पांच गारंटी और आरोप पत्र घर-घर बांटने में भाग लेंगे।

FILMY हलचल

अपनी दुल्हन परिणीति को लाने के लिए नाव से बारात लाएंगे राघव चड्ढा!

आप के सांसद राघव चड्ढा दुल्हन परिणीति चोपड़ा को लाने के लिए उदयपुर में नाव से बारात लाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, बारात 24 सितंबर को निकलेगी। इससे पहले पिछोला झील के बीच स्थित होटल ताज में राघव की सेहरा बंदी का कार्यक्रम होगा। इसके बाद ताज होटल से दुल्हन परिणीति को लेने के लिए राघव के साथ बारात निकलेगी। बारात नाव में होगी और पास के होटल लीला पहुंचेगी। इसकी तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। बताया जा रहा है कि नावों की सजावट में मेवाड़ी परंपरा की झलक भी देखने को मिलेगी। लीला पैलेस होटल पिछोला झील के पास स्थित है। इसके सुइट से झील, ताज होटल, सिटी पैलेस आदि देखा जा सकता है। दूल्हा-दुल्हन के कमरों के अलावा होटल में मेहमानों के लिए बुक किए गए सुइट्स को भी खूबसूरती से डिजाइन किया गया है।

मीका सिंह ने नए गाने 'ना दस दे' में गैंगस्टर वाइब का किया इस्तेमाल

मीका सिंह, जो देसी पंजाबी पॉप के सबसे बड़े कलाकारों में से एक हैं, ने अपना लेटेस्ट ट्रैक 'ना दस दे' जारी किया, जिसमें उन्होंने रोमांस के साथ पूरी तरह से गैंगस्टर वाइब पेश किया है। गाने में बहुत ही ग्रूवी और आकर्षक लय हैं, जबकि वाइब और प्रोडक्शन के चयन के कारण यह गैंगस्टा-पॉप के एक वर्जन के बहुत करीब है। यह धुन अविश्वसनीय रूप से आकर्षक है। मीका सिंह की आवाज और अदायगी में जो स्वैग है, उससे श्रोताओं को एक मजबूत दृष्टिकोण और शक्ति का एहसास होता है, साथ ही वह एक बेहतरीन फुट टैपर भी है। म्यूजिक वीडियो में मीका सिंह एक पंजाबी डॉन के रूप में आते हैं, जो सूट, चश्मा पहनते हैं और निश्चित रूप से, वह अपने साथ ब्लैक ऑटोमैटिक पिस्टल रखते हैं।

फिल्म 'डंकी' को लेकर शाहरुख खान ने किया ऐलान

"**पठान**" और "जवान" की सफलता के बाद फैंस शाहरुख खान की "डंकी" मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया है और इसने लोगों की उत्सुकता बढ़ा दी है। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि फिल्म की डेट पोस्टपोन कर दी गई है। हालांकि, शाहरुख ने इस पर चुप्पी तोड़ी है और सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। "जवान" फिल्म सफलता के मौके पर हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। उस समय शाहरुख खान द्वारा

कई बातें कहीं गईं। मसलन, मैं दिखावा करने की कोशिश नहीं कर रहा हूँ। यह भगवान की कृपा है कि "पठान" ने इतनी बड़ी सफलता हासिल की है।

"डंकी" फिल्म क्रिसमस पर रिलीज हो रही है। शाहरुख खान ने कहा, "हमने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की शुरूआत की। यह एक अच्छा, शुभ दिन है। फिर हमने भगवान कृष्ण के जन्मदिन जन्माष्टमी पर फिल्म रिलीज की और अब हम क्रिसमस पर "डंकी" लाएंगे। मैं राष्ट्रीय एकता में विश्वास करता हूं। उन्होंने मजाक में कहा, "वैसे भी, जब मेरी फिल्म रिलीज होगी, उस दिन ईद होगी।" आपको बता दें कि "डंकी" डायरेक्टर राजकुमार हिरानी के साथ शाहरुख की पहली फिल्म है। इसमें तापसी पन्नू और विक्की कौशल भी हैं। फिल्म दिसंबर के आखिरी हफ्ते में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की स्कूलों को हर माह करनी होगी समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बच्चों की जीवनशैली में स्वास्थ्य का महत्व बताने के लिए केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के संचालन के लिए सरकारी स्कूलों को अब गंभीर होना होगा। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् (जेईपीसी) ने जिलों के डीसी व डीडीसी को पत्र लिखकर योजना की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना निदेशक ने पत्र में कहा है कि क्षेत्र भ्रमण में पाया गया कि कई स्कूलों में कार्यक्रम का संचालन सही से नहीं हो रहा। प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसके लिए मासिक समीक्षा की जाए। जिला स्तर पर डीसी व प्रखंड स्तर पर बीडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी को मॉनटिंग करना है।
मालूम हो कि कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों में हर मंगलवार व शनिवार को वेलनेस-डे मनाना है। इसमें बच्चों को विभिन्न विषयों पर गतिविधियां कराई जाती हैं। जेसीईआरटी और सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंच (सी थ्री) के सहयोग से वैसे स्कूल जहां, छठी से ऊपर की पढ़ाई होती है, वहां इसे संचालित किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक स्कूल के दो शिक्षकों को आरोग्य दूत के रूप में प्रशिक्षण दिया गया है। केंद्र ने 11 विषयों को वेलनेस-डे में शामिल किया है। इसमें झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा पांच और विषयों को शामिल किया गया है। मूल 11 विषयों में स्वस्थ बढ़ना, भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, अंतर्व्यक्ति संबंध, मूल्य-नागरिकता, लैंगिक समानता, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मादक पदार्थों के दुरुपयोग के रोकथाम, स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन, स्वास्थ्य एवं एचआईवी की रोकथाम, हिंसा एवं चोटों के खिलाफ सुरक्षा, इंटरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करना शामिल है।

श्री श्याम मंदिर में 79वें श्री श्याम भंडारे का किया गया आयोजन

बाबा श्याम की जय-जयकारों से गूंज रहा था मंदिर

नवीन मेल संवाददाता। रांची
शनिवार को श्री श्याम मंदिर में 79वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्री श्याम भक्तों की काफी भीड़ देखी गयी। श्रद्धालुओं ने श्री श्याम के भंडारे को लेने के लिए कतारबद्ध देखे गये। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान राजेश, बबीता चौधरी, अजय, रचना चौधरी, रूपेश, अनिता चौधरी ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। चौधरी परीवार ने खाटू नरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को चौधरी परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है। 79 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में वेजिटेबल पुलाव, केसरिया जलेबी, आलू, चना, परवल, लौकी की सब्जी का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे के वितरण के समय मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ लगी थी। खाटू नरेश की जय-जयकरों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच राजेश चौधरी परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 3000 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, राजेश चौधरी, बबीता चौधरी, अजय, रचना चौधरी, रूपेश, अनिता चौधरी, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, पवन केडिया, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, अमित सरावगी, वेद भूषण जैन, राहुल मारू, श्याम सुंदर जोशी, कौशल चौधरी, रौनक पोद्दार, संजय सराफ सहित 60 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

खाटू नरेश का विशेष दिव्य श्रृंगार : मंगलवार को खाटू नरेश का विशेष दिव्य श्रृंगार एवं मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। श्रृंगार दर्शन आरती प्रातः 8:30 बजे से भक्त कर पाएंगे।
मंगलवार को 68 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ
मंगलवार 19/09/2023 को सांय 4:30 बजे से 68 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का विशेष आयोजन किया गया है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

जेपी नड्डा ने प्रदेश भाजपा नेताओं से की मुलाकात



नवीन मेल संवाददाता। रांची
छत्तीसगढ़ के अपने एक दिवसीय प्रवास के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची लौटे। रांची लौटने पर उनका स्वागत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,सांसद सुनील सिंह, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू,सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह,कोचे मुंडा, नारायण दास, अपर्णा सेन गुप्ता, शशिभूषण मेहता, राम चंद्र चंद्रवंशी, भानू प्रताप शाही,नीरा यादव, बिरंची नारायण,रणधीर सिंह, जेपी पटेल, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल ने किया। नड्डा छत्तीसगढ़ प्रवास के बाद भाया रांची विमान से वापस लौट गए।

बेहतर बारिश अब होने से भी किसानों को नहीं मिलेगा कोई लाभ

परती छोड़ दें खेत : रामशंकर

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्य में इन दिनों हो रही अच्छी वर्षा को लेकर रांची के कृषि पदाधिकारी ने इसकी तुलना 'का वर्षा जब कृषि सूखने' वाले मुहावरे से की है। उन्होंने रांची और राज्य के वैसे अन्नदाता किसान जो अभी भी धान की रोपनी कर रहे हैं, उनके लिए जरूरी सलाह भी दी है।
कृषि पदाधिकारी ने क्या कहाः कृषि पदाधिकारी रामशंकर सिंह ने कहा कि राज्य के किसानों से आग्रह किया है कि वर्षा के बावजूद अब वह धान की रोपनी नहीं करें और खेत को 15 दिन या एक महीने के लिए परती छोड़ दें। रामशंकर सिंह ने कहा कि वैसे भी 15 अगस्त के बाद जैसे-जैसे धान की रोपनी में देरी होती है, वैसे-वैसे धान का उत्पादन कम होता जाता है। कृषि पदाधिकारी ने कहा कि अब अगर इस समय धान का बिचड़ा किसान रोपेंगे तो उसका विकास और उसमें फलन होने की संभावना नहीं के बराबर है। उन्होंने कहा कि धान की फसल को विकसित होने के लिए जिस तरह का क्लाइमेट चाहिए होता है, वह नहीं मिलेगा और फलन भी अच्छे से नहीं होगा। वैकल्पिक रबी की खेती की ओर दें ध्यानः कृषि पदाधिकारी ने कहा कि ऐसे में सुखाड़ की वजह परेशान किसान अब खेती में धान का मोह त्याग कर वैकल्पिक रबी की खेती पर ध्यान दें। उन्होंने वर्षा के बावजूद खेत को परती छोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस इलाके में वर्षा बेहद कम हुई है, वहां के किसानों को बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत जल्द ही चना, सरसों, मोटे अनाज के बीज निशुल्क बांटने का काम शुरू होगा।राज्य में क्या है खरीफ फसल की स्थितिः झारखंड में इस वर्ष 28 लाख 27 हजार 460 हेक्टेयर में खरीफ फसल लगाने का लक्ष्य था। जिसमें से अब तक 17 लाख 27 हजार 101 हेक्टेयर में आच्छादन हुआ है। राज्य की सबसे प्रमुख फसल धान की खेती का लक्ष्य 18 लाख हेक्टेयर की जगह सिर्फ 11 लाख 17 हजार 61 हेक्टेयर में रोपनी हुई है। राज्य के पलामू (10।33%), कोडरमा (12।61%), गढ़वा (29।18%), चतरा (16।35%), धनबाद (15।8%), जामताड़ा (30%), रांची (47%) धान की रोपनी ही हुई है। राज्य में सामान्य से 33% कम वर्षा हुई है। रांची मौसम विभाग के अनुसार 15 सितंबर तक राज्य में 920।8 मिलीमीटर की जगह 614 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड हुई है, जो सामान्य से 33% कम है। राज्य के चार जिले पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, साहिबगंज और सिमडेगा ऐसे चार जिले हैं, जहां सामान्य वर्षा हुई है। जबकि 20 जिलों में सामान्य से कम वर्षा रिकॉर्ड किया गया है। सबसे खराब स्थिति चतरा जिले की है।

विश्वकर्मा पूजा 17 को बन रहे चार शुभ संयोग

रांची। राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में विश्वकर्मा पूजा रविवार को मनाया जाएगा। भगवान विश्वकर्मा का जन्म भाद्रपद माह की कन्या संक्रांति को हुआ था और तब से हर साल कन्या संक्रांति के दिन विश्वकर्मा पूजा की जाती है। इस दिन भगवान विश्वकर्मा के साथ लोग अपने ऑफिस, कारखानों, दुकानों की मशीनों, औजारों और वाहनों की पूजा करते हैं। पंडित मनोज पांडेय ने शनिवार को बताया कि 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजा पर इस बार चार शुभ योग का निर्माण हो रहा है। पंचांग के अनुसार, इस साल विश्वकर्मा पूजा के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, द्विपुष्कर योग और ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है। वहीं दूसरी और कई कर- कारखाने में विश्वकर्मा पूजा को लेकर पंडाल का भी निर्माण किया गया है, वहां भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की भी स्थापना की जाएगी। विश्कर्मा पूजा को लेकर लोगों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

'प्रदेश भाजपा मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाएगी सेवा पखवाड़ा'

नवीन मेल संवाददाता। रांची
प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. प्रदीप वर्मा ने बताया कि प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2अक्टूबर को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को 11 बजे पूर्वाह्न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के करोड़ों कामगारों केलिए विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ करने जा रहे। इस अवसर पर रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन 10बजे पूर्वाह्न प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवम संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह करेंगे। सभी जिलों में भी चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 11 बजे पूर्वाह्न प्रदेश कार्यालय के सभागार में पार्टी के कार्यकर्ता ,पदाधिकारी विश्वकर्मा योजना शुभारंभ समारोह में ऑनलाइन जुड़कर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनेंगे। सभी जिलों के कार्यकर्ता भी अपने जिलों में इस कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ेंगे। वर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा योजना आत्मनिर्भर भारत को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक योजना होगी जिसमे लोहार, कुंभकार, स्वर्णकार, बुनकर, हस्तशिल्प, जैसे पारंपरिक पेशे से जुड़े कामगारों के हुनर को बढ़ावा देते हुए उन्हें विश्व बाजार से भारत सरकार जोड़ेगी। उन्हे आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा युवा मोर्चा के द्वारा विभिन्न जिलों में 17,18,19एवम 20 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। बताया कि अस्पतालों में मरीजों के बीच फलों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, अंगदान का संकल्प, डिजिटल रूप से छूटे हुए लोगों केलिए आयुष्मान कार्ड का निर्माण जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-

कांग्रेस का आईटी सेल चीन से ऑपरेट हो रहा है

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लिया है। उन्होंने शनिवार को ट्विटर के जरिये खासकर राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कांग्रेस पार्टी का आईटी सेल चीन से ऑपरेट हो रहा है। ये चौंकाने वाला खुलासा है। इसकी जांच होनी चाहिये। इसका लोकेशन सियाचुआन, चीन और डोमेन नाम कांग्रेस दिखा रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते बाबूलाल ने राहुल से कई सवाल भी पूछे हैं। इस वीडियो में दिख रहा है कि राहुल भारतीय जवानों के साथ बैठे हैं और कुछ बातें कह रहे हैं। बाबूलाल के मुताबिक कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी हर भारतीयों के लिए गर्व के प्रतीक हमारी सेना में फूट डालना चाहते हैं? आखिर वे किसके इशारे पर जवानों को ऑफिसर्स के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहे हैं? खासकर भाजपा इसे एक बड़ा मुद्दा बना सकती है। वैसे भी पार्टी चीन के साथ कांग्रेस और राहुल गांधी के रवैये को लेकर सवाल उठाती आयी है। चीन के स्तर से हाल के दिनों में जारी एक नक्शे में भारत के कुछ हिस्सों को भी शामिल दिखाया गया है, जिसे लेकर देश-दुनिया में गहमा-गहमी है।

बाबूलाल मरांडी ने विस्तारकों को बाइक देकर किया विदा

प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विस्तारकों को बाइक देकर विदा किया। मौके पर बाबूलाल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से प्रदेश भाजपा ने सांगठनिक कार्यों के लिए विधानसभा क्षेत्रों में समर्पित विस्तारक कार्यकर्ता लगाए हैं।इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, कार्यालय मंत्री हेमंत दास भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय चैंपियन बनकर लौटी झारखंड फुटबॉल टीम का जोरदार स्वागत

रांची। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के तत्वावधान में अमृतसर में खेले गए सब जूनियर राष्ट्रीय बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप में पश्चिम बंगाल को 7-1 से पराजित कर झारखंड टीम चैंपियन बनने के बाद शनिवार को रांची लौटी। रांची रेलवे स्टेशन में खेल विभाग द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद खेल निदेशालय में खेल निदेशक सुशांत गौरव ने सभी विजेता खिलाड़ियों को एक-एक फुटबॉल देकर एवं फूल का माला पहनकर एवं प्रशिक्षक एवं मैनेजर को बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। निदेशक ने कहा कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को और भी अच्छे से अच्छे प्रदर्शन करने के लिए जो भी सुविधा की आवश्यकता होगी, उसे खेल विभाग पूरा करेगा। इस मौके पर खेल उपनिदेशक राज किशोर खाखा, जिला खेल पदाधिकारी रांची शुवेंद्र सिंह समेत खेल विभाग के विकास पाठक, विशेष शाखा पदाधिकारी, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन सेक्रेटरी रब्बानी समेत जिला खेल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

एचईसी कर्मियों के वेतन मामले को लेकर राजद चलायेगा जन जागरण अभियान

रांची। रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कहा है कि अगर कर्मचारियों का वेतन एवं एचईसी को रिवाइवल पैकेज शीघ्र नहीं भुगतान किया गया तो एचईसी क्षेत्र में व्यापक जन जागरण अभियान चला कर स्थानीय सांसद के इस क्षेत्र के कार्यक्रम का विरोध किया जाएगा, क्योंकि सांसद ने पिछले दो वर्षों से कर्मचारियों को गुमराह किया है केंद्र सरकार द्वारा 48 सार्वजनिक संस्थाओं को बीमार उद्योग घोषित किया गया है इसमें एचईसी को भी डाला गया है और एक साजिश के तहत केंद्र सरकार इस कारखाने को बंद करना चाहती है केंद्र सरकार 800 एकड़ जमीन स्मार्ट सिटी को दे दिया अपने आवश्यकता के अनुसार लगातार एचईसी के जमीन को बेच रही है मगर एचईसी के चलने के लिए कार्यशील पूंजी के लिए जमीन बेचने से रोक लगा दिया है एचईसी की बैंक गारंटी को भी रोक दिया गया है कर्मचारियों का वेतन पिछले 18 महीना से रोक दिया गया हैजिससे कर्मचारी आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं।

कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।

(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

–: शुद्धि पत्र :–

इस कार्यालय के पत्रांक 1363/जि0प0, दिनांक 30.08.2023 द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीक निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–26/2023–24 (PR No. 306013 District (23-24)#D) से प्रकाशित है कार्य में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है–

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 20.09.2023 से 22.09.2023 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
2. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थानः जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समयः 23.09.2023 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
4. निविदा प्राप्ति का स्थान :जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा/जिला परिषद चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 23.09.2023 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराहन में
6. निविदा खोलने का स्थानः जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा/जिला परिषद, चतरा।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 307120 District (23-24)D

पृष्ठ एक के शेष

गुमला में चौकीदार हत्याकांड में शामिल...
पुलिस इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने थाना परिसर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस को मिली इस सफलता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमरा उरांव वर्ष 2007 में चैनपुर थाना के चौकीदार जोसेफिन कुजूर हत्याकांड में संलिप्त था। वर्ष 2007-08 में माओवादी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए चैनपुर डुमरी एवं कुरुमगढ़ इलाके में कई माओवादी वारदातों में शामिल था। सोमरा उरांव चैनपुर एवं डुमरी थाने में विस्फोटक पदार्थ रखने, आर्म्स एक्ट, सीएलए एक्ट जैसे सात मामलों में वांछित रहा है। इसके खिलाफ न्यायालय के द्वारा 7 स्थाई वारंट भी निर्गत है। पिछले 15-20 वर्षों से माओवादी संगठन को छोड़कर दिल्ली में रहता था। कुछ दिन पूर्व सोमरा उरांव अपना गांव रातू जामटोली आया हुआ था। इसकी गुप्त सूचना चैनपुर पुलिस को मिली थी। इसके बाद शनिवार को चैनपुर पुलिस ने एक टीम गठित कर छापामारी करते हुए तिगांवल मोड के पास से सोमरा उरांव को धर दबोचा। इधर चैनपुर पुलिस ने सोमरा उरांव को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

झारखंड आईएसआईएस मॉडलयूल केस-रतलाम से....
ऑफ इराक एंड सीरिया के लिए काम करने वाले फैजान से उमर लगातार संपर्क में था। फैजान की तरह उमर भी सोशल मीडिया के जरिए लगातार आतंकी गतिविधियों का संचालन कर रहा था।

कहां कहां पड़े थे छापे : एनआईए अधिकारियों के मुताबिक, बिहार के सिवान, उतर प्रदेश के जौनपुर, आजमगढ़, महाराजगंज, मध्यप्रदेश के रतलाम, पंजाब के लुधियाना, दक्षिणी गोवा, कर्नाटक के यदगीर और मुंबई में एनआईए ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान आईएसआईएस से जुड़े कई वीडियो भी एजेंसी को मिले हैं। झारखंड आईएसआईएस मॉड्यूल को लेकर एनआईए ने 19 जुलाई को एफआईआर दर्ज किया था। उसी दिन फैजान अंसारी की गिरफ्तारी हुई थी। एनआईए की जांच में यह बात सामने आयी है कि 19 वर्षीय फैजान अंसारी ने झारखंड मॉड्यूल के गठन में अहम भूमिका निभाई थी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए वह आईएसआईएस से लोगों को जोड़ रहा था साथ ही आतंकी संगठन की विचारधारा का प्रचार-प्रसार भी किया करता था। आईएसआईएस में युवाओं को जोड़कर उसकी योजना आतंकी वारदात को अंजाम देने की थी।

कैसे आईएसआईएस के संपर्क में आया फैजान : एनआईए ने जांच में पाया है कि फैजान बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स का छात्र था। वह एएमयू कैंपस के बाहर लॉज में रहा करता था। इसी दौरान वह आईएसआईएस ऑपरेटिव के संपर्क में आया। इसके बाद उसने आईएसआईएस से दूसरे युवाओं को जोड़ने की मंशा से एक क्लोज ग्रुप भी बनाया था। इस्लाम स्वीकारने वाले नव युवकों को भी वह आईएसआईएस कैडर बनाने में लगा था। संगठन के विदेशी हैंडलर के संपर्क में भी फैजान के होने की बात सामने आयी है। फैजान आईएसआईएस की विशेष की ट्रेनिंग के लिए विदेश जाने की भी तैयारी में था।

कमल भूषण के हत्यारे का आर्म्स लाइसेंस, रद्द पुलिस ने : क्षेत्र के देवी मंडप रोड से ठीक पहले बिल्डर कमल भूषण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कमल भूषण की हत्या की साजिश में उनका दामाद राहुल कुजुर भी शामिल था। मामले में पिछले साल कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की मदद से रांची पुलिस ने कमल हत्याकांड में शामिल चार अपराधियों राहुल कुजूर ,डब्लू कुजूर , ख्वाइश अदनान और मुनव्वर अफिक को गिरफ्तार किया था।जबकि छोटू कुजूर को पिछले महीने ही सुखदेवनगर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया था। कमल भूषण हत्याकांड का मुख्य आरोपी छोटू कुजूर एक साल से फरार चल रहा था। जेल से बाहर रहते हुए छोटू कुजूर के द्वारा कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या भी 2 माह पूर्व करवा दी गई थी।

सुतियाम्बेगढ़ ईद मेला का आयोजन 26 को

कांके। पिठोरिया के सुतियाम्बेगढ़ ईद मेला 26 सितंबर को लगेगा। इसके लिए मेला समिति के संरक्षक बाबूलाल महली की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 12 पड़हा, 22 पड़हा और झीका पड़हा के लोग शामिल हुए। मेला के आयोजन समिति का कार्यकाल पूरा होने पर इसका पुनर्गठन किया गया। इसके तहत लगातार तीसरी बार रंजीत टोप्पो को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष सोहराई टोप्पो, उपाध्यक्ष फ्रांसिस लिंडा, योगेन्द्र उरांव, तीर्थनाथ पाहन, मतियस उरांव, संदीप मुंडा, रमेश मुंडा, बलराम मुंडा, रजनीचंद्र पाहन, ग्रामप्रधान छोटन मुंडा, महासचिव प्रो भादी प्रकाश उरांव, सचिव सूरज मुंडा, बलेश्वर उरांव, सुरेश उरांव, अभिषेक मुंडा, रंजन पाहन, आनंद मुंडा, कोषाध्याक्ष रामू उरांव, उपकोषाध्यक्ष सोमा उरांव, संरक्षक पेपला पाहन, साधुलाल मुंडा, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, लाखो उरांव, बाबूलाल महली, शिव शंकर मुंडा, रतन पाहन चुने गए।

कार्यालय जिला परिषद, गुमला

अति अल्पाकालीन बन्दोबस्ती सूचना
हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बंदोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि की सैरात की बंदोबस्ती जिला परिषद् स्तर से की जाएगी।

अतः एतद द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है :–

क्र0	प्रखण्ड	हाट बाजार का नाम	डाक की तिथि	समय	डाक की न्यूनतम राशि (एक वर्ष के लिये)	अग्रधन की राशि (10%)
1	2	3	4	5	6	7
1	डुमरी	जैरागी हाट	30.09.2023	3.00 बजे अप0	100000 (एक लाख)	10000 (दस हजार)
2	कामडारा	रायकेरा हाट	30.09.2023	3.00 बजे अप0	200000 (दो लाख)	20000 (बीस हजार)
3	घाघरा	घाघरा बाजार	30.09.2023	3.00 बजे अप0	250000 (दो लाख पचास हजार)	25000 (पचीस हजार)
4	विशुनपुर	विशुनपुर हाट	30.09.2023	3.00 बजे अप0	100000 (एक लाख)	10000 (दस हजार मात्र)

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु गुमला जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 29.09.2023 तक **कॉलम संख्या– 7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, जिला परिषद्, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं निविदा प्रकाशन की तिथि के उपरान्त् का गुमला में भुगतेय होगा आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।**

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– www.gumla.nic.in/ जिला परिषद् के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला।

PR 307134Rural Development(23-24)#D

मिताली राज, हरलीन देओल, गुजरात के दिग्गजों ने अहमदाबाद में मचाया धमाल

एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात जायंट्स की मेंटर मिताली राज इस समय अहमदाबाद में है और टीम, जो महिला प्रीमियर लीग का हिस्सा है, ने टीम के मालिकों अदानी स्पोर्ट्सलाइन और प्रणव अदानी से मुलाकात की।

उपस्थित खिलाड़ियों में हरलीन देयोल, सुषमा वर्मा, शबनम शकील, हर्ले गाला, स्नेह राणा, पारुनिका सिसौदिया, मानसी जोशी, मेघना सब्बिनेनी, तनुजा कंवर, अश्वनी कुमारी और मोनिका पटेल शामिल थीं। उनके साथ गुजरात जायंट्स की मेंटर और सलाहकार मिताली राज और सहायक कोच नूशिन अल खादीर भी मौजूद थीं।

मिताली राज ने ट्वीट किया, प्रणव अडानी सर के साथ प्रतिभाशाली गुजरात जायंट्स और टीम अडानी स्पोर्ट्सलाइन से मुलाकात एक यादगार दिन। महिला क्रिकेट के लिए उनका समर्थन और दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है। समर्पण और जीत से भरे सीजन का इंतजार कर रही हूँ। #गरजेगागुजरात।

प्रणव अदानी ने ट्वीट किया, आज हमारी विविध और प्रतिभाशाली @गुजरातजायंट्स टीम के साथ क्रिकेट की अविश्वसनीय शक्ति देखी! पूरे भारत के खिलाड़ियों को अगले सीजन के लिए तैयार होते हुए एकजुट होते देख गर्व महसूस हो रहा है। महिला क्रिकेट को बुलंदियां मिलना तय है!

अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है और टूर्नामेंट के आगामी सीजन में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

वर्तमान में, डब्लूपीएल में पांच टीमें शामिल हैं जिनमें चैंपियन मुंबई इंडियंस, गुजरात जायंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, यूपी वारियर्स और दिल्ली कैपिटल्स शामिल हैं। महिला प्रीमियर लीग का उद्घाटन संस्करण पूरी तरह से मुंबई में खेला गया था, जिसमें क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में डीवाई पाटिल स्टेडियम और ब्रेबॉर्न स्टेडियम के बीच मैच वितरित किए गए थे। डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन की तारीखों और स्थानों को हालांकि बीसीसीआई द्वारा अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

पिछले सीजन में, टीम की मुख्य कोच ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रैचेल हेन्स हैं, हरलीन देयोल टूर्नामेंट के शुरूआती सीजन में उनके सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शनकर्ताओं में से एक थीं, जिन्होंने 8 मैचों में 202 रन बनाए थे। इसके अलावा, दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट और एश्ले गार्डनर ने दो-दो अर्द्धशतक बनाए, जबकि इंग्लैंड की सोफिया डंकले ने टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्धशतक बनाया, जो 18 गेंदों पर ऐतिहासिक उपलब्धि तक पहुंची।

NEWS इन ब्रीफ

रांची में 30 सितंबर से चंपा देवी टेबल टेनिस प्रतियोगिता

रांची। स्व. चंपा देवी झारखंड (तीसरा) स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 का आयोजन रांची में होगा। जेके इंटरनेशनल स्कूल, अगरु (रांची) में इसका आयोजन 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक होगा। रांची जिले के टेबल टेनिस प्लेयर्स इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 23 सितंबर की शाम पांच बजे तक इच्छुक प्लेयर्स रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रांची जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन (आरडीटीटीए) के सचिव सुदिप्त मुखर्जी के पास इसके लिए संपर्क (फोन नं- 9431584636) किया जा सकता है। ई-मेल rdtta2000@gmail.com के जरिये भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इस चैंपियनशिप में अलग-अलग आयु वर्ग के इवेंट्स होंगे। इनमें लड़के, लड़कियों (सिंगल) के अंडर-11, 13, 15, 17 और 19 के इवेंट्स शामिल हैं।विस्तृत जानकारी के लिए आरडीटीटीए से संपर्क करना होगा।

टिम साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी टूटी, विश्व कप में खेलने पर संदेह

लंदन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी की विश्व कप में भागीदारी संदेह के घेरे में है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय उनके दाहिने अंगूठे की हड्डी टूट गई है। एनजेडसी ने एक बयान में कहा, एक्स-रे से पुष्टि हुई है कि पहली पारी के 14वें ओवर में कैच लेने का प्रयास करते समय टिम साउदी के दाहिने अंगूठे की हड्डी खिसक गई है और फ्रैक्चर हो गई। उनके ठीक होने की समयसीमा उनके आगे के मूल्यांकन के बाद की जाएगी। एनजेडसी ने कहा कि बल्लेबाज फिन एलन, जिन्हें स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक के रूप में पिच पर चोट लगी थी, अब फिट हैं।

ट्रैविस हेड के बाएं हाथ में फ्रैक्चर, विश्व कप में खेलने पर संशय

सेंचुरियन। ऑस्ट्रेलिया इस बात को लेकर चिंतित है कि बाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड अपने बाएं हाथ में फ्रैक्चर के बाद आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खेलने के लिए समय पर फिट हो पाएंगे या नहीं। शुक्रवार को सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे एकदिवसीय मैच के दौरान तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी की गेंद को खींचने की कोशिश में हेड को चोटिल होकर रिटायर हर्ट होना पड़ा और मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने खेल खत्म होने के बाद फ्रैक्चर की पुष्टि की, यह मैच ऑस्ट्रेलिया 164 रनों से हार गया था। आईसीसी मैकडॉनल्ड्स के हवाले से कहा, यह एक निश्चित फ्रैक्चर है। इसके लिए किस प्रकार की समय-सीमा दी गई है, इसका आकलन कल किया जाएगा। मुझे लगता है कि इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए वह कल और अधिक स्कैन के लिए जाएंगे, फिर हम आगे इस पर कुछ कह सकेंगे।

सांतोस ने मैनेजर डिएगो एगुइरे को बर्खास्त किया

रियो डी जेनेरो। ब्राजीलियाई सीरी ए क्लब सांतोस ने कहा है कि डिएगो एगुइरे को छह सप्ताह से भी कम समय के बाद मैनेजर पद से बर्खास्त कर दिया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह घोषणा सांतोस की गुरुवार को क्रूजेरो से घरेलू मैदान पर 3-0 से हार के बाद हुई, जिसके परिणामस्वरूप आठ बार के सीरी ए चैंपियन को 23 मैचों में से केवल पांच जीत के साथ रेलीगेशन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। सांतोस ने एक बयान में कहा कि फिटनेस कोच फर्नांडो पिनाटारेस और इग्नासियो पिनाटारेस के साथ सहायक प्रबंधक जुआन वेरजेरी और जुआन एंड्रेस इरोला भी चले गए हैं। एगुइरे ने सांतोस डगआउट में अपने पांच मैचों में एक जीत और चार हार दिलाई। 58 वर्षीय उरुग्वेवासी ओडायर हेलमैन और पाउलो तुर्रा के साथ इस साल सांतोस द्वारा बर्खास्त किए जाने वाले तीसरे मैनेजर हैं।

भारतीय टीम को मजबूती से गेंदबाजी करनी होगी : रैना

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के पूर्व क्रिकेटर और 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सुरेश रैना का मानना है कि मौजूदा टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी आगामी वनडे सीरीज में एक बहुत मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप की जरूरत है ताकि उन्हें अगले महीने के शोपीस इवेंट विश्व कप में किसी भी टोटल का बचाव करने का आत्मविश्वास मिल सके।

एकदिवसीय विश्व कप से पहले, भारत और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः 22, 24 और 27 सितंबर को मोहाली, इंदौर और राजकोट में तीन मैचों की 50 ओवरों की श्रृंखला खेलेंगे। रैना ने जियोसिनेमा पर कहा, इंदौर का मैदान बहुत छोटा है और राजकोट का ट्रैक समतल है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मोहाली में काफी खेला है और इसलिए मेरा मानना है कि उनका पलड़ा भारी रहेगा। इन छोटे मैदानों में, 340-350 के स्कोर का भी पीछा किया जा सकता है और भारतीय टीम को विश्व कप में किसी भी तरह के स्कोर का बचाव करने के लिए एक बहुत मजबूत गेंदबाजी लाइनअप की आवश्यकता होगी।

रैना को यह भी लगता है कि शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी गेंद के साथ अहम भूमिका निभाते हैं, साथ ही रवींद्र जडेजा भी, खासकर तब जब ऑस्ट्रेलिया के पास कई बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। हां, उनके पास बल्लेबाजी क्रम में बहुत सारे बाएं-दाएं संयोजन हैं। मेरे लिए शार्दुल ठाकुर एक्स-फैक्टर होंगे। निश्चित रूप से, मोहम्मद शमी।

मैं शमी को चुनूंगा क्योंकि उसके पास अपनी गेंदों को स्विंग कराने और यॉर्कर फेंकने का कौशल है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में बहुत सारे बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या रवींद्र जड़ेजा विकेट लेने में कामयाब होते हैं।" सीरीज के लिए अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बारे में पूछे जाने पर रैना ने कहा, 'रोहित शर्मा सीरीज के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाएंगे। विकेटों के मामले में जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज होंगे। भारत के लिए, यह या तो मोहम्मद शमी या कुलदीप यादव होंगे।

बायें हाथ के पूर्व बल्लेबाज रैना, जिन्होंने उपयोगी ऑफ-स्पिन से गेंदबाजी की है, को लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण होगी ताकि श्रृंखला के दौरान टीम को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकाला जा सके। परिणाम से अधिक, चाहे वह 3-0 से जीत हो या 3-0 से हार, मुझे लगता है कि टीम के लिए जितना संभव हो उतने परीक्षणों से गुजरना अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि एकमात्र चीज जो मायने रखती है वह विश्व कप है। इसके अलावा, यह भी मायने रखता है कि आप किन खिलाड़ियों पर विश्वास करते हैं क्योंकि विश्व कप के दौरान ऐसी परिस्थितियां आएंगी जहां आपको उसी के अनुसार योजना बनानी होगी।"

शार्दुल को अब उसी तरह गेंदबाजी करने की जरूरत है जैसे जहीर खान ने 2011 विश्व कप में अपनी नकलबॉल से की थी या युवराज सिंह ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जीता था और धोनी ने फाइनल में जाकर कैसे बल्लेबाजी की थी। हर खिलाड़ी का एक अलग चरित्र होता है। मैं चाहता हूं कि अगर कोई कठिन परिस्थिति आती है और कप्तान को चुनना होता है, तो मैं चाहता हूं कि सभी 11 खिलाड़ी अपना हाथ उठाएं और कहें, 'मुझे देश के लिए काम करने दीजिए।"

रोहित शर्मा किसी दबाव में नहीं आते, बोले एबी डिविलियर्स

मैं उनका काफी सम्मान करता हूं

एजेंसी। चेन्नई

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स ने रोहित शर्मा के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए कहा है कि भारतीय कप्तान एक ह्ययोद्धा' की तरह है और ह्यकभी किसी तरह से पीछे नहीं हटते'। रोहित श्रीलंका में एशिया कप में भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। वह फिलहाल टूनामेंट के सर्वोच्च स्कोरर हैं। उन्होंने शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले चार पारियों में 64.66 के प्रभावशाली औसत और 108.98 के स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए हैं। इसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर बताया कि कैसे रोहित ने वनडे में धीमी शुरूआत की लेकिन इस प्रारूप में सबसे तेज 10,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा कि रोहित ने जब 2000 रन पूरे किए थे तब वह इस मुकाम पर पहुंचने वाले चौथे सबसे धीमे खिलाड़ी थे। उन्होंने हालांकि जब 10,000 रनों का आंकड़ा छुआ तब वह इस कारनामे को करने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इस प्रारूप में जबरदस्त वापसी की। मेरे मन में उनके लिए काफी सम्मान है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि जब मैंने उन्हें पहली बार खेलते देखा था तभी मुझे पता चल गया था कि उनमें कुछ खास है। कम उम्र से ही उसमें संघर्ष करने का जज्बा है और यह बात मुझे काफी अच्छी लगी।

अगर मैं थोड़ी सामान्य बल्लेबाजी करता तो हम जीत जाते : शुभमन गिल

कोलंबो। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने अपना पांचवां एकदिवसीय शतक व्यर्थ जाने के बाद स्वीकार किया कि उन्हें टीम को संभालना चाहिए था। अगर उन्होंने सामान्य रूप से बल्लेबाजी की होती तो 266 रनों का पीछा किया जा सकता था। शुक्रवार को एशिया कप के रोमांचक सुपर फोर मैच में बांग्लादेश ने भारत को छह रनों से हरा दिया। आर प्रेमदासा स्टेडियम की कठिन पिच पर, जहां उनकी टीम के बहुत कम साथी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन कर पाए, गिल ने बांग्लादेश के चार सदस्यीय स्पिन आक्रमण के खिलाफ 133 गेंदों में 121 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपने पैरों और क्रीज का अच्छा इस्तेमाल किया और आठ चौके और पांच छक्के लगाते हुए स्ट्राइक-रोटेशन पर भी भरोसा किया। लेकिन गिल का, मेहदी हसन की धीमी और ऑफ स्टंप से बाहर की डिलीवरी पर लॉन्ग ऑफ पर कैच आउट होना, मैच में निर्णायक मोड़ बन गया और अक्षर पटेल की 42 रन की शानदार पारी के बावजूद, भारत 259 रन पर आउट हो गया।

क्रोएशिया से वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप की मेजबानी छिनी

नये स्थान की जल्द होगी घोषणा

एजेंसी। लुसाने

विश्व एथलेटिक्स ने तैयारियों की कमी के कारण क्रोएशिया से विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2024 के मेजबानी अधिकार को वापस लेने का फैसला किया है। अगले साल फरवरी में होने वाले प्रतियोगिता के लिए जल्द ही नए मेजबान की घोषणा की जाएगी। ट्रैक और फील्ड की विश्व शासी निकाय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया, विश्व एथलेटिक्स को यह घोषणा करते हुए खेद है कि विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2024 अब क्रोएशिया के मेडुलिन और पुला में आयोजित नहीं की जाएगी। विश्व एथलेटिक्स का मानना है कि अगले साल 10 फरवरी को कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए मेडुलिन और पुला के लिए तैयारी पर्याप्त रूप से आगे नहीं बढ़ी है, जैसा कि निर्धारित है। हालाँकि, विश्व एथलेटिक्स मार्च 2024 में इस आयोजन को आयोजित करने की दृष्टि से यूरोप में एक वैकल्पिक मेजबान के साथ बातचीत कर रहा है। नए मेजबान की घोषणा सितंबर के अंत से पहले की जाएगी। संगठन ने कहा, विश्व एथलेटिक्स भविष्य की घटनाओं पर क्रोएशिया के साथ काम करने के लिए उत्सुक है।

मोटोजीपी 2023: ग्रां प्री ऑफ इंडिया के लिए सेफ्टी कार और बाइक पहुंचीं

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा (यूपी)

देश की पहली मोटोजीपी रेस के लिए अब लगभग एक सप्ताह ही बचा है, ऐसे में सुरक्षा कार और बाइक, जिन्हें जरूरत पड़ने पर भारत के ग्रां प्री के दौरान तैनात किया जा सकता है, शनिवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में पहुंचीं। देश में आयोजित होने वाली सबसे बड़ी मोटरसाइकिल रेस द ग्रां प्री ऑफ इंडिया 22 से 24 सितंबर तक आयोजित होने वाली है।



आयोजकों ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा कार और बाइक हवाई माल ढुलाई के माध्यम से नई दिल्ली में उतरे और दिन के शुरूआती घंटों में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचाए गए।

दौड़ के दौरान बीएमडब्ल्यू एम5सीएस सहित कुल तीन सुरक्षा कारें कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगी। ओपनिंग लैप पर किसी घटना की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए इसकी उपस्थिति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, जरूरत पड़ने पर ट्रैक की स्थिति का आकलन करने के लिए सुरक्षा कार भेजी जाती है।

बाकी सुरक्षा कारें - बीएमडब्ल्यू एम2 (जी87), और बीएमडब्ल्यू एम3 टूरिंग - रविवार को कार्यक्रम स्थल पर उतरेंगी।

सुरक्षा बाइक - बीएमडब्ल्यू एम 1000 आरआर - का उपयोग रेस सप्ताहांत के दौरान बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में भी किया जाएगा।

दौड़ की शुरूआत में सुरक्षा कार को ग्रिड के पीछे स्थित किया जाता है। दौड़ के पहले पड़ाव के दौरान, यह पिट लेन में पीछे हटने से पहले सवारों को पीछे छोड़ देता है।

डोर्ना स्पोर्ट्स के सहयोग से फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित, इंडियन ऑयल ग्रां प्री ऑफ इंडिया एक रोमांचक तमाशा होने का वादा करता है, जिसमें 41 टीमें और 82 राइडर्स मोटोजीपी, मोटो2 और मोटो3 श्रेणियों में भाग लेंगे, जिसमें फ्रांसेस्को बगनिया, मार्क मार्केज, मार्को, बेजेची, ब्रैड बाइंडर, जैक मिलर और जॉर्ज मार्टिन जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल होंगे।

मोइन अली के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 350 विकेट पूरे

इंगलैंड ने 3-1 से जीता वनडे सीरीज

एजेंसी। लंदन

इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोइन अली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में 350 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने की उपलब्धि हासिल की। अली ने मैच में 4 विकेट लेकर अपना 350 विकेट का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया और इंग्लैंड को शुक्रवार को लॉर्ड्स में चौथे वनडे मैच में न्यूजीलैंड को 100 रनों से हराने और चार मैचों की श्रृंखला 3-1 से जीतने में मदद की।

अली ने अब तक 278 मैचों में हिस्सा लिया है और 39.27 की औसत और 4.33 की इकोनॉमी के साथ 353 विकेट लिए हैं। उनका एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 6/53 और एक टेस्ट मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी स्पैल 10/112 है। अली ने 68 टेस्ट मैचों में 37.31 की औसत और 3.62 की इकोनॉमी से 204 विकेट लिए हैं। 132 वनडे मैच खेलकर उन्होंने 47.76 और 5.29 की औसत से 106 विकेट लिए हैं। टी20क में उनके नाम 43 विकेट हैं।

मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी चुनी। जॉनी बेयरस्टो के जल्दी आउट होने के बाद मलान और जो रूट (29) के बीच 79 रनों की साझेदारी हुई। मलान ने अपना पांचवां शतक जमाया। कप्तान जोस बटलर (36) और लियाम लिविंगस्टोन (28) ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

मीडिया कप फुटबॉल | शंख-दामोदर के बीच खिताबी मुकाबला आज

शंख ने मयूराक्षी व दामोदर ने अजय को हराया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लीग मैच में शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए टीम शंख ने सेमीफाइनल मुकाबले में टीम मयूराक्षी को 2-0 से हराकर मीडिया कप फुटबॉल 2023 के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला टीम दामोदर से होगा। दामोदर ने दूसरे सेमीफाइनल में टीम अजय को 2-1 से हराकर खिताबी मुकाबले के लिए जगह सुरक्षित किया। मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शनिवार को खेले गए पहले मुकाबले में रिजवान आरिफ के गोल की बदौलत मैच के 18वें मिनट में शंख ने बढ़त बनाई। मध्यांतर तक यही स्कोर बरकरार रहा। मध्यांतर के बाद जिलानी ने 34वें मिनट में गोल दाग कर शंख को 2-0 से आगे कर दिया। अंततः मैच इसी स्कोर पर खत्म हुआ।

प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार मैच में शानदार ओवरऑल प्रदर्शन करनेवाले नूतन तिर्की को दिया गया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में टीम दामोदर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम अजय को 2-1 से पराजित किया। मैच के 6ठे मिनट में मोनू ने शानदार मैदानी गोल दाग टीम दामोदर को बढ़त दिलाई। 32वें मिनट में संदीप ने मोनू के पास पर एक और गोल दाग टीम को 2-0 से आगे कर दिया।

मैच के आखिरी दस मिनटों ने टीम अजय ने काफी आक्रामक खेल दिखाया और 39वें मिनट में जीतेन्द्र के गोल की बदौलत मैच में वापसी की संभावना जगाई लेकिन प्लेयर ऑफ द मैच शानू के शानदार रक्षण की बदौलत ये संभव नहीं हो पाया। अंततः टीम दामोदर ने 2-1 से मैच जीत फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला रविवार को शाम 7.30 बजे से दुधिया रौशनी में खेला जाएगा।